हरिभूमि
रायपुर भूमि

■ पुराना पेंशन बाड़ा में सालों से निवासरत कर्मचारियों के निगम से भेजे गए डिमांड बिल देख उड़े होश

200 सरकारी आवास का बरसों से बकाया है संपत्ति कर कर्मचारियों को चक्रवृद्धि ब्याज सहित भेजा डिमांड बिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के पुराना पेंशनबाड़ा में सालों से शासन द्वारा आबंटित स्वतंत्र एवं फ्लैट्स में रहने वाले शासकीय कर्मचारियों को नगर निगम से डिमांड बिल के रूप में नोटिस भेजा गया है। इस नोटिस के जरिए किसी को 50 हजार रुपए, तो किसी को 70 हजार रुपए से लेकर दो लाख रुपए से अधिक का डिमांड बिल भेजा गया है। इस तरह निगम से मिले इस नोटिस के बाद सभी कर्मचारियों के होश उड़ गए हैं, क्योंकि इस डिमांड बिल में संपत्ति कर और सरचार्ज भी जोड़ दिया गया है। इधर जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव का कहना है कि संपत्ति कर भूलवश जोड़ा गया है, जिसे आवेदन करने पर सुधार लिए जाएंगे, लेकिन सरचार्ज हर किसी के लिए ▶▶|शेष पेज 11 पर

निगम की लापरवाही

कई वर्षों तक डिमांड बिल नहीं भेजना निगम की लापरवाही है। संपत्ति कर और चक्रवृद्धि ब्याज लगाना गलत है। इस संबंध में अधिकारियों से बातचीत कर कर्मचारियों को राहत पहुंचाने का पूरा प्रयास करूंगी।
- **मीनल चौबे,** महापौर, नगर निगम रायपुर

केस 1

2 लाख 27 हजार का डिमांड बिल

मोहम्मद इसराइल खान राजभवन में पदस्थ हैं, जो पिछले करीब 25 वर्षों से पेंशनबाड़ा शासकीय स्वतंत्र आवास में परिवार सहित निवासरत हैं। आगामी कुछ वर्षों में वह रिटायर भी होने वाले हैं। उनका कहना है कि जब से उन्हें शासकीय आवास आबंटित हुआ है, तब से निगम ने एक भी डिमांड बिल भेजा नहीं है। अब इतने वर्षों का डिमांड बिल चक्रवृद्धि ब्याज लगाकर भेजा है। डिमांड बिल 227799 रुपए का है, जिसमें सरचार्ज 152959 एवं पिछला बकाया 71880 जोड़ा गया है। इसमें संपत्ति कर नहीं जुड़ा है।

केस 2

सुखीकुमार धृतलहरे को पिछले 9 साल का 68900 रुपए का डिमांड बिल भेजा गया है। इसमें संपत्ति कर 1256 एवं पिछला बिकाया 36744 रुपए एवं सरचार्ज 27038 रुपए जोड़ा गया है।

केस 3

कर्मचारी ललिता नेताम को भी पिछले 9 वर्ष का 68581 रुपए का डिमांड बिल भेजा गया है। इसमें संपत्ति कर 1238 रुपए एवं पिछड़ा बकाया 36576 रुपए तथा सरचार्ज 26909 रुपए लगाया गया है।

महापौर से लगाई गुहार: चक्रवृद्धि ब्याज सहित डिमांड बिल भेजे जाने से परेशान कर्मचारियों ने सोमवार को महापौर मीनल चौबे से निगम मुख्यालय स्थित उनके चैंबर में मुलाकात कर इस संबंध में शिकायत की है। कर्मचारियों की बातें सुनने के बाद महापौर ने भी माना है कि यह निगम की लापरवाही है। उन्होंने सभी कर्मचारियों को आश्वस्त किया है कि इस मामले में वे निगम अधिकारियों से बातचीत कर समाधान निकालेंगी।

खबर संक्षेप

कॉल रिसीव नहीं करने पर पत्नी के साथ मारपीट

रायपुर। गंज थाने में एक महिला ने अपने पति के खिलाफ कॉल रिसीव नहीं करने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। चूनाभट्ठी निवासी धनवंतीन सेन ने विजय सेन के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत की है। धनवंतीन ने पुलिस को बताया कि वह ई-रिक्शा चलाने का काम करती है। रिक्शा चलाते समय उसके पति ने उसके पास कॉल किया, जिसे वह रिसीव नहीं कर पाई। इस बात से नाराज होकर विजय ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट की।

एक्टिवा मुड़ी, धूल उड़ी विवाद पर युवक को पीटा

रायपुर। गंज थाने में एक युवक ने दूसरे युवक तथा उसके साथी के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। पेशे से फल कारोबारी सागर सोनकर ने अभिषेक सोना तथा उसके एक अन्य साथी के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। सागर ने पुलिस को बताया कि वह गंज स्थित शराब दुकान में शराब खरीदने गया था। वापस जाने एक्टिवा मोड़ने के दौरान धूल उड़ी, इस बात को लेकर अभिषेक तथा उसके साथी ने सागर के साथ विवाद करते हुए मारपीट की।

विवाद पर बीचबचाव करने गया तो बोतल से फोड़ा सिर

रायपुर। कबीर नगर थाने में एक व्यक्ति ने चार लड़कों के खिलाफ होली खेलने के विवाद पर मारपीट करने, बीयर तथा शराब की बोतल से सिर फोड़ने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मृत्युंजय चौबे ने शुभम सिंह, गौरव सिंह, करण सिंह श्रीवास्तव, गोपाल सिंह उर्फ भोलू के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। मृत्युंजय ने बताया कि रंग खेलने के दौरान शुभम तथा उसके साथियों ने जीवनदीप के साथ विवाद करते हुए उसके साथ मारपीट की। इस बीच मृत्युंजय बीचबचाव करने गया तो बदमाशों ने शराब तथा बीयर की बोतल से मृत्युंजय का सिर फोड़ दिया।

मजदूरी का मेहनताना मांगने पर किशोर से मारपीट

रायपुर। टिकरापारा थाने में एक नाबालिग ने एक व्यक्ति तथा उसके बेटे के खिलाफ मजदूरी के पैसे मांगने पर उसके साथ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मठपारा निवासी 16 वर्षीय किशोर ने काली महराज तथा उसके बेटे के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। नाबालिग ने पुलिस को बताया कि वह काली महराज से अपनी मजदूरी के पैसे मांगने गया था।

पुलिस की जांच पर भी अंगुली उठ रही, सबकुछ पर्दे के पीछे चल रहा

हवाला का बड़ा नेटवर्क, वाट्सग्रुप में मिले थोक में नंबर, पर पुलिस कारोबारी तक ही नहीं पहुंच सकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

टाटीबंध इलाके में कार से साढ़े चार करोड़ रुपए की बरामदगी मामले में पुलिस अभी तक उस सराफा कारोबारी का पता नहीं लगा सकी, जिसने हवाला से रकम की अफरातफरी की। वैसे, पुलिस की जांच भी संदेह के दायरे में है। पता चला है कि पुलिस ने जिन ड्राइवरों के कब्जे से रकम के साथ मोबाइल जब्त किया है, उसमें हवाला नेटवर्क से जुड़े लोगों के वाट्सएप ग्रुप के साथ कई मोबाइल नंबर मिले हैं। इससे साबित होता है, राजधानी के रास्ते बड़े पैमाने पर हवाला कारोबारी हवाला की रकम एक जगह से दूसरी जगह ट्रांसफर करने का काम कर रहे हैं।

इस पूरे मामले में पुलिस अब आईटी अफसरों द्वारा जांच किए जाने की बात कह कर अपने आपको बचाने की कोशिश में जुटी हुई है। पुलिस की भूमिका संदेह के दायरे में आने की बड़ी वजह यह भी है कि पहले दिन ▶▶|शेष पेज 11 पर

जांच से पता चल जाएगा कितनी गाड़ियों की जांच

टाटीबंध में पुलिस ने घेराबंदी कर नोटों से भरी कार जब्त की थी। इस पर पुलिस ने दावा किया था कि मुखबिर की सूचना पर टाटीबंद में वाहनों की जांच के दौरान हवाला की रकम जब्त की है। पुलिस को मुखबिर के माध्यम से कार के नंबर सहित गाड़ी के मॉडल के बारे में जानकारी मिल गई थी। ऐसे में पुलिस ने पिछले सप्ताह वाहनों की जांच करने नहीं, हवाला के माध्यम से ले जाई जा रही कार को पकड़ने टाटीबंद पहुंची थी। इसकी पुष्टि घटना दिनांक को आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच करने से हो जाएगी।

पैसों के स्रोत को लेकर आयकर अफसर ड्राइवरों से कर रहे पूछताछ
एक करोड़ 67 लाख के स्रोत को लेकर पुलिस के साथ आईटी की टीम उलझी

अफसर बोलने से बच रहे : हवाला को लेकर पुलिस ने क्या कार्रवाई की, इस संबंध में हरिभूमि की टीम ने अलग-अलग पुलिस अफसरों से सवाल किया, तो अफसर इस मामले में कुछ भी बोलने से बचते नजर आए। अफसरों का कहना है कि हवाला को लेकर आयकर विभाग कार्रवाई करता है। अवैध तरीके से पैसों का एक जगह से दूसरे जगह ले जाने पर पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई को लेकर अफसरों से सवाल पूछे गए, तो अफसरों ने इस संबंध में कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया।

मोबाइल में लोकेशन से लेकर सारी जानकारी

हवाला की रकम ले जाने नागपुर से विशेष तौर पर इंडिया सिरीज की कार रायपुर रेलवे स्टेशन पहुंची थी। कार ड्राइवरों को रायपुर की किस जगह से कार उठानी है, उसकी लोकेशन के साथ कार को नागपुर में किस लोकेशन में छोड़ना है, उस लोकेशन का गूगल मैप भेजा गया था। ड्राइवरों ने पुलिस को कार उपलब्ध कराने वाले के साथ ही कार मालिक तक का नाम बता दिया है। बावजूद इसके एक सप्ताह बाद भी पुलिस ने हवाला रैकेट से जुड़े किसी को भी पूछताछ करने नोटिस जारी नहीं किया है। पुलिस को जानकारी मिली है, उसके मुताबिक जिस कार से रकम जब्ती की गई है, उस कार से पूर्व में भी हवाला की रकम एक जगह से दूसरी जगह ले जाई जा चुकी है।

नमीयुक्त हवा से रात में भी गर्म हुआ पारा, उमस के साथ बढ़ी बेचैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमीयुक्त हवा के असर से दिन के साथ रात में भी पारा गर्म हो गया है। सामान्य से अधिक तापमान होने की वजह से उमस के साथ बेचैनी बढ़ने लगी है। सोमवार को रायपुर, बिलासपुर, सारंगढ़ में गर्मी का प्रकोप रहा। 39.6 डिग्री के साथ राजधानी गर्मी के मामले में टॉप पर रही। दो दिन इसी तरह की स्थिति रहने के बाद मध्य और उत्तरी इलाके में हल्की वर्षा अथवा बूंदाबांदी का दौर शुरू होने का अनुमान है।

हरियाणा और उससे लगे उत्तर प्रदेश के ऊपर से बने पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश में बंगाल की खाड़ी वाली नमीयुक्त हवा का प्रवेश हो रहा है। इसकी वजह से रात का तापमान सामान्य से काफी अधिक हो चुका है और उमसभरी गर्मी ने लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया है। बीते चौबीस घंटे में राजधानी का तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 5 डिग्री अधिक रहा। इसके प्रभाव से रात में भी काफी गर्मी महसूस हुई। सुबह होते ही पारा चढ़ा और दोपहर होते ही गर्मी ▶▶|शेष पेज 11 पर

प्रमुख शहरों का तापमान

रायपुर	39.6
माना	38.4
बिलासपुर	38.3
पेंड्रा	35.3
अंबिकापुर	35.1
जगदलपुर	38.6
दुर्ग	38.5
राजनांदगांव	39.0

■ दिन में जारी रहा गर्मी का प्रकोप, रायपुर 39.6 के साथ टॉप पर

आवेदनों पर एकमत नहीं कमेटी नियम बदले, विज्ञापन के चार माह बाद भी 5 विवि में 'कुलपति इन वेटिंग'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

प्रदेश के विश्वविद्यालयों में इन दिनों अजीबो-गरीब स्थिति है। प्रदेश में 14 शासकीय विश्वविद्यालय हैं। इनमें से 5 में कुलपति का इंतजार है। इससे भी अधिक चौंकाने वाली बात यह है कि चार विश्वविद्यालयों में आवेदन प्रक्रिया पहले ही समाप्त हो चुकी है। इनमें से तीन विश्वविद्यालयों में बदले हुए नियमों के तहत शॉर्ट लिस्टेट उम्मीदवार अपना प्रेजेंटेशन भी दे चुके हैं। इसके बाद भी यहां नामों की घोषणा अब तक नहीं की जा सकी है। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, शॉर्ट उम्मीदवार जो विश्वविद्यालय विकास कार्य के लिए अपना प्रस्तुतिकरण दे चुके हैं, उनमें से तीन नामों का पैनल बनाकर राजभवन भेजा जाना है। लेकिन अब तक कमेटी तीन नाम तय नहीं कर सकी है। दुर्ग विवि, खैरागढ़ संगीत विवि और स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि तीनों में ▶▶|शेष पेज 11 पर

प्रदेश में 14 शासकीय विश्वविद्यालय इनमें से 5 विवि प्रभारी के भरोसे

ऐसी स्थिति प्रदेश में पहली बार

कुलपति का कार्यकाल समाप्त होने के पूर्व ही नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ करने की परंपरा रही है ताकि कुलपति जैसा महत्वपूर्ण पद रिक्त ना रहे। लेकिन दो सत्रों से इस परंपरा का अनुसरण नहीं किया जा रहा है। कुलपति का कार्यकाल समाप्त होने के बाद विज्ञापन जारी किए जा रहे हैं। इसके चलते लंबे समय से पद रिक्त हैं। वहीं तीन नामों का पैनल बनाने और साक्षात्कार से पूर्व विवि को लेकर प्रस्तुति देने की व्यवस्था भी पहली बार ही की गई है।

जानिए... किस विवि में कैसा हाल

1. इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ - संभागायुक्त, दुर्ग संभाग (प्रभारी)
2. हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग - संभागायुक्त, दुर्ग संभाग (प्रभारी)
3. स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय, दुर्ग - प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल (प्रभारी)
4. संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा - डॉ. प्रेम प्रकाश सिंह (प्रभारी)
5. कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विवि - महादेव कावरे (प्रभारी)
6. पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर - प्रो.सच्चिदानंद शुक्ल

▶▶|शेष पेज 11 पर

नवंबर के पहले सप्ताह में आगजनी के बाद से बाधित है व्यवस्था

अब मिलेगी राहत, चार महीने से बंद न्यू ट्रामा की ओटी में जल्द शुरू होंगे ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आगजनी के बाद पिछले चार महीने से बंद आंबेडकर अस्पताल के न्यू ट्रामा की ओटी नए स्वरूप में बनकर तैयार हो गया है। कल्चर टेस्ट की प्रक्रिया पूरी करने के बाद यहां ऑपरेशन शुरू किए जाएंगे, जिससे मरीजों को राहत मिलेगी। इस ऑपरेशन थियेटर में व्यवस्था बाधित होने के बाद से पुराने न्यूरो सर्जरी के ऑपरेशन थियेटर में जरूरी सर्जरी पूरी की जा रही है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार आगजनी की घटना के बाद सुरक्षा सहित अन्य मापदंडों को ध्यान में रखते हुए विशेषज्ञों की टीम ने ▶▶|शेष पेज 11 पर

पुराने न्यूरो सर्जरी के ऑपरेशन थियेटर में की जा रही जरूरी सर्जरी

स्टॉफ को दी गई ट्रेनिंग

आगजनी की घटना के बाद अस्पताल में अग्निशमन सिस्टम को अपडेट किया गया था। मामले में लंबित फाइलें इसके बाद आगे बढ़ी और उन पर कार्रवाई की गई। विभिन्न स्थानों पर लगाए फायर फाइटिंग सिस्टम में बदलाव के साथ सुरक्षा में तैनात कर्मचारियों को एसडीआरएफ के अधिकारियों द्वारा इस तरह की आपात स्थिति से निपटने के लिए ट्रेनिंग भी दी गई थी।

डाक्टरों की सूझबूझ से टला था हादसा

5 नवंबर को जब एसी में शार्ट सर्किट के बाद वहां आगजनी की घटना हुई, तब एक युवक का ऑपरेशन चल रहा था। उस वक्त अन्य चिकित्सकीय स्टाफ के साथ डाक्टर भी मौजूद थे। घटना के बाद वहां हड़कंप मच गया, तो युवा डाक्टरों की टीम ने सूझबूझ दिखाते हुए मरीज को ओटी की खिड़की तोड़कर बाहर निकाला था।

खबर संक्षेप

रामायण समारोह का समापन आज

आरंग। ग्राम धमनी के गुड़ी चौक में अमर ज्योति मानस मंडली एवं ग्रामवासियो के संयुक्त तत्वाधान में रविवार से प्रारंभ तीन दिवसीय रामायन समारोह का समापन मंगलवार को होगा। मंगलवार को भाग लेने वाली आगंतुक मानस मंडलियों में पारसमणी मानस मंडली पुरानी बस्ती रायपुर, श्रीराम चरित्र मानस परिवार खलना उड़ीसा, सत्संग मानस मंडली तुता नया रायपुर, जय सरस्वती महिला मानस परिवार लखना, पीपर के छैया मानस परिवार परसदा कांकेर, परमेश्वर मानस मंडली सेमरतरा राजिम व अंजनेय मानस परिवार बागबाहरा की प्रस्तुति पर बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद रहकर मानस गान सुनने को आतुर हैं।

धरसींवा में होली मिलन व सम्मान समारोह 22 को

तरपोंगी। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज धरसींवा राज महिला एवं युवा संगठन द्वारा 22 मार्च को दोपहर 12 बजे मंगल भवन धरसींवा में होली मिलन व सम्मान समारोह का आयोजन रखा गया है। जिसमें नव निर्वाचित त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों, प्राधिकृत अधिकारी (सोसायटी अध्यक्ष) का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खोड़स राम कश्यप केंद्रीय अध्यक्ष छत्तीसगढ़ मानव कुर्मी क्षत्रिय समाज होंगे। अध्यक्षता नीलमणी परगनिहा अध्यक्ष राज प्रधान धरसींवा राज होंगे। विशिष्ट अतिथि अनुज शर्मा विधायक धरसींवा, आशु चंद्रवंशी पार्षद रायपुर, चंद्रकांत वर्मा केंद्रीय युवा अध्यक्ष, सरिता बघेल केंद्रीय महिला अध्यक्ष होंगे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी देवेंद्र वर्मा ने दी।

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में पेयजल संकट, लोग त्रस्त

मंदिर हसौद। राष्ट्रीय राजमार्ग 3 पर स्थित पिरदा ईडब्ल्यूएस कालोनी में पीने के पानी व अन्य दैनिक उपयोग के लिए पानी की किल्लत से जूझ रहे कॉलोनी वासी वही जगत खंडेलवाल ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड के जिम्मेदार अधिकारी ईडब्ल्यूएस कॉलोनी वासियों के लिए पीने की पानी का भी उचित व्यवस्था नहीं कर पा रहा जहां गंदा पानी पीने से लोग पथरी तथा कई बीमारी से ग्रस्त हो रहे हैं। वही कॉलोनी पर 6 माह से साफ सफाई नहीं किया जा रहा जहां कॉलोनी वासी गंदगियों के बीच गुजारा करने के लिए विवश हैं।

मदर्स प्राइड स्कूल आरंग में होली का पर्व मनाया

आरंग। मदर्स प्राइड स्कूल आरंग में होली पर्व धूमधाम से मनाया गया। संस्था प्रमुख गिरिजा देवी शुक्ला का बच्चों ने गुलाल लगाकर स्वागत किया। गिरिजा देवी ने होली एवं होलिका दहन का महत्व विस्तार से बताते हुए स्टाफ एवं विद्यार्थियों को होली पर्व की बधाई दी। इस अवसर पर शिक्षकगण व स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

किसान ने तहसील दफ्तर में खाया था जहर तहसीलदार निलंबित

रायपुर। बलौदाबाजार जिले के सुहेला तहसील दफ्तर में किसान के जहर खाने के मामले में तहसीलदार कुणाल सवैया को राजस्व विभाग ने निलंबित कर दिया है। बता दें कि जमीन विवाद को लेकर किसान हीरालाल साहू परेशान था। बार-बार तहसील दफ्तर के चक्कर लगाने के बाद भी न्याय नहीं मिलने पर उसने जहर खा लिया था। उसका इलाज अभी जारी है। बुढ़गहन गांव का रहने वाला किसान लंबे समय से अपनी जमीन पर कब्जे से जुड़े विवाद को लेकर परेशान था। यह प्रकरण सुहेला तहसील में चल रहा था। कई बार तहसील दफ्तर के चक्कर लगाने के बाद भी प्रशासन से मदद न मिलने के चलते परेशान किसान ने कार्यालय में ही जहर खा लिया था।

एक कॉल पर महीनों की परेशानी दूर

रायपुर। कलेक्टोरेट स्थित जनसमस्या निवारण कॉल सेंटर में एक शिकायत पर महीनों से परेशान एक व्यक्ति की समस्या दूर हो गई। ग्राम भटिया ब्लॉक आरंग निवासी भागवत सोनवानी ने जन्म प्रमाणपत्र और निवासी प्रमाणपत्र के लिए आवेदन किया था। आवेदन के साथ सारे दस्तावेज भी उसके द्वारा जमा कराए गए थे। इसके बाद भी दोनों प्रमाणपत्र बनाने में विलंब किया जा रहा था।

पोर्टल बंद, महतारी वंदन योजना के लाभ से महिलाएं हो रही हैं वंचित

कांग्रेस ने की शिकायत, फॉर्म भरने का काम है ठप, पार्टल तत्काल पोर्टल शुरू करें : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरंग

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के महामंत्री प्यारेलाल साहू ने भाजपा सरकार के महत्वाकांक्षी योजना महतारी वंदन योजना के लिए फॉर्म भरने पोर्टल चालू करने में लेट लतीफी करने पर भाजपा को आड़े हाथ लिया। उन्होंने भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि जिस योजना के नाम पर बीजेपी छत्तीसगढ़ में सत्ता में आयी, वही योजना इनके प्राथमिकता से बाहर हो गयी। सरकार के लगभग डेढ़ साल गुजर जाने के बाद भी पात्रता रखने के बाद भी पचास फीसदी महिलाओं को इस योजना का लाभ नही मिलना बहुत ही दुर्भाग्य जनक है।

लाखों फार्म कूड़ेदान में

श्री साहू ने कहा कि विधानसभा चुनाव में भाजपा महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश के सभी महिलाओं को 1000 प्रति माह देने का वादा किया था, चुनाव के दौरान चुनावी लाभ लेने के लिए करीब 80 लाख महिला वोटर्स को फॉर्म भी भराए गए थे, हालाकी चुनाव के बाद वही फॉर्म कूड़ेदान में पाए गए। सरकार आने के बाद भाजपा सरकार अनचाहे मन से महतारी वंदन का फॉर्म भरने के लिए पोर्टल चालू तो किए जिसके तहत सैकड़ो नियम लादे गए जिसका नतीजा रहा कि पात्रता रखने के बाद भी अनेक महिलाएं का फार्म रिजेक्ट हुए परिणाम स्वरूप आज बड़ी मुश्किल से केवल 30 से 35 लाख महिलाओं को ही इस योजना का लाभ मिल रहा है। सरकार के उदासिनता से योजना के तहत पात्र महिलाएं अब तक लाभ से वंचित है। श्री साहू ने निराश्रित पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन के हितग्राहियों को महतारी वंदन योजना का पैसा काटे जाने पर कड़ा एतराज व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जिस अवस्था में महिलाओं को सबसे ज्यादा आर्थिक सहायता की जरूरत पड़ती है वैसे स्थिति में ही उसका पैसा काटना अनुचित है। श्री साहू ने सरकार से मांग करते हुए उक्त पेंशन भोगी महिलाओं को महतारी वंदन का पूरा पैसा जोड़कर देने के साथ–साथ महतारी वंदन योजना का फॉर्म भरने के लिए पोर्टल अभिलंब शुरू करने का मांग किया है। साथ ही उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार अगर फार्म भरने पोर्टल अति शीघ्र प्रारंभ नहीं करती तो कांग्रेस उग्र प्रदर्शन के लिए बाध्य होगी।

अपराध : आरोप में दो भाई न्यायिक हिरासत पर जेल दाखिल

घुलघुल में युवक पर चाकू और डंडे से हमला और पत्थर पटक कर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तिल्दा नेवरा

- मौके पर चाकू, डंडा, खून लगा पत्थर बरामद
- गांव के बारे में अफवाह फैलाने का आरोप लगाते हुए कोहका के युवक हितेश वर्मा की

तिल्दा से लगे हुए ग्राम कोहका निवासी हितेश वर्मा ग्राम घुलघुल गया हुआ था जहां पर उसे गांव का उसका साथी वेदप्रकाश उर्फ वेद वर्मा और उसका भाई अजय वर्मा मिला जिसे आरोपी द्वारा तुम हमारे बारे में गांव में अफवाह फैला रहे हो, दादा बन रहे हो तुझे आज छोडेंगें नही, जान सहित खतम कर देंगें कहकर धमकी देते हुये गाली गलौज करते हुये आरोपी वेदप्रकाश उर्फ वेद वर्मा ने अपने पास रखे बटनदार धारदार चाकू से हितेश वर्मा के मस्तक, चेहरा, गला, पीठ, बांये हाथ के कलाई, अंगूठा वगैरह में वार किया।

जिससे लहुलुहान होकर हितेश वर्मा नीचे गिरने पर आरोपी अजय कुमार वर्मा डण्डा से बेरहमी पूर्वक मारपीट करते हुये दोनो उसके उपर मिट्टी का बडा टुकडा उठाकर पटक दिये और भाग गये। हितेश

वर्मा को घायल अवस्था में सरकारी अस्पताल तिल्दा नेवरा लाया गया जहां पर डॉ ने चेक कर मृत घोषित कर दिये। उक्त घटना की रिपोर्ट पर नेवरा पुलिस ने अपराध धारा 296,115 (2) , 351 (3), 103(1),3(5) बीएनएस व 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना में लिया एवं दोनो आरोपि को हिरासत में लेकर उनके द्वारा मारपीट में प्रयोग किया गया धारदार चाकू, डण्डा, मिट्टी का बडा टुकडा तथा उनके घटना समय पहने कपडे जिसमें खून के दाग लगा है, को जप्त किया गया है तथा आरोपियो को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमाण्ड हेतु न्यायालय रवाना किया गया है। वहीं इधर यह भी बताया गया है कि मृतक युवक अपराधी प्रवृत्ति का था उसके खिलाफ नेवरा थाना में कई मामले दर्ज है।

होली पर धरसींवा अंचल में कई वारदात, भाजपा कार्यकर्ता पर जानलेवा हमला

धरसींवा। उल्लास और उमंग का प्रतीक पर्व है होली, लेकिन धरसींवा अंचल में खुशी मनाने के दौरान हुड़दंग व लापरवाही से कई लोगों की जान खतरे में पड़ गई जंहा पुलिस की कड़ी सुरक्षा की बात और खाकी की धमक का असर दिखाई नही दिया इस दौरान जंहा चरौदा और साकरा में महिलाओं को नशेड़ी युवकों ने दौड़ा कर पिटे और लहूलुहान कर दिए तो दूसरी ओर सिलयारी पुलिस चौकी के अंदर आने वाले ग्राम मलौद में भाजपा कार्यकर्ता व ग्राम सभा अध्यक्ष के ऊपर 25 से भी ऊपर लोगो ने रॉड व डंडे से पिट पिट कर घायल कर दिए है वही दस अन्य मामले भी पुलिस ने दर्ज तो किये है मगर अब तक पुलिस की कार्यवाही नही हुई है जिससे आम जनता में पुलिस के प्रति गहरी नाराजगी दिख रही है।

केस -1

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत मलौद के ग्राम सभा अध्यक्ष श्री प्रदीप वर्मा पिता शिव वर्मा उम्र 46 वर्ष होली के दिन भोजन करके अपने घर के आसपास टहल रहे थे तभी लगभग दो दर्जन लोगो ने रॉड और डंडों से जमकर पिटाई कर दिए जिससे प्रदीप वर्मा बुरी तरह से घायल हो गए जिसकी सूचना पुलिस को मिलते ही घटना स्थल पर पहुचे और घायल को अस्पताल पहुचाये है जिसका इलाज चल रहा है जबकि इस घटना को लेकर पुलिस अभी तक किसी प्रकार की कोई गिरफ्तारी नही किये है।इस पूरे मामले में सिलयारी पुलिस का कहना है कि इस घटना में कांउन्टर केस दर्ज किया गया है घायल के बयान लेने के बाद ही किसी की गिरफ्तारी हो पाएगी।

केस -2

कई प्रकरण दर्ज

होली के दिन उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब ग्राम के ही तरुण शर्मा पिता बलराम शर्मा 44 वर्ष शराब पीकर हंगामा कर रहे थे तभी ग्राम की वयोवृद्ध महिला श्रीमती सकुन बाई पति रामाधार साहू 65 वर्ष पानी भरने निकली तब शराबी युवक को गाली गलौज से मना किये जिससे नाराज शराबी युवक ने महिला पर हमला कर लहूलुहान कर दिए जिसकी रिपोर्ट दर्ज किया गया है पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार नही किये है। पुलिस ने मलौद, साकरा और चरौदा में दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर काउंटर केस दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

बयान के बाद होगी एफआईआर

सिलयारी चौकी प्रभारी जितेंद्र डहरिया ने बताया कि ग्राम पंचायत मलौद कांड पर घायल के बयान और मेडिकल रिपोर्ट के बाद मामला पंजीबद्ध किया जाएगा।

बच्चों के विदाई समारोह में पालिका अध्यक्ष का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अभनपुर

मिडिल स्कूल बड़े उरला में कक्षा आठवी के छात्रो का विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम मे पालिका की नवनिर्वाचित पार्षद श्रीमती सुशीला हरवंश का भी सम्मान किया गया । इस अवसर पर पार्षद श्रीमती सुशीला हरवंश ने बच्चो को अपना सपना पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करने और कभी हार न माने की बात कही वही विशेष एसएमसी अध्यक्ष रामदास मिरी ,उपाध्यक्ष राजेश्वरी हरवंश एवं प्रधानपाठक पवन गुरूपंच ने बच्चो की उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित करते कहा कि जीवन में आगे बढने के लिए सपना देखें,संघर्ष करें,अनुशासन में रहें और सहयोग की भावना के साथ आगे बढ़ते रहे एक दिन कामयाबी जरूर हासिल होगी। इस मौके पर आठवी के छात्रो ने अपने अपने विचार व्यक्त कर विद्यालयीन अनुभव को साझा किया,कार्यक्रम मे उपस्थित अतिथियो द्वारा बच्चो को पुष्पाहार से स्वागत कर कलम भेंट किया गया। संकुल समन्वयक व्यासनारायण पटेल की ओर से न्योता भोज कराया गया। इस दौरान पुरणेन्द्र पाल,एकलव्य साहू,इंदुप्रभा साहू,आरती यादव,विजयलक्ष्मी फ़रिकार, फूलमणि माहेश्वरी व पालकगण उपस्थित रहे।

कुकरा में अखण्ड रामायण 20 से

आरंग। ग्राम कुकरा में सरस्वती महिला मानस मंडली एवं ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वाधान में शांति बजरंग चौक में 20 से 23 मार्च तक तीन दिवसीय अखण्ड रामायन संगीतमय एवं सस्वर मानस गान का आयोजन किया गया है। जिसमें भाग लेने वाले प्रत्येक मानस मंडली को 1001 रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान किया जाएगा। उक्त जानकारी मेघनाथ साहू ने दी।

सीनियर सिटीजन ने मनाया होली मिलन

आरंग। सीनियर सिटीजन द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन साप्ताहिक बैठक रविवार को किया गया। होली मिलन के आयोजक श्रवण अग्रवाल ने इस समारोह के लिए सभी सदस्यों को आमंत्रित किया। समारोह में सदस्यों ने आमंत्रण को स्वीकार कर उपस्थिति दर्ज की। सदस्यों ने वरिष्ठ सदस्य सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रहलाद दास द्वारकानी को गुलाल लगाकर कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सभी सदस्यों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर अभिनंदन किए। सदस्यों ने विभिन्न विषयों पर सामयिक चर्चा किया।

होली मिलन पर सदस्यों ने अपने विचार रखे। यदुनंदन शुक्ला ने होली पर्व का संस्मरण बताए। सदस्यों ने स्वल्पाहार का आनंद के साथ ठहाके भी लगाए। सदस्यों में डॉ. संतोष अग्रवाल, रुप चौधरी, रामधन चंद्राकर, रोशन चंद्राकर उपस्थित रहे।

होली मिलन समारोह में जनप्रतिनिधि खूब थिरके

सिलयारी। धरसींवा जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सरोज चन्द्रवंशी (नवनिर्वाचित) व्दारा होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन अपने निवास स्थल कुरूद सिलयारी किया। भाजपा कार्यकर्ता के साथ साथ धरसीवां ज़िला पंचायत सदस्य के लिए ऐतिहासिक जीत जश्न व होली मिलन कार्यक्रम धरसीवां विधानसभा के ग्राम कुरूद सिलयारी मे 17मार्च को दोपहर11 बजे भारत गैस एजेंसी व गृह निवास मनाया गया हैं कुरूद

सिलयारी के लोगो नगाड़े व फाग गीतो के साथ डीजे के खूब थिरके महिलाएं व भाजपा कार्यकर्ता जिसमे बड़ी संख्या में ग्रामीण आसपास के सरपंच व जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता पहुंचे थे ।

पेयजल संकट दूर करने जिपं सदस्य ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरपोंगी

पेय जल संकट को लेकर जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा के निज कार्यालय तरपोंगी में आवश्यक बैठक रखा गया। जिसमें 6 ग्राम पंचायत के सरपंच बैठक में सम्मिलित हुए। सर्वाधिक जल संकट ग्राम पंचायत खैरखूँट में है जहां बोर के सभी जल स्त्रोत सूख चुके है वहां पानी टैंकर से घरों में पानी का आपूर्ति किया जा रहा है। ग्राम पंचायत देवरी के आश्रित ग्राम अकोली में भी पेय जल की समस्या उत्पन्न हो गई है। वहां भी पेय जल की समस्या से ग्रामीण जूझ रहे है। उपस्थित सभी सरपंच व ग्रामीणों ने तत्काल कोल्हान नाला में पानी छोड़ने की मांग की है। ताकि क्षेत्र के भूजल स्तर में वृद्धि हो सके। इस अवसर पर जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा, देवरी सरपंच श्रवण वर्मा, सड्डू सरपंच नंद कुमार साहू, तरपोंगी सरपंच देवकी सावन नायक, मोहदा सरपंच रेखा अनिरुद्ध प्रहलाद, खैरखूँट सरपंच यशोदा गुनूराम साहू, शंकर लाल साहू, नेतराम निषाद, रामजी साहू, पंचराम साहू, धनसिंह साहू, बेनीराम साहू, कामता वर्मा, कमल सिंहा, जय नारायण साहू, रवि कुमार साहू, मोहन यादव,टोपेश्वर वर्मा,तुलसी राम वर्मा आदि उपस्थित रहे।

5वीं बोर्ड परीक्षा का पहला पेपर गणित हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरंग

सोमवार को जिला शिक्षाधिकारी डॉ. विजय खंडेलवाल के मार्गदर्शन एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा के कुशल निर्देशन के साथ बोर्ड परीक्षा की तर्ज पर केंद्रीयकृत परीक्षा कक्षा पांचवी का पहला पेपर गणित संपन्न हुआ। बाकायदा पुलिस थाने से प्रभारी के द्वारा प्रश्न पेपर प्राप्त कर संकुल केंद्र से प्रश्न पेपर का वितरण किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा ने अनेक परीक्षा केन्द्रो का निरीक्षण किया एवं कहा की गुणवत्ता युक्त शिक्षा के उद्देश्य को पूरा करती हुई यह परीक्षा महत्वपूर्ण है एवं बच्चों में परीक्षा के प्रति जिज्ञासा के साथ तन्मयता भी देखी गई। उन्हें प्रश्न पत्र बनाने का पूरा अवसर प्राप्त हुआ, कहीं–कहीं बैठक व्यवस्था दुरुस्त करने उन्होंने निर्देश भी दिए। साथ ही कक्षा दसवीं परीक्षा शासकीय मातृ सदन सेजेस विद्यालय मंदिर हसौद एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भिलाई तथा विवेकानंद अकैडमी एजुकेशन नकटा का निरीक्षण किया गया। पेपर उपरांत गोपनीयता की दृष्टि से उत्तर पुस्तिकाओं को दिए गए प्रारूप के अनुसार चपडा, कपड़े की थैली के माध्यम से सील बंद कर संकुल केंद्रों में जमा किया गया। ज्ञात हो कि कक्षा 8वीं का पेपर मंगलवार से प्रारंभ है। इस अवसर पर सभी संकुल परीक्षा केन्द्रों में निरीक्षण हुआ। निरीक्षण करने वालो में विकासखंड स्त्रेत समन्वयक मातली नंदन वर्मा, संकुल प्राचार्य रवि शर्मा, संकुल समन्वयकगण ओंकार प्रसाद वर्मा, हरीश दीवान, प्रहलाद शर्मा, जितेंद्र शुक्ला, सुनील पटेल, शेख मोहम्मद, सी.एल. एनेश्वरी आदि एवं केंद्र अध्यक्षगण नरसिंह दास मानिकपुरी, अरविंद वैष्णव, लक्षण प्रसाद लहरी, इंदिरा साहू, जया वर्मा, मनोज मुछावर, दिगम्बर बरिहा, लायक सिंह डहरिया, ममता चंद्राकर, लता चंद्राकर, लोचन साहू, नितिन मिश्रा आदि ने इस मुहिम से बच्चों के भविष्य को उज्जवल बताया।

सामाजिक कार्य के लिए 51 हजार रुपए देने की घोषणा की

यादव समाज शिक्षा पर ध्यान दे : इन्द्रकुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अभनपुर

- यादव ठेठवार समाज का वार्षिक अधिवेशन में शामिल हुए विधायक

यादव ठेठवार समाज का वार्षिक अधिवेशन टोलाघाट(खट्टी) में हुआ। अधिवेशन में विभिन्न ग्राम पंचायतों से जीत कर आए समाज के नवनिर्वाचित पंच, सरपंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्यों एवं समाज के बुद्धिजीवियो, शासकीय कर्मचारी के साथ 10वीं तथा 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के बेटा- बेटियों सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि

विधायक इन्द्रकुमार साहू ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते सामाजिक शिक्षा पर जोर देने की अपील की। वहीं अध्यक्षता कर रहे जिला पंचायत सदस्य अन्नु तारक ने सामाजिक भवन मे शेड निर्माण की घोषणा की, अति विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य संदीप यदु द्वारा सामाजिक कार्य के लिए 51 हजार राशि की घोषणा की गई। कार्यक्रम में समाज के बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम की लोगों ने प्रशंसा की। बैठक में सामाजिक पदाधिकारियों द्वारा आय -व्यय की जानकारी एवं आगामी सामाजिक गतिविधियों के बारे मे चर्चा की गई। वहीं कार्यक्रम में समापन में सामाजिकजनों द्वारा होली मिलन का भी कार्यक्रम सपंन्न हुआ। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य अनु तारक, जिला पंचायत सदस्य संदीप यदु, रायपुर राज अध्यक्ष संतोष यदु,जनपद उपाध्यक्ष खेलू राम साहू, सोभा राम यादव, हीराराम यादव, विजय यदु, रघुनंदन यादव, गजानन यादव, रामस्वरूप यादव, कुलेश्वर यादव, इतवारी यादव, समाज के मेहत्तर यादव, दौलत राम यदु, गिरधारी यदु, कीशोर यदु, ईश्वर यदु, खेलू राम यदु, हरिराम यदु, चुम्मन यदु, सालिकराम यदु, देवसिग यदु, मनमोहन यादव, सोमनाथ यादव, प्रभु राम यदु, रमेश यदु, दुष्यंत यादव, गुलषण यदु, शैलेंद्र यदु व विभिन्न क्षेत्र के जनपद सदस्य, सरपंच, पंच सहित बड़ी संख्या मे महिलाएं व सामाजिकजन मौजूद रहे।

तालाब गहरीकरण एवं पिचिंग का कार्य शुरू

अभनपुर। ग्राम पंचायत उल्बा के सरपंच नेहरू लाल साहू एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा पूजा अर्चना एवं भूमिपूजन कर अमृत सरोवर योजना के तहत तालाब गहरीकरण एवं पिचिंग का कार्य का आरंभ किया गया। सरपंच नेहरू साहू ने बताया कि मुख्य तालाब बहुरबंद तालाब में कार्य प्रारंभ होने से गांव के जनता एवं मनरेगा में कार्य कर रहे लोगों मे उत्साह है। वहीं 25 लाख से भी अधिक राशि से निर्मित होने वाले इस कार्य से गांव के विकास को गति तो मिलेगी। ही साथ ही लोगों की दैनिक उपयोग के लिए हितकारी साबित होगी। इस अवसर पर उपसरपंच सुशीला

सोनवानी, कन्हैया शर्मा, होरी साहू, रामजी तारक, देवधर साहू, विष्णु ओझा, रुखमणी राठी, भुवनेश्वरी तारक, चंदबली भारद्वाज, दिलेश्वर कोसले, लकेश यादव, ओमेश्वरी तारक, बृजेश पांडे, पप्पू ध्रुव, गुलाब साहू, कोमल पांडे, भारत धृतलहरे, चैतराम सपहा व अन्य लोगों उपस्थित रहे।

न्यायालय तहसीलदार, मंदिर हसौद, जिला- रायपुर (छ.ग.)

-: ईश्तहार :-

क्रमांक // वाचक/तह./2025

मंदिर हसौद, दिनांक 10/03/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक मुरली गजेन्द्र पिता रामदयाल, निवासी-ग्राम मुनगी, तहसील-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर छ.ग. के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है, कि ग्राम-मुनगी, प.ह.नं.-02. रा.नि.मं. चंदखुरी, तहसील-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर स्थित पुराना खसरा नंबर 78/28, 78/29 रकबा क्रमशः 0.445, 0.113 हे. भूमि को आवेदक के पिता रामदयाल के द्वारा क्रय कर पूर्व अभिलेख सुधार नामांतरण किया गया है, जो वर्तमान में नया खसरा नंबर 301 रकबा 0.34 हे. बनाया गया जो पूर्व रकबे से 0.21 हे. कम दर्ज है। आवेदक के द्वारा बंदोबस्त पूर्व एवं पश्चात त्रुटि सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 25/03/2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, नियत अवधि के बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः यह ईश्तहार आज दिनांक 10/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर

तहसीलदार
मंदिर हसौद (छत्तीसगढ़)

डिप्टी सीएम ने कहा- अवैध धर्मांतरण के खिलाफ सरकार बनाएगी सख्त कानून

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, राज्य सरकार अवैध धर्मांतरण को रोकने के लिए जल्द ही एक कड़ा कानून बनाएगी। बजट सत्र के दौरान सत्तारूढ़ भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने विधानसभा में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जरिए कथित अवैध धर्मांतरण का मुद्दा उठाया। बीजेपी विधायक अजय चंद्राकर ने कहा, चंगाई सभा की आड़ में भोले भाले, असहाय और गरीब लोगों को बहला फुसलाकर धर्मांतरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा, स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक कार्य के क्षेत्र में काम करने के उद्देश्य से गठित एनजीओ को विदेशों से धन मिल रहा है, जिसका कथित तौर पर धर्मांतरण के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। विधायक ने कहा, राज्य में कई ऐसे एनजीओ हैं जो धार्मिक आधार पर पंजीकृत हैं, इनको विदेशों से धन भी प्राप्त होता है। उन्होंने आरोप लगाया कि बस्तर जिले में 19 पंजीकृत संगठनों में से 9 और जशपुर जिले में 18 में से 15 संस्थाएं ईसाई मिशनरियों की ओर से संचालित की जा रही हैं। इन संगठनों पर नियंत्रण न होने के कारण धर्मांतरण गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है। बीजेपी विधायक ने सदन में कहा, अधिकतर संगठन जशपुर जिले में काम कर रहे हैं, जहां धर्मांतरण के अधिकतर मामले सामने आए हैं। उन्होंने इस साल की शुरुआत में बिलासपुर और रायपुर जिलों में पुलिस के पास दर्ज धर्मांतरण के कुछ घटनाओं का भी हवाला सदन में दिया।

ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जरिए अवैध धर्मांतरण का मुद्दा अजय ने उठाया

ऐसी शिकायतों पर पुलिस करती है कार्रवाई : शर्मा

अजय चंद्राकर के सवाल के जवाब में डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा, यह कहना सही नहीं है कि एनजीओ पर स्थानीय प्रशासन के नियंत्रण की कमी के कारण धर्मांतरण की घटनाएं बढ़ रही हैं। जब ऐसी सभाओं में लोगों को धर्मांतरण के लिए लुभाने की शिकायतें मिलती हैं, तो पुलिस उचित जांच करती है और तुरंत कानूनी कार्रवाई करती है। 2020 में एक, 2021 में सात, 2022 में तीन, 2023 में शून्य, 2024 में कुल 12 और 2025 में अब तक चार मामले दर्ज किए गए हैं।

प्रदेश के 153 एनजीओ को विदेशों से मिलता है धन

डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने बताया कि विदेशी धन प्राप्त करने वाले एनजीओ विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) के तहत पंजीकृत हैं, केंद्रीय गृह मंत्रालय विदेशी धन की ऐसी प्राप्ति की निगरानी करता है। इससे पहले राज्य में 364 एनजीओ थे जो विदेशी धन प्राप्त कर रहे थे। उन्होंने कहा, एफसीआरए में 2020 में संशोधन किया गया था और बाद में छत्तीसगढ़ में 84 ऐसे एनजीओ पर प्रतिबंध लगा दिया गया था, जबकि 127 अन्य की वैधता स्वतः समाप्त हो गई थी। उन्होंने कहा, वर्तमान में राज्य में 153 एनजीओ संचालित हैं, जिन्हें विदेशी धन प्राप्त होता है। प्रक्रिया के अनुसार, यदि राज्य को एनजीओ द्वारा अवैध गतिविधियों में लिप्त होने की कोई शिकायत मिलती है, तो गृह मंत्रालय को सूचित किया जाता है, ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके।

संगठनों का ऑडिट

विजय शर्मा ने कहा, छत्तीसगढ़ सरकार ने उन संगठनों का ऑडिट करने का भी निर्णय लिया है, जो ज्यादातर स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र में काम करते हैं और जिन्हें पिछले तीन वर्षों में राज्य सरकार से वित्तीय सहायता मिली है। किस संगठन को कितना पैसा और कब मिला है और साथ ही पिछले तीन वर्षों का उनका वित्तीय ऑडिट भी किया जाएगा।

नया कानून लाएगी सरकार

चंद्राकर ने पूछा कि क्या सरकार अवैध धर्म परिवर्तन को रोकने के लिए नए प्रावधान या कानून लाएगी। जवाब में श्री शर्मा ने कहा, राज्य सरकार ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए बहुत गंभीर है। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम लागू है, लेकिन सरकार सोच रही है कि नए कानूनी प्रावधान लागू होने चाहिए। उचित समय पर नए प्रावधान लागू किए जाएंगे।

अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच भी जारी रहेगी

भारतमाला मुआवजा घोटाले पर राजस्व मंत्री ने विधानसभा में दिया वक्तव्य, विपक्ष का बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विधानसभा में सोमवार को राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने अभनपुर क्षेत्र में भारत माला प्रोजेक्ट के लिए मुआवजा वितरण में घोटाले के मामले में सदन में अपना वक्तव्य दिया। मंत्री ने बताया कि इस मामले में प्राप्त शिकायतों में शामकीय कर्मचारियों के साथ निजी व्यक्तियों की भी अनियमितता में संलिप्तता परिलक्षित होने पर मंत्रिमंडल की बैठक 12 मार्च को निर्णय लिया गया है कि राज्य के अंतर्गत भारत माला परियोजना के भू-अर्जन संबंधित समस्त प्रकरणों में भ्रष्टाचार की प्राप्त शिकायतों की जांच राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्लू) से करायी जाएगी। शासकीय कर्मचारियों के विरुद्ध विभागीय अनुशासनात्मक जांच विभाग स्तर पर जारी रहेगी। मंत्री के इस जवाब पर विपक्ष ने मामले की सीबीआई जांच की मांग दोहराई और बाद में मंत्री के जवाब से असंतुष्ट होकर कार्रवाई का बहिष्कार किया और सदन से बाहर चले गए। राजस्व मंत्री ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारत सरकार द्वारा पोषित राष्ट्रीय राजमार्ग भारतमाला परियोजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों में भू अर्जन की कार्यवाही की गई है। उक्त परियोजना अंतर्गत रामपुर विशाखापट्टनम ईकोनॉमिक कॉरीडोर के लिए भूमि अधिग्रहण हेतु प्रारंभिक अधिसूचना भारत सरकार द्वारा 30 जनवरी 2020 को जारी की गई तथा 18 मार्च 2021 को अर्जन किये जाने का अवार्ड पारित किया गया। उक्त भू अर्जन प्रक्रिया के संबंध में राजस्व विभाग को शिकायतें प्राप्त हुई थी। शिकायतकर्ता कृष्णकुमार साह एवं हेमंत देवांगन द्वारा भू-अर्जन अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अभनपुर, तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं हल्का पटवारी द्वारा शासकीय एवं निजी भूमि को उपखण्डों में विभाजित कर अधिक मुआवजा प्रदान करते हुए शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाने की शिकायत की गई है। इस संबंध में अपर कलेक्टर जिला रायपुर से प्राप्त जांच प्रतिवेदन अनुसार राति रूपए 43 करोड़, 18 लाख का

निजी लोगों के खिलाफ ईओडब्लू करेगा जांच

अधिक मुआवजा का भुगतान किया जाकर शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाने की पुष्टि की गई है। दूसरी शिकायत पूजा बघेल, सभापति, राजस्व स्थाई समिति, कार्यालय जनपद पंचायत अभनपुर, जिला रायपुर द्वारा पूर्व में अर्जित भूमि कर दोबारा भूमि अर्जन कर मुआवजा वितरण किये जाने की शिकायत प्रस्तुत की गई, जिसके संबंध में आयुक्त, रायपुर से प्राप्त जांच प्रतिवेदन अनुसार भूमि अर्जन में संलिप्त अधिकारियों द्वारा राशि 2 करोड़, 34 लाख की आर्थिक अनियमितता की गई है। तीसरी शिकायत नरेन्द्र कुमार पारख, संचालक, स्वामी बिल्डवेल प्राईवेट लिमिटेड द्वारा शिकायत की गई है कि ग्राम उरला तहसील अभनपुर में हुए भूमि अर्जन में वैध भूमि स्वामी को मुआवजा का भुगतान न करते हुए विधी अन्य व्यक्ति को मुआवजा भुगतान कर दिया गया है। आयुक्त, रायपुर में प्राप्त जांच प्रतिवेदन अनुसार वैध भूमिस्वामी के स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति को रूपए 01 करोड, 36 लाख का मुआवजा भुगतान किये जाने की पुष्टि हुई है। अन्य शिकायतकर्ता सत्यनारायण शर्मा (उपाध्यक्ष), महेन्द्र कुमार अग्रवाल (सचिव), एवं ठाकुर रामचन्द्र जी स्वामी जैतु साव मठ, सार्वजनिक न्यास, पुरानी बस्ती रायपुर के द्वारा मंदिर की मुआवजा राशि का आहरण अन्य व्यक्तियों को भुगतान किये जाने की शिकायत की गई है। कलेक्टर रायपुर से प्राप्त जांच प्रतिवेदन अनुसार भूमि के संबंध में व्यवहार न्यायालय रायपुर में विचाराधीन होने के बाद भी रूपए 02 करोड़ 37 लाख का मुआवजा भुगतान किये जाने की पुष्टि की गई है। राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 के अंतर्गत पारित अवार्ड के संबंध में हितब्ध पक्षकारी के द्वारा प्राप्त आरोपी की सुनवाई हेतु संभाग आयुक्त आर्बिट्रेटर नियुक्त किये जाते है। अतः प्राप्त शिकायतों के संबंध में जांच करने हेतु संभागीय आयुक्त सक्षम प्राधिकरी है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा सीबीआई जांच हो

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा कि यहां के जो आयुक्त हैं, उनकी एक सीमा है। वे राज्य के बाहर केन्द्रीम योजनाओं के बारे में, परियोजनाओं के बारे में, केन्द्रीय राशि के बारे में कुछ नहीं कर सकते और वही सीमा ईओड्बुल के लिए भी है। ईओड्बुल भी अपने राज्य के अधीन ही कर सकती है। चूंकि इसमे आपके केन्द्रीय मंत्री स्वयं कह चुके है कि राज्य में इतनी गड़बड़ी हो रही है. इसकी जांच होनी चाहिए, मैं उससे खुश नहीं हूं।

विधानसभाध्यक्ष ने दिए थे मंत्री को निर्देश

इससे पहले विधानसभा में सोमवार को शून्यकाल में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने भारतमाला परियोजना में गड़बड़ी की जांच ईओडब्ल्यू से जांच कराए जाने का मामला उठाया। उन्होंने कहा, अगर जांच की बात सदन में ही कि जाती तो ज्यादा अच्छा रहता। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने इस पर राजस्व मंत्री को सदन में वक्तव्य देने के निर्देश दिए। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा, मैंने भारतमाला परियोजना का सवाल सदन में लगाया था, तब हमने जांच की मांग की थी। राजस्व मंत्री संभागीय आयुक्त से जांच कराने की बात कहते रहे, लेकिन शाम को कैबिनेट ने निर्णय लिया गया कि ईओडब्ल्यू से जांच होगी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने इस पर कहा, अगर सदन में कोई मामला चल रहा था, तो कोई निर्णय लेने से पहले सदन को सूचना देनी चाहिए। साथ ही उन्होंने राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा को इस मामले में सदन में वक्तव्य देने के निर्देश दिए।

महंत बोले- केंद्र की राशि ना आने पर रुका पेमेंट, साव ने कहा- बजट की राशि आएगी तब पूरा किया जाएगा काम

छत्तीसगढ़ विधानसभा में जल जीवन मिशन योजना के तहत हुए काम और ठेकेदारों के भुगतान को लेकर नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने पूछा कि अब तक कितना काम हुआ है। उन्होंने कहा, वर्ष 2024-25 के बजट में जल जीवन मिशन के लिए 4500 करोड़ का प्रावधान किया था, जिसमें केंद्र और राज्य दोनों को बराबर राशि खर्च करनी थी। फरवरी 2025 तक केंद्र की ओर से 191.59 करोड़ की राशि मिली, जबकि केंद्रांश और राज्यांश को इस योजना के तहत बराबर राशि मिलनी थी। केंद्र की ओर से 2250 करोड़ आपको आना था, लेकिन आज तक केंद्र की ओर से 2151.41 करोड़ नहीं दिया गया। जवाब में अरुण साव ने कहा, 2024 में पूरा किया जाना था, योजना 2028 तक बढ़ाई गई। भारत सरकार योजना की समीक्षा की है आने वाले बजट में 68 हजार करोड़ की राशि का प्रावधान किया गया है। हम आशा करते हैं कि आने वाले बजट में ये राशि आएगी और जल जीवन मिशन का काम पूरा किया जाएगा। चरणदास महंत ने पूछा कि आपके उत्तर से ये मान लिया जाए कि केंद्र सरकार से मिलने वाली राशि 2151.41 करोड़ रुपए आपको नहीं मिले हैं। उन्होंने घरेलू नल कनेक्शन को लेकर पूछा कि आपके जवाब में 80 फीसदी से ज्यादा घरेलू नल कनेक्शन का काम पूरा होने की जानकारी मिली है। इसमें ये कहा गया है कि 51 फीसदी राशि का भुगतान हुआ है। ऐसे में ये बताएं कि आपने 50 फीसदी राशि में ही 80 फीसदी काम कैसे करवा लिया। इस पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा, जो व्यय हुआ है, वो जल जीवन मिशन के 26 हजार करोड़ का है। इसमें नल कनेक्शन का 80 फीसदी कहा है, जबकि इसके अलावा जो अन्य काम हैं इसमें ये भी समाहित हैं। पूरा काम सिर्फ 50 से 60 फीसदी हुआ है।

■ जल जीवन मिशन के भुगतान को लेकर उठा सवाल, पीएचई मंत्री ने दी काम और भुगतान की जानकारी

19599 टंकियों से हो रही जल आपूर्ति

चरणदास महंत ने पूछा कि आपने जानकारी दी है कि 41280 जगह पानी की टंकी का निर्माण हो रहा है. जबकि प्रदेश में राजस्व ग्राम 2255 हैं. तो क्या एक गांव में 2 या 3 टंकी बन रही है। जवाब में अरुण साव ने कहा, जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत योजनाओं की संख्या है 21226, इसमें कई पारा और मोहल्ले हैं, इसलिए ये आंकड़े आ रहे हैं, इसलिए जो टंकियों की संख्या है वो 41 हजार हैं। इसमें 19599 टंकियों का निर्माण पूरा करने के बाद जल आपूर्ति शुरु कर दी गई है। जो लक्ष्य का 43 फीसदी काम पूरा हुआ है। निर्माण कार्य 15776 पूरे हुए हैं। ऐसे टंकियों की संख्या जिनका निर्माण हो चुका है, लेकिन पेयजल आपूर्ति शुरु नहीं हो सकी है ऐसी टंकियों की संख्या 5908 है।

कुल बजट में से आधा भुगतान, इसलिए केंद्रांश रुकी

चरणदास महंत ने पूछा कि 26465 करोड़ इनमें से 13 हजार करोड़ का ही भुगतान हो पाया है। ऐसे में काम होने के बाद भी भुगतान नहीं मिला है। क्या इसलिए केंद्र से राशि नहीं मिली है। जवाब में अरुण साव ने कहा कि हां ये सही है कि 13484 करोड़ की राशि मिली थी, जिसमें ठेकेदारों को भुगतान हुआ है।

तखतपुर में खुलेगा उद्यानिकी महाविद्यालय कृषि मंत्री ने की घोषणा

कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने विधानसभा में घोषणा की है कि तखतपुर में उद्यानिकी महाविद्यालय खोला जाएगा। इसके लिए राशि का प्रावधान आगामी अनुपूरक बजट में किया जाएगा। भाजपा विधायक धरमजीत सिंह ने मंत्री से अपने क्षेत्र तखतपुर में उद्यानिकी महाविद्यालय शुरू करने की मांग की थी।

मंत्री श्री नेताम के विभागों की बजट अनुदान मांगों पर पक्ष-विपक्ष की चर्चा के बाद उनके विभागों की बजट अनुदान मांगे मंजूर कर ली गईं। छत्तीसगढ़ विधानसभा में सोमवार को कृषि एवं आदिम जाति कल्याण मंत्री रामविचार नेताम के विभागों के लिए कुल 63,273 करोड़ 82 लाख 11 हजार रूपए की अनुदान मांगें पारित की गई। मंत्री ने अनुदान मांगों पर चर्चा का उत्तर देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार मोदी की गारंटी के अनुरूप गांव, गरीब, किसान, युवा और वंचित वर्गों के लिए काम कर रही है। श्री नेताम ने अनुदान मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि प्रदेश में जनजातीय क्षेत्रों और अनुसूचित जाति बाहुल्य गांवों के विकास एवं स्थानीय समुदायों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए बहुत से कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। राज्य सरकार ने नये बजट में विशेष पिछड़ी जनजातियों के विकास के लिए 300 करोड़ रूपए का प्रावधान किया है। उन्होंने बताया कि राज्य के 18 जिलों के 2161 बसाहटों में 59 हजार 800 से अधिक विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार निवासरत हैं, जिनकी जनसंख्या करीब 2 लाख 29 हजार है।

आदिवासी संग्रहालय बनेगा प्रदेश की धरोहर

श्री नेताम ने बताया कि नया रायपुर में निर्माणाधीन शहीद वीर नारायण सिंह आदिवासी संग्रहालय देश का सबसे अच्छा आदिवासी संग्रहालय होगा। यह प्रदेश की धरोहर बनने जा रहा है। आदिवासी समाज के लोगों के आजादी में योगदान और उनके संघर्षों को यहां चित्रित किया जा रहा है। इसका निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है।

किसान समृद्धि के लिए 11 करोड़

कृषि मंत्री श्री नेताम ने बताया कि नये बजट में किसान समृद्धि योजना के लिए 11 करोड़ रूपए और किसानों के कृषि प्रशिक्षण एवं पर्यटन के लिए 2 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य में श्रीअन्न (कोदो, कुटकी, रागी) की खेती को बढ़ावा देने के लिए योजना बनाकर काम किया जा रहा है।

नैफेड से होगी खरीदी

मंत्री श्री नेताम ने सदन में कहा कि खरीफ एवं रबी फसलों की मक्का, सरसो, सोयाबीन, उड़द, मूंग, चना जैसी फसलों की समर्थन मूल्य पर खरीदी की व्यवस्था नैफेड और एनसीएफ के माध्यम से की जाएगी। इसके लिए 80 करोड़ रूपए का प्रावधान रखा गया है। बांस की खेती को बढ़ावा देने के लिए नये बजट में 10 करोड़ रूपए प्रावधानित है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में वर्टिकल फार्मिंग सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना हो रही है। किसानों को उन्नत वर्टिकल फार्मिंग के लिए प्रशिक्षण और तकनीकी सहयोग इसके माध्यम से प्रदान किया जाएगा। आगामी बजट में इसके लिए 15 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है।

खबर संक्षेप

किसान ने तहसील दफ्तर में खाया था जहर तहसीलदार निलंबित

रायपुर। बलौदाबाजार जिले के सुहेला तहसील दफ्तर में किसान के जहर खाने के मामले में तहसीलदार कुणाल सवैया को राजस्व विभाग ने निलंबित कर दिया है। बता दें कि जमीन विवाद को लेकर किसान हीरालाल साहू परेशान था। बार-बार तहसील दफ्तर के चक्कर लगाने के बाद भी न्याय नहीं मिलने पर उसने जहर खा लिया था। उसका इलाज अभी जारी है। बुढ़गहन गांव का रहने वाला किसान लंबे समय से अपनी जमीन पर कब्जे से जुड़े विवाद को लेकर परेशान था। यह प्रकरण सुहेला तहसील में चल रहा था। कई बार तहसील दफ्तर के चक्कर लगाने के बाद भी प्रशासन से मदद न मिलने के चलते परेशान किसान ने कार्यालय में ही जहर खा लिया था।

एक कॉल पर महीनों की परेशानी दूर

रायपुर। कलेक्टोरेट स्थित जनसमस्या निवारण कॉल सेंटर में एक शिकायत पर महीनों से परेशान एक व्यक्ति की समस्या दूर हो गई। ग्राम भटिया ब्लॉक आरंग निवासी भागवत सोनवानी ने जन्म प्रमाणपत्र और निवासी प्रमाणपत्र के लिए आवेदन किया था। आवेदन के साथ सारे दस्तावेज भी उसके द्वारा जमा कराए गए थे। इसके बाद भी दोनों प्रमाणपत्र बनाने में विलंब किया जा रहा था। भागवत ने इसकी शिकायत कॉल सेंटर के हेल्पलाइन में फोन लगाकर की। इस शिकायत के बाद कुछ ही दिनों में समस्या का समाधान कर दिया गया। भागवत को सूचित किया गया कि उनके जन्म एवं निवासी प्रमाणपत्र तैयार हो चुके हैं।

निशुल्क विपश्यना ध्यान शिविर 6 अप्रैल से

रायपुर। विपश्यना ध्यान के साधकों द्वारा स्थापित एवं संचालित धम्म कुटी विपश्यना ध्यान केंद्र सिंगारभाठा में दस दिवसीय निशुल्क विपश्यना ध्यान शिविर 6 से 17 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। शिविर का संचालन बालाघाट के वरिष्ठ सहायक आचार्य एलपी मंडलेकर करेंगे।

छत्तीसगढ़ में जल्द होगा प्रशासनिक फेरबदल, बदले जाएंगे कलेक्टर एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ की नौकरशाही में एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल जल्द होने की संभावना है। उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें, तो विधानसभा का बजट सत्र 21 मार्च को समाप्त होने के बाद किसी भी दिन राज्य के कई जिलों के कलेक्टर और एसपी बदले जा सकते हैं। इसके साथ ही मंत्रालय में पदस्थ सचिव स्तर के अधिकारियों के विभागों में फेरबदल संभावित है।

छत्तीसगढ़ में होने वाले प्रशासनिक फेरबदल में इस बार सरकार का फोकस जिलों में प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों क पदस्थापना में बदलाव किया जाना है। सूत्रों के मुताबिक विधानसभा का बजट सत्र पूरा होने के साथ ही हाल ही में राज्य में नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव हो चुके हैं। अब आने वाले लंबे समय तक राज्य में कोई बड़ा चुनाव नहीं होना है। इसके साथ ही सरकार अब जिलों में व्यवस्था को मजबूत करने के इरादे के साथ बड़ा बदलाव करने की तैयारी में है। खास बात ये है कि नगरीय निकायों के चुनावों में राज्य की सत्ताधारी भाजपा प्रदेश के दस निगमों में जीत हासिल कर चुकी है। इसके साथ है गैरदलीय आधार पर हुए पंचायतों के चुनाव में भी भाजपा को बड़ी सफलता मिली है। राज्य के अधिकांश जिला पंचायतों और जनपद में भी भाजपा समर्थितों का दबदबा बना हुआ है। इन चुनाव से पहले सरकार जिलों में कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों के प्रदर्शन पर भी नजर बनाए हुए थी। अब ये चुनाव समाप्त होने के बाद कलेक्टर एसपी के प्रदर्शन का आकलन भी सरकार कर रही है।

विधानसभा सत्र के बाद किसी भी दिन आदेश निकाय पंचायत चुनाव में देखा गया है परफॉरमेंस

नए साल में तीन फेरबदल हुए

राज्य सरकार ने वर्ष 2025 में जनवरी से लेकर मार्च तक प्रशासनिक अधिकारियों की पदस्थापनाओं में आंशिक फेरबदल किया है। इस दौरान 7 आईएएस, 11 आईपीएस,राज्य प्रशासनिक सेवा के 60 अधिकारियों के साथ ही कुछ आईएफएस अधिकारियों के तबादले किए थे। लेकिन इसके बाद भी सरकार बड़े स्तर पर प्रशासनिक सर्जरी नहीं कर पाई थी। उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें तो अब सरकार के पास इस बात के लिए पर्याप्त अवसर है कि वह जिलों की प्रशासनिक व्यवस्था में बड़ा बदलाव करे। बताया गया है कि कई जिलों से कलेक्टर और एसपी को बदला जाना है। जिलों के कलेक्टरों की पदस्थापना में बदलाव के पीछे कारण ये है कि राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं पर क्रियान्वयन अच्छी तरह से हो। इसी क्रम में केंद्र सरकार की योजना का क्रियानव्यन और उसका लाभ आम लोगों को मिले इसके लिए बदलाव किया जाना है। राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति को मजबूत करने के लिए कई जिलों में जहां आपराधिक घटनाएं अधिक हुईं है वहां एसपी को बदला जाना है। इस बदलाव के साथ ये संभावना भी है कि मंत्रालय में पदस्थ कुछ सचिव स्तर के अधिकारियों के प्रभार में भी परिवर्तन किया जा सकता है।

राष्ट्रपति मुर्मू का छत्तीसगढ़ में 2 घंटे रहेगा प्रवास, विधानसभा में प्रबोधन विधायकों के साथ फोटो सेशन भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 24 मार्च को छत्तीसगढ़ दौरे पर रहेंगी। राष्ट्रपति भवन से जारी प्रोटोकॉल के अनुसार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 24 मार्च को दो घंटे रायपुर में रहेंगी। वे भारतीय वायुसेना के विशेष विमान से सुबह 10.30 बजे माना एयरपोर्ट पहुंचेंगी।

एयरपोर्ट से सड़क मार्ग से 11 बजे सीधे विधानसभा पहुंचेंगी, जहां गार्ड ऑफ ऑनर के बाद सभी सदस्यों के साथ ग्रुप फोटो सेशन होगा। इसके बाद राष्ट्रपति सदन में अध्यक्षीय आसंदी पर पहुंचेंगी। करीब 40-50 मिनट के संबोधन के बाद सीधे माना एयरपोर्ट पहुंचेंगी, जहां से वे ओडिशा के लिए रवाना होंगी।

विधानसभा में होने जा रहे खास कार्यक्रम में वे शामिल होंगी। ये कार्यक्रम प्रदेश की स्थापना के रजत जयंती वर्ष को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। यहां राजधानी रायपुर में विधानसभा के रजत जयंती समारोह के लिए राष्ट्रपति को विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया है। यहां रजत जयंती वर्ष के दौरान प्रबोधन कार्यक्रम में राष्ट्रपति मुर्मू विधायकों से चर्चा करेंगी। साथ ही वे सदन को संबोधित करेंगी। वे विधायकों की जिम्मेदारी, लोकतंत्र में विधानसभा की भूमिका, छत्तीसगढ़ की प्रगति और राज्य के विकास को लेकर अपने विचार साझा करेंगी। कार्यक्रम में विधायकों को सदन में काम करने को लेकर राष्ट्रपति अपनी ओर से टिप्स देंगी।

विधानसभा के रजत जयंती कार्यक्रम में होंगी शामिल

छत्तीसगढ़ कैडर के चार वरिष्ठ आईएएस अधिकारी जाएंगे केंद्र

इन अफसरों का केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ कैडर के चार वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए चयनित किया गया है। इनमें अविनाश चंपावत, रीना बाबा कंगाले, अंबलगन पी और डी. अलरमेलमंगई शामिल हैं। इन्हें केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए चयनित किया गया है। ये सभी अधिकारी राज्य में सचिव स्तर के पदों पर कार्यरत हैं।

इनमें 2003 बैच के अविनाश चंपावत, रीना बाबा कंगाले और 2004 बैच के अंबलगन पी. तथा अलरमेलमंगई डी शामिल हैं। इनमें से चंपावत एक बार प्रति नियुक्ति पर जा चुके हैं, जबकि शेष तीनों पहली बार इंपैनल हुए हैं। यह इम्पैनलमेंट केंद्र सरकार में उनकी कार्यकुशलता और अनुभव को देखते हुए किया गया है।

केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के नए नियम

केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के नियमों में बदलाव किया गया है। नए नियमों के तहत, केंद्र सरकार अब राज्य सरकार से केवल औपचारिक सहमति लेकर आईएएस अधिकारियों को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर भेज सकती है। इससे पहले, राज्य सरकार की सहमति अनिवार्य थी, जिसके कारण कई बार प्रतिनियुक्ति प्रक्रिया में देरी होती थी। चयनित अधिकारियों को जल्द ही केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में प्रतिनियुक्ति पर भेजा जाएगा।

श्रम विभाग में केस करने वाले श्रमिकों को मिला न्याय

14 माह में 233 श्रमिकों को मिला न्याय, उनके हक के साढ़े 5 करोड़ रुपए भी मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छोटी-बड़ी दुकान, उद्योग हो या फिर कोई संस्था या फिर कंपनी, इन जगहों पर अक्सर ईमानदारी से काम करने वाले कर्मचारी या श्रमिकों को कई बार मालिक या प्रबंधक की गलत नीतियों सहित अन्य कारणों से उन्हें उनके मेहनत की राशि मिल नहीं पाती।

इस तरह अपना रुका वेतन से लेकर रिटायरमेंट या फिर मृत्यु होने पर मिलने वाली उपादान की राशि प्राप्त करने के लिए लोगों को एड़ी चोटी का जोर लगाने के बाद भी यह राशि मिल नहीं पाती। इस दौरान कई लोगों को कई बार अपने मालिक और प्रबंधक के दफ्तर के न केवल चक्कर लगाने के लिए मजबूर होना पड़ता है, बल्कि उनके द्वारा किए जाने वाले अभद्र व्यवहार एवं तिरस्कार तक झेलना पड़ता है। ऐसे ही लोगों को न्याय दिलाने के लिए जिला श्रम न्यायालय खुला है। रायपुर जिले में पिछले 14 महीने के दौरान श्रम न्यायालय में 233 लोगों को न केवल न्याय मिला है, बल्कि न्यायालय के आदेश पर उन्हें उनकी मेहनत की 5 करोड़ 57 हजार 6 हजार 632 रुपए की राशि भी मिल पाई है।

424 केस में 233 को मिला न्याय

श्रम विभाग से मिले आकड़ों के अनुसार 1 जनवरी 2024 से लेकर 28 फरवरी की अवधि के दौरान रायपुर जिले में कुल 428 प्रकरण दर्ज हैं। इनमें दिसंबर 2024 तक की स्थिति में 394 प्रकरण थे, वहीं 1 जनवरी से 28 फरवरी 2025 के दौरान और नए 30 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इस तरह कुल 424 में 233 प्रकरणों का निराकरण किया गया। इस तरह निराकरण किए गए प्रकरणों में कुल 5 करोड़ 57 लाख 6 हजार 632 रुपए की उपादान की राशि न्यायालय के आदेश के तहत आवेदकों को दिलवाई गई।

191 लंबित, 9 प्रकरण में आरआरसी जारी

श्रम न्यायालय में आवेदक के पक्ष में आदेश जारी होने के बाद भी संबंधित दूसरे पक्षकारों द्वारा उपादान की राशि लौटाई नहीं जा रही थी। आवेदकों की इस शिकायत के आधार पर न्यायालय ने पक्षकारों के विरुद्ध आरआरसी जारी किया था। इसके तहत आवेदकों को उनकी राशि दिलाने के लिए संबंधित आरोपी पक्षकार की संपत्ति कुर्क किया जाना है। इसके तहत 9 प्रकरणों में कुल 32 लाख 29 हजार 632 रुपए की राशि लौटाई जानी है। इस तरह 191 प्रकरणों में अभी फैसला नहीं आया है। ये प्रकरण न्यायालय में चल रहे हैं।

प्रकरणों का शीघ्र से किया जा रहा निराकरण

वेतन-उपादान की राशि की शिकायतों का जल्द से जल्द निराकरण करने के लिए सुनवाई तेजी से की जा रही है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद श्रमिकों को देय राशि का भुगतान आदेश जारी किया जा रहा है। जिले में 14 महीने में 234 प्रकरणों में देय राशि का भुगतान संबंधित आदेश जारी किया है।

- आरके प्रधान, प्रभारी सहायक उपायुक्त, श्रम विभाग रायपुर

खबर संक्षेप

लूटने आया बदमाश लूट का हो गया शिकार

रायपुर। राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चाकू की नोक पर लूट की घटनाएं सामने आती रहती हैं। ऐसा ही एक मामला सामने आया है, जिसमें लूटने आया बदमाश खुद लूट का शिकार हो गया। लूटने आए बदमाश की दो नाबालिगों ने जमकर धुनाई करने के साथ ही उससे चाकू छीन कर उस पर चाकू से हमला कर दिया। घटना की अब तक थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। घटना खम्हारडीह थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक कचना रोड में रविवार रात दस बजे के करीब एक बदमाश ने दो नाबालिगों को चाकू की नोक पर धमकाते हुए उनसे मोबाइल लूटने की कोशिश की। इस दौरान एक नाबालिग ने चाकू थामे बदमाश पर हमला बोल दिया। इसके बाद एक अन्य नाबालिग बदमाश के हाथ से चाकू छीनकर उसकी धुनाई करने लगा। बदमाश को भारी पड़ता देख नाबालिग ने बदमाश के चाकू से ही उसके गले पर चाकू से वार कर दिया। बदमाश की धुनाई करने और चाकू से हमला करने के बाद दोनों नाबालिगों ने बदमाश का मोबाइल लूट लिया। पुलिस घटना में शामिल दो संदिग्ध नाबालिगों से पूछताछ कर रही है।

चौपाटी हटाने, संपति कर में ब्याज माफ करने ज्ञापन

रायपुर। सत्यमेव जयते फाउंडेशन के सदस्यों ने सोमवार को राजधानी के दानी स्कूल मुख्य द्वार से लगकर बने रही चौपाटी को हटाने और पुराने बकाया संपति का ब्याज माफ किये जाने की घोषणा का पालन करने की मांग को लेकर महापौर मीनल चौबे को ज्ञापन सौंपा। फाउंडेशन के प्रदेश संयोजक कन्हैया अग्रवाल, डॉ. अजीत डेग्वेकर ने कहा कि दानी कन्या विद्यालय आने-जाने के मुख्य मार्ग से लगकर चौपाटी बनाई जा रही है। इस निर्माण पर तत्काल रोक लगाई जाये, क्योंकि इससे विद्यार्थियों की निजता प्रभावित होगी। महापौर मीनल चौबे ने कहा कि मैं स्वयं दानी स्कूल की छात्रा रही हूं, चौपाटी का विषय गंभीर है। इन मामले में यथासंभव कार्रवाई करेंगे। महापौर को ज्ञापन सौंपने वालों में कन्हैया अग्रवाल, डॉ. अजीत डेग्वेकर, राजेश त्रिवेदी, सुरेश बाफना, मोहम्मद सिद्दिक, मनोज पाल, शरद गुप्ता, टीकम साहू, चंद्रशेखर गायकवाड़, शंकर सेन शामिल रहे।

निधन

चंदू राव वांडरे

रायपुर। शक्ति नगर निवासी चंदू राव वांडरे (79) का सोमवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार राजीव नगर खपराभट्टी मुक्तिधाम में किया गया। वे हरीश वांडरे, महेश वांडरे एवं राहुल वांडरे के पिता थे।

तीसरे दिन छाई रही खुमारी, आंबेडकर अस्पताल पहुंचे चाकूबाजी के 9 मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रविवार होने की वजह से तीसरे दिन भी हुड़दंगियों और बदमाशों की होली की खुमारी नहीं उतरी। रात होने के बाद शहर में लोग उलझते रहे और चाकूबाजी की घटनाएं होती रहीं। रविवार रात आंबेडकर अस्पताल के इमरजेंसी विभाग में चाकूबाजी के 9 मामलों में जख्मी लोग इलाज के लिए पहुंचे। इसके पूर्व दो दिन में चाकूबाजी 29 प्रकरणों में आहत लोगों का यहां उपचार हुआ।

होली के हुड़दंग के बीच शहर में मारपीट और चाकूबाजी की घटनाओं की भरमार रही। आपसी विवाद के बाद चले चाकू में घायलों के उपचार के लिए आंबेडकर अस्पताल के आपातकालीन चिकित्सा स्टाफ सक्रिय रहे।

रातभर आबाद रहा इमरजेंसी विभाग

रिश्तेदार चाकूबाजी में घायल

मुजगहन थाना के ग्राम डोमा में शराब के नशे में घर के बाहर गाली-गलौज करने वाले बदमाशों ने हेमंत और टेकेश्वर कश्यप नामक रिश्तेदारों को चाकू मारकर घायल कर दिया। दोनों युवकों ने बदमाशों के इस कृत्य का विरोध किया था जिस पर उन्हें आपत्ति हुई। चाकू के हमले से दोनों के बाएं जांघ में गंभीर चोटें आई है। इसके अलावा न्यू राजेन्द्र नगर, बीरगांव, कचना सहित अन्य इलाकों से चाकूबाजी के शिकार लोग इलाज के लिए आंबेडकर अस्पताल पहुंचे थे।



आंबेडकर अस्पताल से मिले आंकड़ों के अनुसार होली की मस्ती 14 मार्च शुक्रवार को छाई रही उस दिन 12 क्षेत्रों में हुई चाकूबाजी की घटनाओं में घायल हुए लोग इलाज के लिए आंबेडकर अस्पताल पहुंचे। इसके बाद 15 मार्च शनिवार को चाकूबाजी की 17 घटनाओं में पीड़ितों का उपचार आंबेडकर अस्पताल में हुआ। इसके बाद रविवार की छुट्टी के दौरान होली का खुमारी कम नहीं हुई और रातभर मारपीट, चाकूबाजी और एक्सीडेंट के मामले सामने आते रहे। रविवार की रात शहर में हुई नौ चाकूबाजी की घटनाओं में पीड़ित लहुलुहान हालत में उपचार के लिए अस्पताल पहुंचे।इमरजेंसी में प्राथमिक उपचार के बाद आवश्यक इलाज के लिए संबंधित विभाग में शिफ्ट किया गया।

4 दिन बाद सरकारी दफ्तर खुले, पसरा सन्नाटा

होली त्योहार का खुमार पांचवें दिन भी लोगों में दिखा। त्योहार के खुमार में डूबे लोगों की 4 दिन की छुट्टियों के बाद सोमवार को कलेक्टोरेट सहित अन्य सभी विभागों के शासकीय कार्यालय खुलने के बाद भी भीड़ दिखी नहीं। होली सहित शनिवार एवं रविवार की 4 दिनों की छुट्टियों के बाद पांचवें दिन शासकीय कार्यालय खुले, लेकिन इन कार्यालयों में बहुत कम संख्या में लोग पहुंचे, जिसके कारण इन कार्यालयों के अंदर और बाहरी परिसर में दिनभर सन्नाटा सा पसरा रहा। यहां तक की कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन शिकायत केंद्र में फरियाद लेकर पहुंचने वाले लोग भी गिने-चुने पहुंचे। दिनभर में आधा दर्जन शिकायते ही की गई। इन शिकायतों को सुनने के बाद अधिकारियों ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के नाम पर मार्क कर आवेदन भिजवा दिए हैं, ताकि कलेक्टर के निर्देश के अनुसार जल्द से जल्द इनका निराकरण किया जा सके।

लोकसेवा केंद्र, रिकार्ड रूम एवं रजिस्ट्री कार्यालय में भी बहुत कम लोग पहुंचे : कलेक्टोरेट में सबसे ज्यादा भीड़ लोकसेवा केंद्र, रिकॉर्ड रूम एवं रजिस्ट्री कार्यालय में रहती है, लेकिन इन कार्यालयों में बहुत कम संख्या में लोग पहुंचे थे। होली के कारण बहुत कम लोगों ने प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री कराने के लिए ऑनलाइन अपॉइटमेंट लिए थे। इस कारण उप पंजीयकों के कोर्ट में भी बहुत कम संख्या में लोगों की भीड़ दिखी। लोक सेवा केंद्र में भी आधार अपडेट, मुल निवास प्रमाण पत्र सहित कई तरह के काम लेकर हर दिन बड़ी संख्या में लोग पहुंचते है, लेकिन यहां भी गिने-चुने ही लोग अपना काम कराने पहुंचे थे।

महापौर मीनल ने की एमआईसी की घोषणा, 14 सदस्य, इनमें पांच महिलाएं

ढेबर को हराने का गिदवानी को मिला इनाम, एमआईसी में जगह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महापौर मीनल चौबे ने सोमवार महापौर परिषद का गठन कर दिया। 14 सदस्यों वाली एमआईसी में 5 महिलाएं और 9 पुरुष शामिल किये गये हैं। मीनल की एमआईसी में वरिष्ठ पार्षद और उपनेता प्रतिपक्ष रहे मनोज वर्मा को नगरीय नियोजन तथा दीपक जायसवाल को लोककर्म विभाग और संतोष साहू को जल कार्य विभाग का जिम्मा दिया गया है। इसी तरह निवृत्तमान महापौर एजाज ढेबर को हराने वाले अमर गिदवानी को इनाम के रूप एमआईसी में

- 14 सदस्यों की सूची में 5 महिलाएं और 9 पुरुष शामिल

जगह देते हुए संस्कृति विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। रायपुर नगर निगम में अपने शपथ ग्रहण और प्रथम सम्मिलन के 10 दिन बाद महापौर ने परिषद का गठन किया है। सोमवार को गांधी सदन के महापौर कक्ष में उन्होंने 14 एमआईसी सदस्यों के नाम की घोषणा की है।

सरिता को महिला एवं बाल विकास विभाग : मीनल की एमआईसी में सीनियर पार्षद मनोज वर्मा को नगरीय नियोजन, अवतार बागल को राजस्व, दीपक जायसवाल को लोककर्म और संतोष साहू को जल कार्य विभाग का अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि सदन में दमदारी से जन समस्या को प्रमुखता से उठाने वाली दूसरी बार की पार्षद सरिता दुबे को महिला एवं बाल विकास विभाग की जिम्मेदारी गई है।

नए पार्षदों को मिला मौका

शहरी सरकार की एमआईसी में नए व पुराने पार्षदों का संतुलन बनाये रखते हुए महापौर ने कुछ नए पार्षदों को भी अपनी परिषद का सदस्य बनाया है। जिन नए पार्षदों को एमआईसी में जगह दी गई है, उनमें खेम कुमार सेन, डॉ. अनामिका सिंह, सुमन पांडेय, महेन्द्र खोडियार, संजना हियाल, अमर गिदवानी शामिल हैं।

14 एमआईसी मेंबर के नाम और उनके विभाग पर एक नजर

दीपक जायसवाल	लोककर्म विभाग
डॉ. अनामिका सिंह	सामान्य प्रशासन एवं विधि विधायी कार्य विभाग
मनोज वर्मा	नगरीय नियोजन एवं भवन अनुज्ञा विभाग
अवतार सिंह बागल	राजस्व विभाग
संतोष कुमार साहू	जल कार्य विभाग
गायत्री चंद्राकर	लोक स्वास्थ्य, खाद्य एवं स्वच्छता विभाग
सुमन पांडेय	विद्युत एवं अभियांत्रिकी विभाग
महेन्द्र खोडियार	वित्त लेखा एवं अंकेक्षण विभाग
खेमकुमार सेन	शहरी गरीबी उपशमन एवं समाज कल्याण विभाग
सरिता दुबे	महिला एवं बाल विकास विभाग
संजना हियाल	अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग
अमर गिदवानी	संस्कृति, पर्यटन, मनोरंजन, विरासत संरक्षण विभाग
नंद किशोर साहू	खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग
भोलाराम साहू	पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग

संदीप साहू होंगे निगम के नेता प्रतिपक्ष जयश्री नायक उपनेता

महापौर मीनल चौबे द्वारा सोमवार को अपनी परिषद के 14 सदस्यों के नामों की घोषणा के बाद विपक्षी दल कांग्रेस भी जन समस्या को प्रमुखता से उठाने की तैयारी में है। दो बार के पार्षद संदीप साहू नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष होंगे। सदन में अपनी बात बेबाकी से रखने वाले संदीप वीर सावरकर नगर वार्ड के पार्षद हैं। सूत्रों के मुताबिक नगर निगम में किस कांग्रेस पार्षद को कौन सा दायित्व सौंपा जाना है, इसकी सूची तैयार हो गई है। संदीप साहू को निगम का नेता प्रतिपक्ष बनाये जाने के अलावा जयश्री नायक को कांग्रेस पार्षद का उपनेता, रेणु-जयंत साहू को सचेतक और शेख मुशीर को प्रवक्ता का दायित्व सौंपा जा रहा है। दायित्व वाली इस सूची में शहर कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश दुबे के हस्ताक्षर हो चुके हैं। सूची जल्द जारी होगी।

जोन अध्यक्ष की घोषणा जल्द : महापौर मीनल चौबे ने मीडिया से चर्चा में बताया कि नगर निगम के विभिन्न जोन के अध्यक्ष की घोषणा जल्द होगी। निगम सभापति सूर्यकांत राठौर जोन 2 के पदेन अध्यक्ष रहेंगे। इसके साथ ही 9 जोन के जोन अध्यक्ष की घोषणा होना बाकी है। महापौर ने बताया कि मार्च के अंतिम सप्ताह में नगर निगम का बजट आएगा।

सफाई कर्मचारी गैरहाजिर ठेकेदारों पर लगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केन्द्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम आने से पहले शहर की सफाई व्यवस्था धरातल पर सुधरती नजर नहीं आ रही है। महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश के बाद भी वार्डो में सफाई कर्मचारी निर्धारित संख्या में नहीं आ रहे। अनुबंधित ठेकेदारों पर स्वास्थ्य विभाग महज जुर्माना लगाने की खानापूर्ति करने जुटा है। सफाई व्यवस्था का हाल ये है कि जोन 2 के 7 वार्डो में साफ-सफाई में कोताही और निर्धारित संख्या से कम संख्या में कामगारों की उपस्थिति पर संबंधित सफाई ठेकेदारों पर 77 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया।

- 7 वार्डो में निर्धारित संख्या से कम कर्मचारी मिले
- जोन 2 कमिश्नरी ने किया 77 हजार रुपए जुर्माना

सोमवार को जोन 2 कमिश्नर डॉ. आरके डोंगरे ने जोन 2 के साफ-सफाई कार्य के लिए वार्डो की निर्धारित संख्या में सफाई कर्मचारी उपलब्ध कराने पर संबंधित ठेकेदारों पर 77 हजार रुपये करने निर्देश दिये हैं। निष्ठा की उपस्थिति और और वार्ड में उपस्थिति में अंतर होने पर यह कदम उठाया गया।

इन वार्डो में निर्धारित संख्या से कम मिले सफाई कर्मचारी

- **वीरांगना अवंतिबाई वार्ड :** ठेकेदार दासरी श्रीनिवास राव, संस्था मेसर्स महेश्वरी कांट्रेक्टर। निर्धारित 41 कर्मचारी, औसत 3 दिन में 22 उपस्थित , जुर्माना 10 हजार रुपये
- **राजीव गांधी वार्ड :** ठेकेदार मेसर्स मोहिते इंटरप्राइजेस। निर्धारित 35 कर्मचारी, औसत 3 दिन में 18 उपस्थित- जुर्माना 10 हजार रुपये
- **रमण मंदिर वार्ड :** ठेकेदार हार्दिक पिथालिया। निर्धारित 36 कर्मचारी, औसत 3 दिन में 21 उपस्थित- जुर्माना 10 हजार रुपये
- **दानवीर भामाशाह वार्ड :** ठेकेदार भारती बेर। निर्धारित 45 कर्मचारी, औसत 3 दिन में 16 उपस्थित - जुर्माना 10 हजार रुपये
- **इंदिरा गांधी वार्ड :** ठेकेदार संतोष सोनी, मेसर्स एसएस इंफ्राटेक साल्यूशन निर्धारित 60 कर्मचारी औसत 3 दिन में 32 उपस्थित , जुर्माना- 10 हजार रुपये।
- **शहीद हेमूकालाणी वार्ड :** ठेकेदार ललित क्षत्रिया, मेसर्स ललित इंटरप्राइजेस। निर्धारत 38 कर्मचारी, औसत 3 दिन में 26 उपस्थित, जुर्माना - 10 हजार रुपये
- **हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड :** ठेकेदार राजू कश्यप। निर्धारित 41 कर्मचारी, औसत 3 दिन में 17 उपस्थित , जुर्माना- 10 हजार रुपये, जोन गैंग और अन्य ठेकेदारों पर जुर्माना।
- **जोन गैंग:** ठेकेदार राकेश सारथी। निर्धारित 15 कर्मचारी, औसत 3 दिन में 3 उपस्थित जुर्माना 5 हजार रुपये
- **देवेन्द्र नगर आफिसर कालोनी :** ठेकेदार रेखा देवांगन। निर्धारित 10 कर्मचारी, औसत 3 दिन में 5 उपस्थित जुर्माना- 2 हजार रुपये

कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-18 कांदुल, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

-: आम सूचना:-

जारी दिनांक 17/03/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम टेमरी प.ह.नं. 78 रा.नि.मं.-रायपुर-18, सेरीखेड़ी तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में आवेदक (1) लालती सिंह प. राम इकबाल सिंह, नि.- नैला- जांजगीर चांपा (छ.ग.) (2.) सुनैना खत्री प:- पंकज सिंह, नि.- आनंद विहार, तेलीबांधा रायपुर (छ.ग.) द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 398/18, 398/26 रकबा 0.0220, 0.0149 हे. का बटांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र./क/वाचक/ तहसीलदार /अ-12 वर्ष 2025 रायपुर आदेश दिनांक 20/02/2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का बटांकन हेतु स्थल निरीक्षण दिनांक 24/03/2025 को समय 12:00 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा / आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में बटांकन कार्य किया जा सकता है। बटांकन उपरांत कोई भी दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जाने।

राजस्व निरीक्षक रायपुर-18

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल-18, तहसील व जिला-रायपुर

आम सूचना

जारी दिनांक 17.03.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम टेमरी प.ह.न. 78 रा.नि.मं.-रायपुर-18/सेरीखेड़ी तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. में आवेदक श्री सुशील गुप्ता पि.-अम्बिका प्रसाद गुप्ता नि.-मं.नं. 15 राधास्वामी सत्संग भवन आनंद नगर रायपुर (छ.ग.) द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 447/3 रकबा 0.075 हे.का सीमांकन/बटांकन हेतु आवेदन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र-/क/वाचक/तहसीलदार/अ-12 वर्ष 2025 आदेश दिनांक 15/01/2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन/बटांकन दिनांक 08/04/2025 को समय 12.00 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन/बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन/बटांकन/उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक रायपुर-18

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल-18, तहसील व जिला- रायपुर

:-आम सूचना:-

जारी दिनांक:-17.03.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम टेमरी प.ह.नं.-78 रा.नि.मं.-रायपुर-18/सेरीखेड़ी तहसील व जिला- रायपुर छ.ग. में आवेदक एस.पी. जेठानी पिता पी. जेठानी नि- रामसागर पारा, रायपुर (छ.ग) द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नं.-447/2 रकबा 0.1860 हे. का सीमांकन/बटांकन हेतु आवेदन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत कि ये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र-/क/वाचक/तहसीलदार अ-12 वर्ष-2025 आदेश दिनांक 21.02.2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन/बटांकन दिनांक 08.04.2025 को समय 12:00 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नं. के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन/बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन/बटांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नही होगी।

सो सूचना जाने।

राजस्व निरीक्षक रायपुर-18

पेज 09 के शेष ...

200 सरकारी आवास का...

है, इसलिए इसका भुगतान करना होगा। पुराना पेंशनबाड़ा में सालों पहले फोर क्लास के कर्मचारियों के लिए करीब दो सौ स्वतंत्र मकान एवं फ्लैट्स के निर्माण कराए गए थे। इन सभी आवासों को सम्पदा संचालनालय मंत्रालय द्वारा रायपुर जिले में कलेक्टोरेट, राजभवन, तहसील सहित विभिन्न विभागों में पदस्थ फोर क्लास के कर्मचारियों को आबंटित किया गया है। यहां रहने वाले कर्मचारियों में कोई 10-15 वर्षों से, तो कोई 20-25 वर्षों से अपने परिवार सहित इन आवास में निवासरत है। आवास अगर निजी हो तो उनमें रहने वाले व्यक्ति या परिवार को समेकित कर, सामान्य जल कर, शिक्षा उपकर, यूजर चार्ज के अलावा संपत्ति कर का भी भुगतान करना पड़ता है। वहीं अगर शासकीय आवास आबंटित किया गया है, तो वहां रहने वाले कर्मचारी को संपत्ति कर को छोड़कर अन्य सभी प्रकार के कर व यूजर चार्ज का भुगतान करना होता है। बताया गया है कि पेंशनबाड़ा में जब से शासकीय आवासों को आबंटित किया गया है, तब से लेकर अब तक इन आवासों का निगम को किसी भी प्रकार के कर का भुगतान नहीं किया गया है। निगम अब ऐसे शासकीय आवासों को चिन्हांकित कर उनमें रहने वाले कर्मचारियों के नाम पर डिमांड बिल भेज रहा है। ***आवास आबंटन आदेश की तारीख देखकर बनाया जा रहा डिमांड बिल:*** नगर निगम ने पहले सभी कर्मचारियों को वर्ष 2016 से वर्ष 2024-25 तक का डिमांड बिल भेजा था। इसमें संपत्तिकर एवं सरचार्ज भी जुड़ा हुआ था। कर्मचारी इस डिमांड बिल को लेकर आपत्ति जताते हुए जोन कार्यालय भी पहुंचे थे। इस पर जोन कमिश्नर ने सभी कर्मचारियों को आबंटित आवास की आदेश कॉपी लेकर आने कहा है। इसके बाद सभी कर्मचारियों के डिमांड बिल में गलती से जुड़ गया संपति कर हटाया जा रहा है, लेकिन आदेश कॉपी में आबंटित आवास की तारीख से लेकर अन्य कर जोड़े जा रहे हैं, जिससे डिमांड बिल कम होने के बजाए और ज्यादा बढ़ाकर दिया जा रहा है। ***गलती से संपति कर लगा, सुधारा जाएगा :***डिमांड बिल में गलती से संपति कर जोड़ा गया है। आवेदन मिलने पर इसे सुधारा जाएगा। सरचार्ज शासकीय-निजी सभी तरह की संपति पर लगता है, इसलिए इसका भुगतान करना होगा। - *अरुण ध्रुव, कमिश्नर, जोन-4 रायपुर*

हवाला का बड़ा...

पुलिस ने जब्त रकम एक करोड़ 67 लाख बताई। दूसरे दिन पुलिस ने कार में एक अलग चेंबर होने की बात कह कर जब्त रकम चार करोड़ 52 लाख रुपए होना बताया, जबकि पहले दिन से ही कार में साढ़े चार करोड़ होने का हल्ला उड़ चुका था। इसके अलावा पुलिस के पास कार ड्राइवरों से जब्त मोबाइल में जिनसे पैसा लिया गया, उनके मोबाइल नंबर के साथ जिनके पास पैसा जाना था, उनका मोबाइल नंबर तथा हवाला लेन-देन की चैट की डिटेल पुलिस को मिल गई थी। बावजूद इसके पुलिस अब तक हवाला से जुड़े रैकेट के बारे में जानकारी नहीं जुटा पाई है। सूत्रों के मुताबिक कार में जब्त रकम रायपुर के एक सराफा कारोबारी की है। कारोबारी द्वारा वह रकम हवाला के माध्यम से नागपुर ट्रांसफर की जा रही थी। हवाला की रकम नागपुर के किसी हवाला कारोबारी के पास भेजी जा रही थी। हवाला रकम ट्रांसफर करने के आरोप में पुलिस ने जिन दो कार ड्राइवरों से दो दिनों तक पूछताछ की, उनके खिलाफ किसी तरह का अपराध दर्ज करने के पहले पुलिस ने उन्हें छोड़ दिया। इसे लेकर भी पुलिस की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लग रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक पुलिस मुख्यालय के एक वरिष्ठ पुलिस अफसर की फटकार के बाद पुलिस ने हवाला की रकम साढ़े चार करोड़ रुपए होने की पुष्टि की। पुलिस ने अपने बचाव में कार में एक अलग चेंबर होने की वजह से रकम की जानकारी नहीं होने की जानकारी दी।

नमीयुक्त हवा से रात...

ने अपना तेज असर दिखाया और गर्म हवा से लू जैसा अहसास हुआ। राजधानी रायपुर के अलावा बिलासपुर और सारंगढ़ में गर्मी का प्रकोप ज्यादा रहा। आंकड़ों के अनुसार रायपुर का अधिकतम तापमान 39.6 डिग्री दर्ज किया गया। अगले दो दिन तक तक दिन और रात की गर्मी बरकरार रहने की संभावना है। इसके बाद 19 से 22 मार्च तक प्रदेश में बादल बारिश का दौर शुरू होने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि बारिश की गतिविधि उत्तर और मध्य इलाके को प्रभावित कर सकती है।

आवेदनों पर एकमत नहीं...

ही यही स्थिति है। इन तीन विश्वविद्यालयों के अलवा कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विवि में कुलपति पद के लिए जारी विज्ञापन ही रद्द कर दिया गया है। तो वहीं सरगुजा के संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय में कुलपति पद के लिए आवेदन प्रक्रिया जनवरी में प्रारंभ हुई थी। 6 फरवरी तक आवेदन मांगे गए। आवेदन प्रक्रिया समाप्त होने के डेढ़ माह बाद भी यहां उम्मीदवार शॉर्ट लिस्ट नहीं हुए हैं। ***कहीं प्राचार्य तो कहीं संभागायुक्त संभाल रहे जिम्मा :*** धारा 52 लगाकर सरगुजा यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ.अशोक सिंह को हटाया गया था। उनके स्थान पर कुसमी कॉलेज के प्रिंसिपल पी पी सिंह चार्ज में हैं। इसी तरह से शेष कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विवि में महादेव कावरे, इंदिरा कला संगीत विवि खैरागढ़ और हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग में दुर्ग के संभागायुक्त को जिम्मा दिया गया है। स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय का प्रभार रविवि के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल के पास है।

जानिए... किस विवि में...

7. आयुष विश्वविद्यालय, नवा रायपुर - डॉ. प्रदीप कुमार पात्रा। 8. अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर - आचार्य अरूण दिवाकर नाथ बाजपेयी। 9. महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, पाटन - डॉ. रवि रत्न सक्सेना। 10. शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ - प्रो.ललित प्रकाश पटेरिया। 11. दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय, दुर्ग - डॉ. राम रणविजय सिंह। 12. इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर -डॉ. गिरीश चंदेल। 13. शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर- प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव। 14. पं. सुन्दरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर - डॉ. बंश गोपाल सिंह

अब मिलेगी राहत, चार...

अध्ययन के बाद रिपोर्ट तैयार की थी। रिपोर्ट में मिले प्रस्ताव के आधार आवश्यक बदलाव के साथ सुधार कार्य पूरा किया जा रहा था, जिसकी वजह से काम पूरा होने में काफी वक्त लग गया था। वर्तमान में न्यू ट्रामा वार्ड के ऑपरेशन थियेटर में दो नयी ओटी लगाया जा चुका है और वहां शार्ट सर्किट की वजह बनने वाले पुराने एसी को हटाकर नए का इंस्टालेशन भी किया जा रहा है। न्यू ट्रामा का पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड का काम भी लगभग पूरा किया जा चुका है। ओटी और वार्ड का काम ओके होने के बाद न्यू ट्रामा के कल्चर टेस्ट किए जाएंगे। टेस्ट रिपोर्ट ओके होने के बाद वहां ऑपरेशन शुरू किया जाएगा। आगजनी में ओटी और पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड खराब हो गए थे, जिसकी वजह से मरीजों के लिए पुराने न्यूरो सर्जरी विभाग के ऑपरेशन थियेटर का उपयोग किया जा रहा था। वहां कूलिंग सिस्टम ठीक नहीं होने की वजह से थोड़ी दिक्कत हो रही है।

उद्घोषणा

क्रमांक 2278/ आर.सी. / रा. वि. प्रा. / 25

रायपुर, दिनांक 12.03.2025

प्राधिकरण की गोविंद सारंग परिसर (कटोरातालाब) योजना के अंतर्गत श्री मनीष जैन आत्मज श्री सी.बी. जैन को दुकान क्रमांक एस - 72 (भूतल) क्षेत्रफल 158.44 वर्गफुट 30 (तीस) वर्षीय पट्टे पर आबंटित है, आबंटिती के द्वारा उक्त दुकान को फ्रीहोल्ड किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त दुकान को फ्रीहोल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति / दावा होवें तो इस उदघोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्रीहोल्ड की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक .... को जारी।

राजस्व अधिकारी (तहसीलदार) रायपुर विकास प्राधिकरण, रायपुर (छ.ग.)

आम सूचना

मै नेहा जंघेल आ. केशव प्रसाद जंघेल, उम्र 29 वर्ष, निवासी- कांपा लोधीपारा वार्ड नं. 12तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) की निवासी हू मेरे पिता श्री केशव प्रसाद जंघेल आ. स्व. अर्जुन प्रसाद जंघेल को आपसी बंटवारा में रायपुर के भूखंड क्र. 10/04, 11/26 जो कि खसरा नं. 191/03 का भाग है जिसका कुल क्षेत्रफल 1458 वर्गफुट में पक्का मकान निर्मित है प्राप्त हुआ था । वर्णित भूमि के 3 अन्य वारिसान है। कोई भी व्यक्ति उक्त भूमि का मेरे पिता केशव प्रसाद से सौदा ना करे, यदि सौदा करता है तो वह हम अन्य वारिसानों पर बंधनकारी नही होगा। सूचना जाने पालन करें

नेहा जंघेल
आ. केशव प्रसाद जंघेल
मो. 79995-97059

न्यायालय विवाह अधिकारी रायपुर (छ.ग.)

फार्म 'अ'

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री तामन कुर्रे पिता श्री बाबूलाल कुर्रे निवासी वार्ड नं. 38 हाण्डीपारा राधाकृष्ण मंदिर के पास जिला रायपुर एवं कु.जानवी साहू पिता श्री अंकेश्वर साहू निवासी सत्यम विहार गुरूकुल स्कूल के पीछे रायपुरा जिला रायपुर विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 09 अप्रैल, 2025 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है ।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नही होगी, तथा यह शून्य माना जावेगा ।

आज दिनांक 10 मार्च, 2025 को इस न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर

विवाह अधिकारी रायपुर (छ.ग.)

शपथ पत्र

मैं राजेन्द्र ब्राम्हणकर (RAJENDRA BRAHMANKAR) पुत्र श्री श्रावण ब्राम्हणकर (SHRAVAN BRAHMANKAR) पता सुमन भवन सेक्टर-2 पानीटंकी के पास वार्ड नं. 31 शंकरनगर रायपुर छ.ग. नीचे लिखे अनुसार शपथपत्र पेश करता हूँ:-

1. यह कि पूर्व में मैं राजेन्द्र कुमार ब्राम्हणकर (RAJENDRA KUMAR BRAHMANKAR) पुत्र श्री श्रावण ब्राम्हणकर (SHRAVAN BRAHMANKAR) के नाम से जाना एवं पहचाना जाता रहा हूँ।
2. यह कि मैने अब अपना नाम बदल कर राजेन्द्र ब्राम्हणकर (RAJENDRA BRAHMANKAR) रख लिया हूँ, जिसके लिए यह शपथपत्र पेश है।
3. यह कि मुझे अब से राजेन्द्र ब्राम्हणकर (RAJENDRA BRAHMANKAR) के नाम से बुलाया जावे एवं लिखा पढ़ा जावे।
4. यह कि अब मैं मुझसे संबंधित सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय अभिलेखों में मेरा नाम राजेन्द्र ब्राम्हणकर (RAJENDRA BRAHMANKAR) दर्ज किया जावे।
5. यह कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी सही कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है, जिसके समर्थन में यह शपथ पत्र पेश है। **शपथकर्ता**

सत्यापन

मैं सत्यापित करता हूँ, कि उक्त शपथ पत्र में उल्लिखित सभी तथ्य सही है, दिनांक 17.03.2025 को रायपुर छ.ग. में मैने अपना हस्ताक्षर किया। **शपथकर्ता**

HEALTH TOWN
वेरिकोस वेंस & वैस्कुलर क्लिनिक
वैरिकोज वेन्स बन सकती है गंभीर समस्या, न करें नजर अंदाज
ओपन सर्जरी के बिना इलाज
• ओपीडी/डे केयर प्रक्रिया
• बिना चीर के ऑपरेशन
• उसी दिन से दैनिक कार्य फिर से शुरू करें
• दोनों पैरों का इलाज एक ही सेटिंग में किया जा सकता है
• सबसे तेज अल्सर उपचार
VASCULAR Clinic
Dr. Prashant Pote
Vascular & Interventional Radiologist
MD DNB Radiology (Mumbai)
FVIR (TIFAC CORE)
309, तिसरी मंजील, लालगंगा बिजनेस पार्क, पचपेड़ी नाका, रायपुर, मो.: 7400628099
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

आंबेडकर अस्पताल में मनाया होली मिलन

रायपुर। डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय में सोमवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शामिल सभी कर्मचारी और अधिकारियों ने एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर सादगीपूर्वक होली पर्व मनाया। साथ ही पारंपरिक फाग गीतों की धुन पर सभी झूमते नजर आए। कार्यक्रम में अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर, सहायक अधीक्षक डॉ. अनिल बघेल, डॉ. सतीश शुक्ला, धोबी समाज के अध्यक्ष सूरज निर्मलकर, सत्यम श्रीवास्तव, जाहिद अली, राजेश वैष्णव, दिनेश कडंरभूजे, दिनेश सोनकर, रामबाबू, हरि साहू, शुभ्रा सिंह ठाकुर, अनिल पुरेना सहित अनेक कर्मचारी-अधिकारी शामिल थे।

लोधेश्वरधाम में होली मिलन पार्षद सावित्री सम्मानित

रायपुर। लोधी क्षत्रिय समाज चंगोराभाठा द्वारा लोधेशवरधाम में सोमवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं जल बचाने के संकल्प को लेकर फूलों की होली खेली गई और गुलाल का तिलक लगाया गया। इस बीच सामाजिक गतिविधियों व लोधेश्वरधाम के निर्माण योजना को लेकर सार्थक चर्चा भी खुले मंच से हुई। हाल ही में दुर्ग नगर निगम से पार्षद चुनी गईं सावित्री दमाहे का शॉल, श्रीफल, गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। साथ ही समाज के वरिष्ठजनों का शक्कर की माला पहनाकर, गुलाल लगाकर स्वागत, सम्मान किया गया। समाज के सचिव लोधी प्रहलाद दमाहे ने बताया कि लोधेश्वरधाम में आवागमन, सुव्यवस्थित बसावट, साधन सुविधा मुहैया कराए जाने के लिए भी विचार-विमर्श किया गया।

ग्रीन आर्मी का इको फ्रेंडली होली मिलन

रायपुर। ग्रीन आर्मी पर्यावरण संरक्षण संस्था ने धोबीपारा गार्डन में इको-फ्रेंडली होली मिलन समारोह आयोजित किया। प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने बताया कि कार्यक्रम में पर्यावरण के प्रति जागरूक नागरिकों और ग्रीन आर्मी के उत्साही सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ग्रीन आर्मी ने प्रतिभागियों को घर पर ही प्राकृतिक रंग बनाने की सरल विधियां भी सिखाईं। इस अवसर पर 35 से अधिक बुजुर्गों का सम्मान किया गया। समारोह का मुख्य आकर्षण तरुण शर्मा द्वारा प्रस्तुत होली गीत रहा, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सभी उपस्थित लोगों ने एक साथ मिलकर होली के पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लिया। कार्यक्रम में पार्षद अजय साहू, आलोक देवांगन, ज्योति देवांगन एवं संस्था सदस्यों के साथ स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

सात साल से आयुष्मान योजना की पैकेज दरों में नहीं हुआ संशोधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना की पैकेज दरों में पिछले सात सालों से बढ़ोतरी नहीं हुई है, जबकि इस अवधि में अस्पताल के खर्च 70 फीसदी तक बढ़ गए हैं। एएचपीआई का तर्क है कि बिना पैकेज दरों में संशोधन के 5 लाख के कवर को 10 लाख किए जाने की योजना का लाभ मरीज और अस्पताल दोनों को नहीं मिलेगा। उनके द्वारा त्वरित रूप से पैकेज दर में संशोधन के साथ इसमें हर साल बढ़ोतरी की आवश्यकता बताई गई है।

आयुष्मान भारत योजना के तहत मिल रहे पांच लाख के कवर को दो गुना करने की योजना प्रस्तावित है। इस पर एसोसिएशन ऑफ़ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स इंडिया (एएचपीआई) के छत्तीसगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष डा. राकेश गुप्ता ने कहा है कि आयुष्मान कार्ड में प्रत्येक बीमारी के संपूर्ण उपचार की कुल पैकेज दर पहले से तय हैं। अधिकतर पैकेज दर आयुष्मान योजना लागू होने के समय 2017-18 के निर्धारित किये हुए हैं। बीते 7 वर्षों में अस्पतालों के संचालन व्यय, डॉक्टरों स्टाफ की सैलेरी, बिजली का खर्च मरीज को दी जाने वाली दवाएं और रखरखाव में लगभग 50 से 70 प्रतिशत की वृद्धि हो चुकी है।

छत्तीसगढ़ में केंद्र सरकार द्वारा आयुष्मान योजना में वर्ष 2022 में निर्धारित दरों को लागू किए जाने का इंतजार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योजना में कवर राशि को बढ़ाने के साथ पैकेज दरों का तत्काल पुनः निर्धारण किए जाने की आवश्यकता है। इसके अलावा मुद्रा स्थिति की दर प्रतिवर्ष 12 से 15 प्रतिशत होती है, इस आधार पर हर साल चिकित्सकीय मुद्रास्फीति के अनुसार पैकेज दरों को भी बढ़ाया जाए।

एक फीसदी ब्याज का प्रावधान

योजना में अनुबंधित अस्पतालों को क्लेम की राशि का भुगतान 45 दिन के भीतर किए जाने का नियम है। ऐसा नहीं होने पर उन्हें एक प्रतिशत प्रतिमाह की दर से ब्याज राशि का भुगतान किए जाने का प्रावधान है। राज्य में निजी और सरकारी अस्पतालों के स्वास्थ्य योजना के तहत उपचार का सालभर पुराना भुगतान अभी भी लंबित है। ब्याज भुगतान का प्रावधान कागजों में सीमित है।

अस्पताल का खर्च 70 फीसदी तक बढ़े

- स्वास्थ्य योजना का कवर 5 से 10 लाख करने से मरीजों को अतिरिक्त लाभ नहीं
- एएचपीआई ने पैकेज दर के संशोधन के साथ हर साल बढ़ोतरी की बताई जरूरत

नोडल एजेंसी की जिम्मेदारी तय हो

आयुष्मान स्वास्थ्य योजना से किसी मरीज के इलाज की प्रारंभिक स्वीकृति मिल जाने के उपरांत डिस्चार्ज के पश्चात क्लेम को अस्वीकार किए जाने के पूरी जिम्मेदारी स्टेट नोडल एजेंसी की तय होनी चाहिए। अक्सर इस तरह के मामले सामने आते है कि योजना के तहत इलाज के के बाद डिस्चार्ज मरीजों के क्लेम रिजेक्ट कर दिया गया है। इससे अस्पताल को परेशानी होती है।

नवा रायपुर के तूता धरनास्थल पर मेले-सा माहौल

पंचायत सचिवों ने हल्ला बोला, धरनास्थल से विस घेराव करने रैली, पुलिस ने रास्ते में रोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के 11 हजार पंचायत सचिवों ने शासकीयकरण की मांग को लेकर नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल पर जमकर हल्ला बोला। सुबह से लेकर शाम तक धरना स्थल पर मेला सा माहौल देखने को मिला। एक सूत्रीय मांग को लेकर विधानसभा घेराव करने रैली की शक्ल में जा रहे पंचायत सचिवों को पुलिस प्रशासन ने रेलवे ब्रिज के पास रोक दिया। इससे प्रदर्शनकारी नाराज हुये। नोक झोंक के बाद आंदोलन कर रहे प्रदर्शनकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांग से अवगत कराया।

प्रदेश ग्राम पंचायत सचिव संघ छत्तीसगढ़ के आव्हान पर छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से 11 हजार पंचायत सचिव मोदी की गारंटी पूरा नहीं होने के विरोध में धरना देने नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पहुंचे। सुबह दस बजे से बसों में सवार होकर दूरदराज के स्थानों से अपने हक की आवाज बुलंद करने पहुंचे पंचायत सचिवों ने धरना् थल पर जमकर नारेबाजी और प्रदर्शन कर शासकीयकरण की मांग की। संघ के प्रांताध्यक्ष उपेन्द्र सिंह पैकरा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पंचायत सचिव धरनास्थल पर विधानसभा घेराव के लिए पहुंचे थे। प्रदर्शनकारियों की भीड़ को देखते हुये धरना स्थल पर बड़ी संख्या में पुलिस के जवान स्थिति पर नियंत्रण करने डटे रहे।

- विभिन्न जिलों से बसों में सवार होकर धरनास्थल पहुंचे पंचायत सचिव

ब्लाक मुख्यालयों में आज काम बंद कलमबंद हड़ताल

प्रदेश भर के पंचायत सचिव शासकीय करण करने की मांग को लेकर 18 मार्च को प्रदेश के 146 ब्लाक मुख्यालय में कामबंद कलम बंद कर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठेंगे। विदित हो कि प्रदेश के पंचायत सचिव 29 विभागों के 200 प्रकार के कार्य करने के साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, आयुष्मान कार्ड, आवास का सर्वे, पेंशन, राशनकार्ड मनरेगा सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्य का निष्पादन करते हैं। पंचायत सचिवों की शासकीय करण की मांग मोदी की गारंटी में शामिल है। प्रदेश पंचायत सचिव संघ छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रांतीय सचिव लकेश यादव ने बताया कि पंचायत सचिवों के सालों से लंबित मांग बजट में शामिल नहीं होने से पंचायत सचिव में नाराजगी व्याप्त है। इस मांग को पूरा कराने प्रदेश भर से पंचायत सचिव राजधानी में जुटे। आंदोलन की अगली कड़ी में मंगलवार को विकासखंड मुख्यालयों में काम बंद कर विरोध जताया जायेगा।

पंचायत सचिव जिंदाबाद के लगाए नारे, रैली निकाली

धरना स्थल पर आंदोलन में सहभागी बनने पहुंचे पंचायत सचिवों ने प्रदेश सरकार होश में आओ, शासकीय करण करना होगा, पंचायत सचिव जिंदाबाद के नारे लगाये। धरना स्थल पर प्रदर्शन के बाद पंचायत सचिव विधानसभा का घेराव करने कतारबद्ध होकर निकले, पर पुलिस प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों को ब्रिज के पास बेरीकेड लगाकर आने बढ़ने से रोक दिया। इसके बाद भी प्रदर्शनकारी सड़क पर बैठकर एक सूत्रीय मांग को लेकर नारेबाजी करते रहे। इसके बाद उन्होंने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

9 बैंक यूनियन के कर्मचारी अधिकारी 14 सूत्रीय मांगों को लेकर दो दिन करेंगे हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- 22-23 मार्च को बैंक अवकाश 24 और 25 को रहेगी हड़ताल

यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने 14 सूत्रीय मांगों को लेकर 48 घंटे के हड़ताल का ऐलान किया है, जिसके मुताबिक 24 व 25 मार्च को बैंक के अधिकारी-कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे। 22-23 मार्च को शासकीय अवकाश होने के कारण बैंक बंद रहेंगे। इस तरह 5 दिनों तक बैंक में अवकाश रहेगा। 9 बैंक यूनियनों के पदाधिकारी वाय. गोपालकृष्णा, शिरीष नलगुंडवार, सुरेश बानी सहित अन्य पदाधिकारियों ने सोमवार को संयुक्त पत्रकारवार्ता में बताया कि सभी संवर्ग में पर्याप्त भर्ती, सभी अस्थायी कर्मचारियों को नियमित करना, बैंकिंग सेक्टर में प्रति सप्ताह 5 दिन का कार्यदिवस लागू करने सहित अन्य मांगों को लेकर आंदोलन किया जाएगा। इस देशव्यापी आंदोलन में करीब 7.50 लाख बैंक कर्मचारी-अधिकारी शामिल होंगे।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए शिरीष नलगुंडवार ने बताया कि सरकार द्वारा आईडीबीआई बैंक में न्यूनतम 51 फीसदी इक्विटी पूंजी बनाए रखने, बैंकों में स्थायी नौकरियों की आउटसोर्सिंग बंद करना, बैंकिंग उद्योग में अनुचित श्रम प्रथाओं को रोकने संबंधी मांग इसमें शामिल है।

देशभर में आंदोलन का किया ऐलान

पत्रकारों से चर्चा में पदाधिकारियों ने बताया 9 घटक दल द्वारा देशभर में 2 दिवसीय राष्ट्रव्यापी आंदोलन का ऐलान किया गया है। यह हड़ताल 24 व 25 मार्च को देशव्यापी आंदोलन के रूप में किया जाएगा, जिसमें मुख्य रूप से सभी संवर्ग में पर्याप्त भर्ती, अस्थायी कर्मचारियों को नियमित करने, बैंक सेक्टर में 5 दिन का कार्य दिवस लागू करने, अनियंत्रित बैंकिंग के कारण जनता द्वारा हमले व दुर्व्यवहार के प्रति बैंक अधिकारियों-कर्मचारियों की सुरक्षा की मांग शामिल है। इसी तरह पीएसबी में कामगार व अधिकारी निर्देशक के पद को भरना, आईबीए के पास लंबित मुद्दों का समाधान, सरकारी के लिए योजना की तर्ज पर आयकर से छूट के साथ ग्रेच्यूटी अधिनियम की सीमा को बढ़ाकर 25 लाख रुपए करने के लिए संशोधन करने की मांग की गई है।

चैंबर चुनाव में एक पद के लिए 1 प्रस्ताव, एक ही समर्थक होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- नाम निर्देशन के पहले दिन किसी भी प्रत्याशी ने नाम निर्देशन पत्र नहीं लिया
- 10 चरणों में होगा चैंबर चुनाव

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के चुनाव-2025 की प्रक्रिया के तहत नाम निर्देशन के पहले दिन सोमवार को किसी भी प्रत्याशी द्वारा नाम निर्देशन पत्र दाखिल नहीं किया गया।

प्रदेश में 10 चरणों में चैंबर ऑफ कामर्स का त्रैवार्षिक चुनाव होगा। इसमें 27 हजार से अधिक पंजीकृत सदस्य अपने पसंद के प्रतिनिधि चुनने मतदान करेंगे। निर्वाचन अधिकारी प्रकाशचन्द गोलछा ने बताया कोई भी प्रत्याशी का प्रस्तावक व समर्थक एक ही पद का हो सकेगा। समानांतर पद के लिए वह प्रस्तावक, समर्थक नहीं हो सकता है। जैसे कि- प्रदेश अध्यक्ष एक पद, प्रदेश महामंत्री एक पद, प्रदेश कोषाध्यक्ष एक पद तथा जिला उपाध्यक्ष एक पद, जिला मंत्री एक पद के लिये एक ही प्रस्तावक व एक ही समर्थक हो सकेंगे। दोबारा उसी पद के समर्थक/ प्रस्तावक नहीं हो सकेगा। प्रदेश के प्रत्याशियों के लिए समर्थक, प्रस्तावक का नाम प्रकाशित मतदाता सूची में होना अनिवार्य है, वे किसी जिले से सदस्य हो सकते हैं।

पहले दिन किसी ने नहीं लिया नामांकन पत्र

चैंबर चुनाव को लेकर नाम निर्देशन दाखिल करने के पहले दिन कोई भी सदस्य प्रत्याशी किसी भी प्रत्याशी द्वारा नाम निर्देशन नहीं लिया गया। नाम निर्देशन पत्र तीन दिनों तक सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक दिये जायेंगे। जमा करने का समय दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक रखा गया है। नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 20 मार्च को प्रातः11 बजे से शाम 5 बजे निर्धारित है। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली, प्रकाशचन्द गोलछा, बालकृष्ण दानी, के.सी.माहेश्वरी, अनिल जैन(कुचेरिया), संजय देशमुख, मुख्य निर्वाचन नियंत्रक एच.एस.कर, एवं चेम्बर चुनाव कार्यालय प्रभारी एस.एम.रावते प्रमुख रूप से उपस्थित थे। उक्त आशय की जानकारी देते हुए कि आज प्रथम दिन किसी भी प्रत्याशी द्वारा नाम निर्देशन पत्र नहीं लिया गया।

एसआईबी बिल्डिंग में शार्ट सर्किट से आग, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- दोपहर ढाई बजे की घटना

पुराना पीएचक्यू स्थित स्टेट इंटिलिजेंस बिल्डिंग में सोमवार दोपहर शार्ट सर्किट से आग लगने से हड़कंप मच गया। आग लगने की घटना दोपहर दो से ढाई बजे के बीच की बताई जा रही है।

मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। जिस समय फायर ब्रिगेड की टीम आग पर काबू पाने पहुंची थी, उस समय बिजली उपकरण से चिंगारी निकल रही थी। आग पर काबू पाने बिल्डिंग में विद्युत आपूर्ति बंद की गई। इसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम आग बुझाने के काम में जुटी। एसआईबी के अफसरों के अनुसार आग नीचे के फ्लोर पर लगी थी। जहां आग लगी थी, वहां जूनियर स्तर के अफसर बैठते हैं। अफसरों के अनुसार बिल्डिंग में जब आगजनी की घटना हुई, उस समय लंच समय था। इस वजह से ज्यादातर अधिकारी लंच करने चले गए थे। बिल्डिंग के नीचे फ्लोर पर धुंआ निकलते देख मौके पर तैनात गार्ड वहां पहुंचा। तब तक आग बढ़ने लगी थी। इस दौरान गार्ड ने फायर ब्रिगेड तथा अफसरों को आग लगने की जानकारी दी।

मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने एक घंटे के भीतर आग पर काबू पाया। अफसरों के अनुसार आगजनी की घटना से कोई विशेष नुकसान नहीं हुआ है।

कनेक्शन प्रीपैड होने पर बिजली की खपत के साथ बकाया के पैसे भी कटेंगे रोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

- कनेक्शन प्रीपैड होने पर बकाया जमा करने मिलेगा 300 दिनों का समय

प्रदेश के सभी उपभोक्ताओं के मीटरों को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। प्रदेश में अब तक 11 लाख से ज्यादा मीटर बदले जा चुके हैं। उपभोक्ताओं के कनेक्शन पोस्टपैड से प्रीपैड करने की तैयारी है, लेकिन अभी इसकी कोई तारीख तय नहीं है। इतना तय है जब भी कनेक्शन प्रीपैड होंगे तो पॉवर कंपनी को बकाया से मुक्ति मिल जाएगी। ऐसे में जिन उपभोक्ताओं पर बिजली बिल का बकाया है, उनको किस्तों में भुगतान करने की सुविधा मिलेगी, इसके लिए उपभोक्ताओं को 300 दिनों का समय देने की योजना है। इस बात की भी तैयारी है कि जिस तरह से रोज की खपत के हिसाब के पैसे कटेंगे, उसी तरह से बकाया को भी 300 दिनों में बांटकर रोज पैसे काटे जाएंगे।

केंद्र सरकार ने देश के हर राज्य में स्मार्ट मीटर लगाने का फरमान जारी किया है। इसका राजपत्र में भी प्रकाशन हो चुका है, ऐसे में कोई भी राज्य स्मार्ट मीटर लगाने से मना नहीं कर सकता है। अपने राज्य में इन मीटरों को लगाने का काम दे दिया गया है। प्रदेश में टाटा और जीनस कंपनी मीटर लगाने का काम कर रही है। रायपुर संभाग में टाटा कंपनी मीटर लगा रही, बाकी संभागों में जीनस कंपनी मीटर लगा रही है।

बकायादार बड़ी समस्या

अभी प्रदेश में जो बिजली के उपभोक्ता हैं, उनमें से करीब दस लाख उपभोक्ता ऐसे हैं जिनका बिजली बिल बकाया है। इन उपभोक्ता का बकाया करीब हजार करोड़ से ज्यादा का है। कोरोना काल में उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल जमा न करने वालों की बिजली नहीं काटी गई थी। ऐसे में बकाया एक समय तो दो हजार करोड़ से ज्यादा का हो गया था। बाद में लगातार वसूली से बकाया कम हुआ है। लेकिन अब भी हजार करोड़ से ज्यादा का बकाया है। बकायादारों में लाखों की संख्या में बीपीएल उपभोक्ता भी हैं। इन्होंने बरसों से बकाया जमा नहीं किया है, लेकिन इनकी बिजली कभी कटती नहीं है। इनसे तो सुरक्षा निधि भी नहीं ली जाती है। बीपीएल के बकायेदारों से वसूली बड़ी समस्या होगी।

ज्यादा बकाया भी एक समस्या

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने लिए कम राशि वाले बकायादार कोई समस्या नहीं है, क्योंकि हर उपभोक्ता का दो माह के बिजली बिल के बराबर सुरक्षा निधि की राशि जमा रहती है। जब स्मार्ट मीटर लगने के बाद कनेक्शन को प्रीपैड किया जाएगा तो कम राशि वाले बकायेदारों का बकाया सुरक्षा निधि से भी काट जा सकता है, जो पैसा बचेगा, वह वापस हो जाएगा। लेकिन जिनका बकाया सुरक्षा निधि के काटने के बाद भी बच जाएगा, उसकी वसूली के लिए पॉवर कंपनी ने 300 दिनों के अंदर किस्तों में भुगतान करने की सुविधा देने की योजना तैयार की है।

निजी अस्पताल में बॉडी फ्रीजर नहीं, शिकायत

रायपुर। रायपुर के एक निजी अस्पताल में मरचुरी की सुविधा के नाम पर जालसाजी किए जाने की शिकायत दर्ज कराई गई है। सीएमएचओ कार्यालय में की गई शिकायत में बताया गया है कि उपचार के दौरान मृत मरीज के शव को रखने के लिए मरचुरी में फ्रीजर की व्यवस्था नहीं थी इसकी वजह से दुखी परिजनों को परेशानी झेलनी पड़ी। मरचुरी में बॉडी फ्रीजर नहीं होना नर्सिंग होम एक्ट का उल्लंघन है। शिकायत के आधार पर सीएमएचओ डा. मिथिलेश चौधरी ने जांच का आश्वासन दिया है।

हरिभूमि पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

बिजनेस साइट

यूको बैंक रायपुर अंचल ने हासिल किया 10 हजार करोड़ रुपए का सकल व्यवसाय

रायपुर। यूको बैंक ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है, जिसमें बैंक ने 5 लाख करोड़ रुपए का सकल व्यवसाय पूरे बैंक में और रायपुर अंचल ने 10,000 करोड़ रुपए का सकल व्यवसाय हासिल किया।

यह उपलब्धि बैंक की उत्कृष्ट बैंकिंग सेवाओं और उसकी मजबूत विकास रणनीतियों का स्पष्ट प्रमाण है। रायपुर अंचल की प्रमुख लकी नायक ने कहा, हम इस माइलस्टोन अचीवमेंट पर बहुत खुश हैं। यह हमारी टीम के अथक प्रयासों का परिणाम है और हमने नवीन बैंकिंग समाधान और उत्कृष्ट ग्राहक सेवाएं प्रदान की हैं, जिसके कारण हमें यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल हुई। यूको बैंक की सफलता का मुख्य कारण उसका विविध व्यवसाय पोर्टफोलियो है, जिसमें डिपॉजिट, रिटेल, कृषि और एमएसएमई ऋण, डिजिटल एवं ऑनलाइन बैंकिंग उत्पाद शामिल हैं।

रायपुर जोन ने यूको बैंक की वृद्धि और सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया है तथा बैंक निरंतर प्रयासरत है।

कोलंबिया इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी का एनएसएस शिविर संपन्न

रायपुर। कोलंबिया इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी की एनएसएस यूनिट ने गोद गांव छपोरा में 'यूथ फॉर माई भारत और यूथ फॉर डिजिटल लिटरेसी' विषय पर सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि जनप्रगति एजुकेशन सोसाइटी के सचिव हरजीत सिंह हूरा एवं राजकुमार भारती ने भाग लिया, जबकि शिवशंकर शुक्ला विशिष्ट अतिथि रहे। शिविर में कार्यक्रम अधिकारी सागर साहू और गुंजन कल्याणी के मार्गदर्शन में 48 एनएसएस स्वयंसेवकों ने भाग लिया। प्रतिभागियों की दैनिक दिनचर्या में प्रभात रैली, योग, ध्यान, श्रमदान और बौद्धिक सत्र शामिल थे। इसके अलावा स्वास्थ्य शिविर, स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र और मंदिर में स्वच्छता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान डिजिटल धोखाधड़ी, साइबर अपराध और महिला सशक्तिकरण जैसे विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता आधारित गतिविधियां भी आयोजित की गईं।

हरिभूमि
रायपुर, मंगलवार 18 मार्च 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

चैत्र नवरात्रि पर 10 देवी मंदिरों में ...

एजूकेशन अपडेट

प्लेसमेंट कैम्प 20 मार्च को 128 पदों पर होंगी भर्तियां

रायपुर। निजी क्षेत्र की रिक्तियों में प्लेसमेंट को बढ़ावा देने के लिए 20 मार्च 2025 को समय प्रातः 10.30 बजे से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र जिला रायगढ़ में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है, जिसमें रिक्त विभिन्न 128 पदों पर भर्ती होगी। इच्छुक एवं योग्यताधारी आवेदक समस्त मूल प्रमाणपत्रों एवं रिज्यूम के साथ उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैम्प में भाग ले सकते हैं। विस्तृत जानकारी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र रायगढ़ से प्राप्त की जा सकती है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अदाणी पॉवर लिमिटेड छोटे भंडार रायगढ़ में अप्रेन्टिसशिप के 9 पद, मां मंगला इस्पात प्रा.लि. रायगढ़ में सीनियर फिटर (मैकेनिकल), वेल्डर एंड कटर, आरएमपी ऑपरेटर, शिफ्ट इंचार्ज (मैकेनिकल), इलेक्ट्रिशियन, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं कुक, गोयल मोटोकॉर्प प्रा. लि. रायगढ़ में सेल्स हेड, एचआरए मैनेजर, फाइनेंस मैनेजर, एकाउंट मैनेजर, मार्केटिंग एंड इंस्टीट्यूशन मैनेजर, सेल्स टीम लीडर, ओल्ड कार एक्सचेंज मैनेजर, सेल्स कंसल्टेंट, वर्कशॉप फ्लोर मैनेजर, वारंटी मैनेजर, मैकेनिक असिस्टेंट मैकेनिक, सर्विस एडवाईजर, कार ड्राइवर, वेक्टर फायनेंस प्रा. लि. में कस्टमर रिलेशनशिप ऑफिसर (सीआरओ) एवं प्रोजेक्टर मैनेजर तथा टैंगो सिक्योरिटी सर्विसेंस प्रा. लिमि. रायपुर में सुरक्षागार्ड एवं सुरक्षा सुपरवाईजर के पद रिक्त हैं।

प्राथमिक चयन के बाद होगा साक्षात्कार

एक दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोड़ेजुंगा कांकेर में 21 मार्च को सुबह 11 से अपरान्ह 3 बजे तक किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी दी है कि निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा कुल 300 रिक्तियां के आधार पर भर्ती की जाएगी। उक्त प्लेसमेंट कैम्प में सिक्योरिटी गार्ड के 170 पद, सिक्योरिटी सुपरवाइजर के 25, क्लीनिंग स्टॉफ के 50, कस्टमर रिलेशनशिप ऑफिसर के 50 और जेंट्स ब्यूटीशियन के 5 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक आवेदक उक्त प्लेसमेंट कैम्प में उपस्थित होकर अपने सम्पूर्ण बायोडाटा के साथ आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। प्राप्त आवेदनों के आधार पर नियोक्ता द्वारा प्राथमिक चयन कर साक्षात्कार लिया जाएगा, जिसकी सूचना पृथक से फोन के माध्यम से आवेदक को दी जाएगी।

● स्कूल की छुट्टी के बाद अप्रैल से सामाजिक संस्थाएं शुरू करेंगी समर कैंप

समर कैंप में बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सीख सकेंगे स्पोर्ट्स, आर्ट और नृत्य

स्कूल-कॉलेज की छुट्टी शुरू होते ही सामाजिक और निजी संस्थाओं द्वारा समर कैंप की योजना तैयार होने लगी है। अप्रैल माह से शहर की विभिन्न संस्थाओं द्वारा बच्चों के कौशल विकास के लिए अनेक गतिविधियां शुरू की जा रही हैं। इस संदर्भ में संगीत, नृत्य, कला, वैदिक गणित, अंग्रेजी, योग, मानसिक शांति एवं आत्मविश्वास बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष की तुलना में इस वर्ष अधिक समर क्लासेस की तैयारी की जा रही है, जिसमें अधिकांश संस्थाएं निशुल्क सेवा के लिए तैयारी में जुटी हैं। जहां अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा स्कूल-कॉलेज के छात्रों को ट्रेनिंग दी जाएगी, इसमें स्पोर्ट्स, आर्ट, संस्कृति एवं नृत्य मुख्य विषय है।

निशुल्क क्लास, 25 अप्रैल से पंजीयन

टिकरापारा स्थित नूतन उच्चतर माध्यमिक शाला में 1 मई से 10 जून तक स्कूली बच्चों के लिए समर क्लासेस शुरू की जा रही हैं। निशुल्क क्लास के लिए 25 अप्रैल से पंजीयन शुरू किया जाएगा, जिसमें संगीत, नृत्य, हस्तकला, मेहंदी, कढ़ाई, हैंडक्रॉफ्ट, पेंटिंग, कराते, स्पोकन इंग्लिश, कंप्यूटर, टैली, सिलाई, रंगोली का प्रशिक्षण दिया जाएगा। स्कूल परिसर में आयोजित कैंप सुबह 8 से 10.30 तक संचालित किया जाएगा।

तीन दिवसीय बाल संस्कार शिविर

भारतीय योग संस्थान द्वारा 27, 28, 29 मार्च को बाल संस्कार शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें स्कूली बच्चों को उत्तम व्यवहार, आचरण, दिनचर्या एवं योग के साथ जोड़ा जाएगा। यह आयोजन डब्ल्यूआरएस स्थित रेलवे ग्राउंड में किया जा रहा है, जो पूर्ण रूप से निशुल्क है। संस्था द्वारा अप्रैल माह में कुटुंब योग शिविर का भी आयोजन किया गया है, जिसमें माता-पिता और बच्चे हिस्सा ले सकते हैं। शिविर में हिस्सा लेने के लिए तीनों का सहभागी होना जरूरी है।

कराते प्रशिक्षण 15 से

छत्तीसगढ़ कराते संघ द्वारा 15 अप्रैल से सुबह-शाम दो पाली में समर कैंप की शुरुआत की जा रही है, जिसमें सभी उम्र के प्रतिभागी हिस्सा ले सकते हैं। इस वर्ष नेताजी सुभाषचंद्र स्टेडियम में यह शिविर आयोजित है। इसमें सेल्फ डिफेंस, बॉडी फिटनेस टिप्स के साथ ट्रेनिंग दी जाएगी।

रायपुर। सामाजिक संस्थाओं द्वारा आयोजित समर कैंप कोई उम्र बाधित नहीं है, इसमें छोटे से बड़े-बुजुर्ग तक प्रत्येक आयुवर्ग के लोग हिस्सा ले सकते हैं। बच्चों के साथ जो माता-पिता क्रिएटिव एक्टिविटीज में शामिल होना चाहते हैं, यह उनके लिए सबसे बेहतर अवसर है, जिसमें उन्हें बच्चों के साथ समय बिताने का वक्त मिलेगा। संस्थाओं के सदस्यों के अनुसार, गर्मी की छुट्टियों में समय का सदुपयोग करना जरूरी है। सालभर बच्चे पढ़ाई, ट्यूशन, स्कूल में व्यस्त रहते हैं। बीते कुछ सालों से बच्चे और परिजन साथ में क्लास ज्वाइन करते हैं, इसमें माता-पिता और घर के बुजुर्ग की उपस्थिति रहती है।

निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण की शुरुआत

छत्तीसगढ़ अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के तत्वावधान में 15 अप्रैल से निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण केंद्र अभनपुर में नई बैच की शुरुआत हो रही है, जिसमें अग्निवीर, पुलिस, वायुसेना, नौसेना, आर्मी, सीआरपीएफ, बीएसएफ एवं अन्य पैरामिलिट्री फोर्सेस के लिए निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण अभनपुर में नया बस स्टैंड के पास बजरंगदास हायर सेकेंडरी स्कूल के सामने खेल मैदान में होगा। इसमें 14 वर्ष से अधिक उम्र के युवा अपना नाम दर्ज करा सकते हैं।

गृहिणियों के लिए आर्ट एवं पेंटिंग क्लास

कला दीक्षा आर्ट एंड म्यूजिक संस्था द्वारा 10 अप्रैल से समर क्लास की शुरुआत की जा रही है, इसमें डिफरेंट टाइप ऑफ रंगोली, क्रॉफ्ट, मधुबनी-लिप्पन आर्ट, ग्लास पेंटिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। पेंटिंग और आर्ट क्लास मुख्य रूप से गृहिणियों के लिए आयोजित है, जो बोरियाखुर्द कमल विहार में होगी।

क्लासिकल डांस

मोवा स्थित एस. डांस अकादमी में समर कैंप की शुरुआत हो चुकी है, इसमें बॉलीवुड, जिम्नास्टिक और कथक की क्लास संचालित की जा रही है। इस वर्ष शाम 5-6 और 6-7 बजे दो पाली में क्लास लगाई जा रही है। जहां तीन साल से अधिक उम्र के प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं।

वैदिक गणित प्रशिक्षण

अमेजिंग ड्रेनी किड्स संस्था द्वारा 5-15 वर्ष के बच्चों के लिए समर कैंप लगाया जा रहा है, इसमें हैंडराइटिंग, वैदिक गणित, अबेकस का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। न्यू शांति नगर स्थित संस्थान परिसर में शाम 4.30 बजे से प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

19 मार्च से यहां समर कैंप

न्यू राजेंद्र नगर स्थित स्वरांगन म्यूजिक एंड आर्ट अकादमी द्वारा आर्ट एंड क्रॉफ्ट, स्टोरी राइटिंग व टेलिंग, म्यूजिक, संगीत और नृत्य का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसकी शुरुआत कल 19 मार्च से होगी, जिसमें सप्ताह के चार दिन बच्चों को सभी गतिविधियों में शामिल होने का मौका मिलेगा।

21 दिवसीय फिटनेस क्लास

स्वस्थ शरीर के लिए न्यूट्रीशिल्प संस्था द्वारा 21 दिवसीय फिटनेस क्लास की शुरुआत की जाएगी। इसमें स्वास्थ्य संबंधी जानकारी साझा की जाएगी। जो महिलाएं एवं पुरुष लंबे समय से शरीर की तंदुरुस्ती पर ध्यान नहीं दे पा रहे, उनके लिए यह अच्छा अवसर है। 19 मार्च से क्लास की शुरुआत होगी, जिसके लिए पहले पंजीयन कराना आवश्यक है। इसमें मेडिटेशन, डाइट, स्वास्थ्य, एक्सरसाइज पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

बच्चों के साथ परिजन भी हो सकेंगे शामिल

संतोषी नगर स्थित कला आंगन नृत्य अकादमी द्वारा अप्रैल में समर कैंप की शुरू किया जा रहा है, जिसमें भरतनाट्यम, कथक और ओडिसी शास्त्रीय नृत्य का प्रशिक्षण दिया जाएगा। सीबीएसई और सीजीबोर्ड के अभ्यर्थियों की छुट्टियों के बाद क्लास शुरू की जाएगी, इसमें बच्चों के साथ माता-पिता भी शामिल हो सकते हैं।

एग्जॉम अलर्ट

बोर्ड परीक्षा के अभ्यर्थियों में तनाव का माहौल सही कॅरियर का चयन सबसे बड़ी समस्या

रायपुर। बोर्ड परीक्षा में कुशल परिणाम को लेकर विद्यार्थियों का तनाव बढ़ता जा रहा है, क्या मैं पास हो पाऊंगा? 11वीं कक्षा में किस विषय का चयन करना सही है? प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करना उचित है या नहीं? जैसे प्रश्न लगातार काउंसलर से पूछे जा रहे हैं। परीक्षा के साथ विद्यार्थियों के मन में प्रश्नों का सैलाब भी तेजी से उमड़ता जा रहा है। इस स्थिति में बच्चे जरूरत से अधिक चिंता कर रहे। तनाव से घिरे विद्यार्थियों को चिंतामुक्त करने के लिए हरिभूमि टीम द्वारा काउंसलर से चर्चा की गई, जिन्होंने अभ्यर्थियों के पूछे गए प्रश्नों का जवाब सरल शब्दों में समझाने का प्रयास किया है। इन दिनों सीबीएसई और सीजीबोर्ड एग्जाम की बेहतर तैयारी में विद्यार्थी कड़ी मेहनत कर रहे, ताकि वे अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। इस स्थिति में बच्चों में तनाव भी बढ़ता जा रहा है, जो अपने अच्छे भविष्य की चिंता में हैं। 'काउंसलर के अनुसार, परीक्षा परिणाम के अंक अभ्यर्थियों की तैयारी पर निर्धारित हैं। सालभर पढ़ने वाले बच्चों को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि जिन बच्चों ने एग्जाम से पहले तैयारी की, वे भी पास हो सकते हैं। सकारात्मक सोच बनाकर चलें और डर को हावी न होने दें।'

नकारात्मक विचारों को शांत करने की सलाह

काउंसलर सुयश ठाकुर ने बताया कि परीक्षा परिणाम को लेकर छात्रों में तनाव बढ़ता जा रहा है, जिसका एकमात्र कारण डर है।सकारात्मक सोच का प्रभाव व्यक्ति के जीवन पर जरूर पड़ता है, इस स्थिति में केवल स्वयं व्यक्ति ही अपनी परेशानियों से लड़ सकता है। इस स्थिति में परीक्षार्थी को उनके अवचेतन मन (सबकॉन्शियस माइंड) में नकारात्मक विचारों को शांत रखने की सलाह दी जा रही, ताकि उन्हें अन्य विषयों में गलती करने से रोका जा सके।

प्रतियोगी परीक्षा अंतिम विकल्प नहीं कॅरियर के लिए अनेक ऑप्शन

काउंसलर सुमन अमिताभ ने बताया कि इन दिनों दो तरह के सवाल सबसे अधिक पूछे जा रहे, पहला, गणित या विज्ञान विषय का चयन करना सही है या नहीं? दूसरा, जेईई और नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षा के लिए मैं तैयारी करूं या नहीं? काउंसलर ने बताया कि विषय का चयन अपनी पसंद के अनुसार करना सही है, जिन विषयों में आपकी रुचि बचपन से है और जो सरल है, उनका चयन करें। सभी अभ्यर्थियों को प्रतियोगी परीक्षा के पीछे भागने के आवश्यकता नहीं है, डाटा एनालिसिस जैसे अनेक कॅरियर ऑप्शन नवीन पीढ़ी के लिए बेहतर विकल्प हैं।

फैशन शो से सजी शाम, ट्रांसजेंडर ने रंगीन परिधान में किया रैंप वॉक

रायपुर। छत्तीसगढ़ मितवा संकल्प समिति द्वारा ट्रांसजेंडर वर्ग के सशक्तिकरण के लिए ट्रांसजेंडर एक्ट 2019 और नीति 2020 पर कार्यशाला आयोजित की गई। शहर के 40 स्टेक होल्डर और 20 शासकीय अधिकारी समेत 40 ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्य उपस्थित थे। कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए बतौर मुख्य अतिथि पूर्व राज्यपाल रमेश बैस ने ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए बने कानूनों और उनके अधिकारों की जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से आरक्षण और योजनाओं के निर्माण पर जोर दिया, साथ ही यह आश्वासन दिया कि वे समुदाय के पक्ष में सभी मांगपत्रों को गंभीरता से लेकर शासकीय कार्यवाही करेंगे। समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक ने ट्रांसजेंडर के सशक्तिकरण के लिए विभाग द्वारा किए गए कार्यों के बारे में विस्तार से बताया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम भी

समुदाय के सदस्यों ने केस स्टडी के माध्यम से अपनी सामाजिक और लीगल परेशानियों से अवगत कराया, जिसे सुनकर उपस्थित स्टेक होल्डर्स और शासकीय अधिकारियों ने सुझाव एवं मार्गदर्शन दिया। कार्यशाला के बाद दूसरे सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम और फैशन शो का आयोजन किया गया। ट्रांसजेंडर प्रतिभागियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी शानदार प्रस्तुति दी, जिससे कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। फैशन शो में ट्रांसजेंडर प्रतिभागियों ने रंगीन और आकर्षक परिधानों के साथ रैंप वॉक किया। इस फैशन शो में उनके द्वारा तैयार विविध थीम परिधान ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंत में फैशन शो के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए।

यूपीएससी ने असिस्टेंट प्रोफेसर सहित अन्य पदों पर निकाली भर्ती, उम्र सीमा 40 साल तक

रायपुर। संघ लोक सेवा आयोग ने डेंजरस गुड्स इंस्पेक्टर, इंग्लिश, हिन्दी, जियोग्राफी समेत अन्य ढेरों पदों पर असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों पर आवेदन आमंत्रित किए हैं। भर्ती का आधिकारिक विज्ञापन जारी हो गया है। वहीं 8 मार्च से यूपीएससी की ऑफिशियल वेबसाइट upsc.gov.in पर ऑनलाइन फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस भर्ती में उम्मीदवार अंतिम तिथि 28 मार्च 2025 तक फॉर्म भरने की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। इसके बाद एप्लिकेशन का लिंक बंद हो जाएगा। असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर फॉर्म भरने के लिए उम्मीदवारों के पास संबंधित विषय में कम से कम 55% अंकों के साथ मास्टर डिग्री होनी चाहिए। साथ ही UGC NET/SLET/SET परीक्षा में उत्तीर्ण होना भी जरूरी है। वहीं M.Phil या Ph.D में 11 जुलाई 2009 से पहले पंजीकरण कराने वाले अभ्यर्थियों को NET परीक्षा से छूट मिलेगी। डेंजरस गुड्स इंस्पेक्टर के लिए किसी भी स्ट्रीम में ग्रेजुएशन, डेंजरस गुड्स ट्रेनिंग कोर्स, और 5 साल का अनुभव होना चाहिए। योग्यता संबंधित अन्य डिटेल्स अभ्यर्थी विस्तार से भर्ती के आधिकारिक नोटिफिकेशन से चेक कर सकते हैं।

कार्नर न्यूज

कुंवारी युवतियों ने भगवान शिव जैसा वर पाने का मांगा आशीर्वाद

गणगौर उत्सव : पारंपरिक परिधान में सजीं व्रती महिलाएं, ईसर-गौरा की आराधना

रायपुर। राजस्थान में हर साल धूमधाम से मनाया जाने वाला गणगौर महोत्सव राजधानी के मारवाड़ी परिवार भी मना रहे, जो इस बार भी अपनी भव्यता और रंगीन परंपराओं के कारण खास चर्चा में बना हुआ है। यह उत्सव मारवाड़ी परिवार की कुंवारी युवतियां और सुहागिन महिलाएं भव्य त्योहार की तरह आयोजित करती हैं, जिसमें भगवान शिव और माता गौरी का पूजन किया जाता है। 16 दिनों तक चलने वाले गणगौर उत्सव में शहर का माहौल राजस्थानी संस्कृति एवं परंपराओं से ओतप्रोत नजर आता है, जहां महिलाएं अपने पारंपरिक परिधान और आभूषणों में सजी-धजी दिखती हैं।

गणगौर महोत्सव का इतिहास लगभग सौ साल पुराना है, यह पूजा भगवान शिव और माता पार्वती के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था की पूजा है। इस पर्व को मुख्य रूप से सुहागिनें और कुंवारी कन्याएं अच्छे वर तथा सौभाग्य की कामना के लिए मनाती हैं। समता कॉलोनी में सोमवार को महिलाएं ने पारंपरिक परिधान के साथ गणगौर माता की सवारी निकालती हैं, साथ ही ईसर देव और गौरा माता की झांकी भी तैयार की गई है। इस खास अवसर पर पांरपरिक शोभायात्रा, लोकनृत्य, गायन और भजन का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलोनी की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

पांच प्रतिमाओं की पूजा

गौरा, ईसर देव, सूरजमल, रोवा और मालन, इन पांच प्रतिमाओं को गाजे-बाजे के साथ पूजन कक्ष में लाया गया। व्रती महिला अर्पिता शर्मा ने बताया कि गणगौर पूजा के दौरान पांच देवी स्वरूपों की पूजा की जाती है, जिनका स्वागत सोमवार को धूमधाम के साथ किया गया। यह पूजा भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह के रूप में की जाती है, जिसमें महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान होता है। आगमन के साथ ही व्रती महिलाओं एवं युवतियों ने सात मंदिरों के जल से भगवान की प्रतिमा को चांदी की अंगूठी से पानी पिलाया। शोभायात्रा में 12-13 साल की कुवारी बच्चियां भी शामिल हुईं, जिन्होंने राजस्थानी संस्कृति एवं परंपरा को समझने का प्रयास किया।

समाज लाइव

चेट्रीचंड्र पर जेल में बंद कैदियों को बांटेंगे आवश्यक सामग्री

रायपुर। सिंधी समाज प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अपने महत्वपूर्ण त्योहार चेट्रीचंड्र को धूमधाम से मनाने की तैयारियों में जुटा हुआ है। 30 मार्च को चेट्रीचंड्र के अवसर पर सिंधी समाज की विभिन्न संस्थाएं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करेंगी।

इसी सिलसिले में रायपुर की जानी-मानी समाजसेवी संस्था सिंधु शक्ति ने नहरपारा स्थित नरेश पैलेस में बैठक आयोजित की, जिसमें संस्था के सभी सदस्य उपस्थित हुए। इस बैठक में कार्यक्रमों पर विचार-विमर्श किया गया। संस्था ने इस वर्ष समाजसेवा की दिशा में कई महत्वपूर्ण पहल की योजना बनाई है। पहले दिन संस्था हीरापुर स्थित प्रेरणा नेत्रहीन बच्चों के आश्रम में जाकर उन्हें आवश्यक सामग्री, खानपान, फल आदि वितरित करेगी। अगले दिन श्याम नगर स्थित वृद्धाश्रम में जाकर बुजुर्गों को आवश्यक सामग्री वितरित करने के साथ-साथ उनका आशीर्वाद लिया जाएगा। साथ ही इस वर्ष संस्था द्वारा जेल में बंद कैदियों के लिए भी आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने का कार्य किया जाएगा और उनकी समस्याओं को जानकर समाधान का प्रयास किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, संस्था रक्तदान कार्यक्रम भी आयोजित करने की योजना बना रही है, जिससे जरूरतमंदों की मदद की जा सके।

चेट्रीचंड्र महोत्सव शोभायात्रा 30 को संदेशप्रद झांकियों की रहेगी धूम

रायपुर। चेट्रीचंड्र महोत्सव समिति और सिंधी समाज द्वारा 30 मार्च को चेट्रीचंड्र महोत्सव शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस वर्ष भी शोभायात्रा प्रशासनिक अनुमति के अनुसार लाखेनगर मैदान से निकलकर नगर भ्रमण के बाद लाखेनगर मैदान पर ही आकर समाप्त होगी। इस शोभायात्रा में शामिल होने के लिए संत शिरोमणि साईं युधिष्ठिर लाल एवं गोदड़ीधाम देवपुरी की संत अम्मा मीरा देवी को प्रथम निमंत्रण देने पंचायत के वरिष्ठ डॉ. भीमनदास बजाज के नेतृत्व में सोमवार को शोभायात्रा संचालन समिति के प्रमुख महेश पृथ्वानी, बलराम मंधानी, दीपक केवलानी, आदर्श कलवानी, विजय शर्मा पहुंचे। इसी कड़ी में समिति के प्रवक्ता दिनेश आनंद अठवानी, पूर्व पार्षद दीपक कृपलानी महापौर मीनल चौबे एवं सभापति सूर्यकांत राठौर को आमंत्रित करने निगम कार्यालय भी पहुंचे। इस मौके पर महापौर श्रीमती चौबे ने सिंधी समाज को चेट्रीचंड्र महोत्सव की अग्रिम बधाई दी और शोभायात्रा में शामिल होने की सहमति भी दी।



● 30 मार्च से चैत्र नवरात्रि की शुरुआत, मंदिर में रंगरोगन के साथ कलश की साफ-सफाई का काम शुरू

चैत्र नवरात्रि पर 10 देवी मंदिरों में जगमगाएंगे 50 हजार से अधिक ज्योति कलश, हर दिन होगा माता का भव्य श्रृंगार

"चैत्र नवरात्रि को चंद दिन ही शेष होने के चलते देवी मंदिरों में तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो चुकी हैं। देवालयों में रंगरोगन किया जा रहा है। महामाया मंदिर में जहां तांबे के कलश की साफ-सफाई कर चमकाया जा रहा है, जिन्हें एक-दो दिनों बाद क्रमवार सजाया जाएगा। अन्य देवी मंदिरों में भी मिट्टी के कलश में ज्योति प्रज्ज्वलित करने की तैयारी चल रही है। ज्योति प्रज्ज्वलन करने के लिए श्रद्धालु पंजीयन कराने मंदिर पहुंच रहे हैं।

रायपुर। पिछले साल की अपेक्षा इस साल ज्यादा जोत प्रज्ज्वलन का लक्ष्य रखा गया है। पुरानी बस्ती के ऐतिहासिक महामाया मंदिर पुजारी का कहना है कि मनोकामना जोत के लिए पंजीयन 29 मार्च की रात्रि 8 बजे तक किया जाएगा। पिछले साल की तरह इस बार भी 11 हजार जोत जलाने का लक्ष्य रखा गया है। माता के दरबार में इस बार 50 हजार से भी अधिक ज्योति कलश जगमगाएंगे। महामाया मंदिर के साथ रावांभाठा स्थित मां बंजारी मंदिर में 10 हजार भक्तों की मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित होगी। इसके अलावा ब्राह्मणपारा कंकाली मंदिर, अमीनपारा और आमापारा के शीतला मंदिर, कुशालपुर के दंतेश्वरी मंदिर, समता कॉलोनी के गायत्री मंदिर समेत माना रोड के मां त्रिपुर सुंदरी मंदिर, चूड़ी लाइन के शनि मंदिर, बंधवापारा के सतबहिनिया मंदिर में 30 हजार से भी अधिक ज्योति कलश इस बार प्रज्ज्वलित किए जाएंगे।

30 हजार लीटर तेल की होगी खपत

महामाया मंदिर में नवरात्रि के नौ दिनों तक लगभग 30 हजार लीटर तेल की मदद से भक्तों की मनोकामना के लिए ज्योति जलाई जाएगी। लगभग 300 टीन घी और 2 हजार टीन तेल मंगा लिया गया है। मंदिर को फूलों से सजाने के लिए भी बाहर से फूल मंगाए गए हैं। मंदिर के बाहर माता की चुनरी और पूजा सामग्री की दुकानें सज चुकी हैं। मंदिर के पुजारी के मुताबिक, 30 मार्च की मध्यरात्रि 12 बजे के बाद से माता की पूजा-अर्चना शुरू कर दी जाएगी। अभिजीत मुहूर्त में मंदिर में ज्योति कलश की स्थापना व माता की पूजा-अर्चना की जाएगी। नवरात्रि के पहले दिन मंदिर के गर्भगृह को फूलों से सजाया जाएगा, वहीं पहले दिन मां शैलपुत्री का श्रृंगार होगा। 11 बजे महाआरती के बाद भक्तों को प्रसाद वितरित किया जाएगा। मंदिर में मां की भक्ति पर भजन कीर्तन का कार्यक्रम दिनभर चलता रहेगा।

सुबह 4 बजे पहली आरती

रविवि परिसर स्थित बंजारी मंदिर में रविवार रात 12 बजे के बाद सोमवार से नवरात्रि की पूजा शुरू होगी। सुबह 4 बजे माता की पहली आरती होगी। मंदिर में 10 बजे के बाद ज्योति कलश की स्थापना की जाएगी। पुजारी के मुताबिक, इस बार 8 हजार ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। पहले दिन माता का लाल चुनरी व फूलों से विशेष श्रृंगार किया जाएगा। मंदिर में देर रात तक श्रद्धालु माता के दर्शन कर सकते हैं। मंदिर पहुंचने के मार्ग पर लाइटिंग की व्यवस्था की गई है।

नीबू की माला से माता का श्रृंगार

आकाशवाणी स्थित कालीमाता मंदिर में 30 मार्च को विधिवत रूप से ज्योति कलश स्थापना की जाएगी। मंदिर के पुजारी ने बताया कि सुबह 10 बजे शुभ मुहूर्त में माता की आरती होगी। इस दौरान नीबू की माला से माता का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। ज्योति कलश स्थापना समेत अन्य अनुष्ठानों में श्रद्धालु शामिल हो सकते हैं। 8 हजार ज्योति कलश मंदिर में स्थापित होंगे। हर दिन माता का विशेष श्रृंगार होगा। पुरानी बस्ती स्थित दंतेश्वरी मंदिर और कंकाली माता मंदिर में सुबह 10 बजे अभिजीत मुहूर्त में मंदिरों में ज्योति कलश की स्थापना होगी। श्रद्धालु ज्योति जलाएंगे। दोनों मंदिर में 15 हजार से अधिक ज्योति कलश जलाए जाएंगे। मंदिर में सुबह 4 बजे आरती होने के बाद सुबह 8 बजे भी नियमित आरती होगी। कलश स्थापना के बाद लगभग 12 बजे महाआरती की जाएगी।

सिटी लाइव

जहां नारी का सम्मान, वहां होता है देवताओं का निवास, किया यज्ञ

रायपुर। अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रज्ञापीठ के सभी गायत्री मंदिरों में सम्मान-समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में अपने-अपने क्षेत्र में रहकर शिक्षा, संस्कार,साहित्य वितरण, सामाजिक उत्थान एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में आगे बढ़कर कार्य करने वाली उन सभी सक्रीय महिला कार्यकर्ताओं का अक्षता, तिलक, रोली, मंत्र, चादर, वस्त्र एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। उपस्थित महिला कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए गायत्री प्रज्ञापीठ रामनगर मुक्तिधामके सहायक प्रबंधट्रस्टी मोहन उमरे ने कहा की नारी में अपरिमित शक्ति और क्षमताएं विद्यमान है।

हर क्षेत्र में कामयाबी का परचम लहरा रही

आज नारी अपने साहस के बल पर पुरे आत्म-विस्वास के साथ हर क्षेत्र में कामयाबी का परचम लहरा रही है। नई सदी में कामयाबी के उच्चतम शिखर को छूने की महिलाओं में अपार क्षमता है। आज समाज में नारी के स्तर को और ऊंचा उठाने के लिए महिला सशक्तिकरण की सबसे अधिक आवाश्यकता है। महिला सशक्तिकरण का अर्थ है महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और आध्यात्मिक शक्ति से सुदृढ़ बनाना। अब वक्त आ गया है कि हर महिला अपने ऊपर लगे तमाम रुढ़ियो से खुद को मुक्त करें।

स्टेथोस्कोप छोड़कर चलाई कूची दीवारों पर उकेरीं मनमोहक तस्वीरें



रायपुर। पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव ललित कला प्रतियोगिता स्पंदनः वाइब ऑफ भारत का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत वॉल पेंटिंग एवं अद्वैत : द फिफ्थ स्ट्रोक मुख्य भाग के रूप में आयोजित हुए। अद्वैत द फिफ्थ स्ट्रोक के अंतर्गत क्रॉफ्ट मेकिंग, कैनवास पेंटिंग, मॉडल मेकिंग, डूडल आर्ट, रंगोली, मेहंदी, पेबल आर्ट, मेकअप आर्ट, हेयर स्टाइलिंग, लाइव स्केचिंग, फोटोग्राफी इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एमबीबीएस अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया, जिसमें प्रथम वर्ष से लेकर अंतिम वर्ष तक के प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वॉल पेंटिंग का आयोजन कुल 4 समूह बनाकर किया गया, हर समूह को भारत की एक दिशा से जुड़ी संस्कृति, कलाकृतियां, चिकित्सा एवं खानपान को चित्रों के माध्यम से दर्शाना था।

कला में दिखी भारत की संस्कृति

चिकित्सा महाविद्यालय में ललित कला प्रतियोगिता

विभिन्न थीम्स चित्रकला देखने को मिली, जिसमें आर्टिस्टिक सागा में पूर्व भारत की संस्कृति को दर्शाया और आर्ट अटैकर्स में उत्तर भारत की संस्कृति को दर्शाया, सृजनधारा में दक्षिण भारत की संस्कृति को दर्शाया, ब्रश बैश, जिन्होंने पश्चिम भारत की संस्कृति को दर्शाया। इस ललित कला प्रतियोगिता में संस्कार गुप्ता एवं कामिनी ठाकुर के नेतृत्व में सृजनधारा समूह को प्रथम पुरस्कार मिला। चिकित्सा छात्रों द्वारा बनाई गई इन कलाकृतियों और पेंटिंग्स की इस प्रदर्शनी को जनसामान्य कार्यालयीन समय में पूरे मार्च माह तक देख सकते हैं। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि इंदू चटर्जी एवं विशेष अतिथि केके अग्रवाल रहे, जो इस प्रतियोगिता के निर्णायक भी रहे।

संगठनों के होली मिलन समारोह में खूब झूमे लोग

रायपुर। ऑल इंडिया ब्राह्मण संगठन द्वारा हीरापुर स्थित एक रेस्टोरेंट में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फूलों की होली खेली गई। इस दौरान भजन-कीर्तन, नृत्य, गायन समेत अनेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। विशेष अवसर पर राधा-कृष्ण, सुभद्रा और रुक्मिणी की झांकी भी तैयार की गई, भक्ति और उत्साह से भरपूर होली महोत्सव में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें दस से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया है। संगठन की अध्यक्ष बबीता दुबे, शुभम दुबे, अमन शर्मा, आरजू वैभव शुक्ला, एसके द्विवेदी शामिल हुए।

अरे जा रे हट नटखट... पर मनमोहक प्रस्तुति

चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फाग महोत्सव की शुरुआत अरे जा रे हट नटखट...लोकप्रिय गीत के साथ हुई। इस अवसर पर संस्था के महिला मंडल द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी गई। शानदार प्रस्तुति के साथ ही सभी आपस में फूल और गुलाल के साथ होली के रंग एवं गानों पर झूमते नजर आए। आयोजन के दौरान रचना ठेंगड़ी, रीना, देविका देशपांडे एवं श्रावणी मुकादम ने मनमोहक फाग गीतों पर प्रस्तुति दी।

मुनिश्री समतासागर महाराज ने धर्म का स्वरूप में कही प्रेरक बातें

छोटे परिवारों का चलन बढ़ रहा समाज में यह चिंता का विषय

रायपुर। समवसरण विधान के प्रथम दिवस पर निर्यापक श्रमण मुनिश्री समतासागर महाराज ने धर्म का स्वरूप क्या है और उसे जीवन में प्राप्त कैसे करें? विषय पर अपनी अमूल्य देशना दी। उन्होंने कहा कि चाहे व्यक्ति बड़ा हो या छोटा, परिचित हो या अपरिचित, देशी हो या विदेशी, यदि वह अपने कर्तव्य पथ का पालन कर रहा है तो समझना चाहिए कि वह अपने धर्म का पालन कर रहा है। मुनिश्री ने कहा, जब सैनिक अपने कर्तव्य का पालन करता है तो यह समझा जाता है कि वह अपने धर्म का पालन कर रहा है। इसी तरह एक गृहिणी भी जब अपने कर्तव्य का पालन करती है तो वह अपने धर्म का पालन कर रही होती है। बच्चे जब शोर करते हैं, उधम मचाते हैं तो यह उनका धर्म है, क्योंकि बच्चों का स्वभाव यही होता है। यही कारण है कि यदि एक बच्चा जन्म के बाद न रोए तो यह अच्छा नहीं माना जाता, क्योंकि रोना भी बच्चे का धर्म है।

अपना भाग्य स्वयं लेकर आती है संतान

मुनिश्री ने रायपुर के विभिन्न जिनालयों के दर्शन करने के बाद मालवीय रोड स्थित जिनालय में समवसरण विधान के आयोजन के दौरान उपदेश दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज के समय में लोग अधिकाधिक व्यापार में वृद्धि तो कर रहे हैं, लेकिन परिवार में घटाव हो रहा है। पहले एक घर में पूरा परिवार रहता था, लेकिन आजकल छोटे परिवारों का चलन है, जो समाज के लिए चिंता का विषय बन चुका है। मुनिश्री ने यह भी कहा कि यदि गृहस्थ धर्म को स्वीकार किया है तो संतानोत्पत्ति पर भी ध्यान देना चाहिए, क्योंकि संतान अपना भाग्य स्वयं लेकर आती है।

समयसार का सही तरीके से अध्ययन जरूरी

मुनिश्री ने अपने प्रवचन में कहा कि समयसार का स्वाध्याय करना और रत्नात्रय को धारण करना अत्यंत महत्वपूर्ण है, ताकि निर्ग्रंथता प्राप्त हो सके। उन्होंने उदाहरण में बताया कि जैसे प्यास बुझाने के लिए पानी पीयें तो वह अमृत बन जाता है, लेकिन यदि आप पानी में डूबकर तैरना नहीं जानते तो आपकी स्थिति खतरे में पड़ सकती है। इसी प्रकार गृहस्थी में रहते हुए शुद्धता की भूमिका तो बनाई जा सकती है, लेकिन समयसार का सही तरीके से अध्ययन और स्वाध्याय से ही हम धर्म के वास्तविक मार्ग पर चल सकते हैं।

ज्योतिष

29 मार्च को साल का पहला सूर्य ग्रहण, इन राशि वालों को मिल सकता है विशेष लाभ

साल 2025 का पहला चंद्र ग्रहण होली के अवसर पर लग चुका है, जिसके बाद सबकी नजर अब सूर्य ग्रहण पर है। बता दें, साल का पहला सूर्य ग्रहण 29 मार्च यानी चैत्र माह की अमावस्या तिथि के दिन लगेगा। इसका समय दोपहर 2 बजकर 20 मिनट से शाम 6 बजकर 16 मिनट तक रहेगा। हालांकि, चंद्र ग्रहण की तरह यह ग्रहण भी भारत में दिखाई नहीं देगा, जिसके चलते इसका सूतक काल भी मान्य नहीं है। यह मुख्य रूप से ऑस्ट्रेलिया, एशिया, हिंद महासागर में नजर आएगा। परंतु, ज्योतिषियों की मानें तो साल का पहला सूर्य ग्रहण कुछ राशि वालों के लिए लाभकारी भी साबित हो सकता है।

सूर्य ग्रहण का ज्योतिषीय महत्व

आपको बता दें कि, 29 मार्च को लगने वाला सूर्य ग्रहण मीन राशि और उत्तर भाद्रपद नक्षत्र में घटित होगा। इस दौरान, सूर्य, राहु, शुक्र, बुध और चंद्रमा सभी मीन राशि में स्थित होंगे, जो इस ग्रहण के प्रभाव को और भी अधिक महत्वपूर्ण बना रहे हैं।

मेष राशि : ज्योतिष गणना के अनुसार साल का पहला सूर्य ग्रहण मेष राशि वालों के लिए खास हो सकता है। आपको करियर और नौकरी में अच्छे परिणाम मिलने की उम्मीद है। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। अविवाहित जातकों की विवाह के संबंध में बातचीत हो सकती है। शिक्षा के क्षेत्र में अच्छी सफलता मिलेगी।

कर्क राशि : कर्क राशि वालों के लिए साल का पहला सूर्य ग्रहण लाभकारी है। किसी नई संपत्ति खरीदने के योग है। जीवन में सुख-शांति बनी रहेगी। अधूरे कार्यों में सफलता के योग है। पहले अगर किसी निवेश को किया था, तो उससे लाभ मिलने के योग है। नौकरी की तालाश कर रहे लोगों का इंतजार खत्म हो सकता है।

मकर राशि : मकर राशि वालों का कार्यक्षेत्र में बड़े अधिकारियों से तालमेल बढ़ेगा। वैवाहिक जीवन में खुशियां बढ़ेगी। आपके लाभ के अवसरों में वृद्धि होगी जिससे आर्थिक स्थिति में बदलाव आएगा। कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है। करियर में लाभ होगा। अधूरे कार्यों में सफलता के योग है।

हाथों की रेखाओं में मिलते हैं कॅरियर में सफलता और संघर्ष के संकेत

हस्तरेखा शास्त्र ज्योतिष का एक महत्वपूर्ण अंग माना जाता है, जिसके माध्यम से व्यक्ति की हथेलियों की रेखाओं का अध्ययन करके उसके भविष्य के बारे में अनुमान लगाया जाता है। खासकर कॅरियर से जुड़ी संभावनाओं और चुनौतियों को समझने में हथेली की रेखाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। आइए जानते हैं कि किन रेखाओं से कॅरियर में आने वाली परेशानियों और सफलता के संकेत मिलते हैं।

कॅरियर में आने वाली परेशानियों के संकेत

छोटी सूर्य रेखा: जिन लोगों की हथेली में सूर्य रेखा बहुत छोटी होती है और हृदय रेखा से पहले ही समाप्त हो जाती है, उन्हें करियर में कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इन्हें अपनी पसंदीदा नौकरी पाने में कठिनाइयां हो सकती हैं।

कटती हुई रेखाएं: यदि किसी व्यक्ति की हथेली में सूर्य पर्वत पर तीन या चार रेखाएं एक-दूसरे को काट रही हों, तो ऐसे लोगों को करियर में स्थिरता बनाए रखना मुश्किल होता है। उनके जीवन में बार-बार उतार-चढ़ाव आते हैं।

अस्पष्ट सूर्य रेखा: जिन लोगों की सूर्य रेखा स्पष्ट नहीं होती, उन्हें जीवन में हर निर्णय बहुत सोच-समझकर लेना चाहिए, क्योंकि इनके करियर में कई बार अनिश्चितता बनी रहती है।

सफलता के संकेत

उन्नत गुरु पर्वत: तर्जनी उंगली के नीचे स्थित गुरु पर्वत यदि उभरा हुआ हो, तो ऐसे लोग बेहद भाग्यशाली माने जाते हैं। इन्हें सरकारी नौकरी, शिक्षा, चिकित्सा और प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में सफलता मिलती है।

स्पष्ट और लंबी सूर्य रेखा: जिनकी हथेली में सूर्य रेखा स्पष्ट और लंबी होती है, उन्हें कॅरियर में सफलता और प्रसिद्धि प्राप्त होती है।

हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार, कॅरियर में आने वाली चुनौतियों और संभावनाओं को समझकर सही दिशा में प्रयास किया जाए तो सफलता प्राप्त करना संभव है।

पुरुषों की तुलना में महिलाओं को क्रोनिक किडनी डिजीज होने का खतरा अधिक

महिलाओं में बढ़ती किडनी की बीमारियों का पता चल गया बड़ा कारण, आप भी तो नहीं हैं इसका शिकार?

किडनी से संबंधित बीमारियों का जोखिम काफी तेजी से बढ़ता जा रहा है। महिला हों या पुरुष, बच्चे हों या बुजुर्ग सभी इसका शिकार हो रहे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, पुरुषों की तुलना में महिलाओं को क्रोनिक किडनी डिजीज (सीकेडी) होने का खतरा अधिक रहता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ इसके लिए ऑटोइम्यून डिजीज, यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन (यूटीआई) और गर्भावस्था से संबंधित जटिलताओं को जिम्मेदार मानते हैं।



यूटीआई के कारण किडनी की बीमारियों का खतरा

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, बार-बार मूत्र मार्ग में संक्रमण यानी यूटीआई होना गंभीर जोखिमों का कारण माना जाता है। ये संक्रमण ई. कोलाई जैसे बैक्टीरिया के कारण भी हो सकता है, अगर समय रहते इसपर ध्यान न दिया जाए या फिर संक्रमण का इलाज न हो पाए तो ये संक्रमण ब्लैडर से होते हुए किडनी तक पहुंच सकता है। इससे किडनी की बीमारी और यहां तक कि किडनी फेलियर की दिक्कत भी हो सकती है।

महिलाओं को यूटीआई का खतरा क्यों ज्यादा होता है?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं कि महिलाओं का मूत्रमार्ग छोटा होता है, जिससे बैक्टीरिया आसानी से ब्लैडर तक पहुंच सकते हैं। गर्भावस्था, मासिक धर्म और मेनोपॉज के कारण होने वाले हॉर्मोनल बदलाव भी महिलाओं में यूटीआई का जोखिम बढ़ा देते हैं। डॉक्टर बताते हैं कि कुछ और स्थितियां हैं जो यूटीआई और किडनी की बीमारियों का जोखिम बढ़ाने वाली हो सकती हैं। कम पानी पीने के कारण शरीर से अपशिष्ट और बैक्टीरिया फ्लश नहीं हो पाते, जिससे संक्रमण होने का खतरा बढ़ जाता है।

कैसे जानें कहीं आपको भी तो नहीं है यूटीआई?

शुरुआत में यूटीआई के कोई लक्षण नहीं नजर आते हैं। हालांकि जब संक्रमण बढ़ने लगता है तो आपको कई प्रकार की समस्याएं हो सकती हैं। पेशाब करते समय दर्द या बार-बार पेशाब करने की इच्छा होना। अचानक पेशाब महसूस होना। बहुत कम मात्रा में पेशाब आना या पेशाब के साथ खून आना। पेट के निचले मध्य भाग में दर्द। तेज गंध के साथ झाग वाला पेशाब आना। इन संकेतों के साथ आपको तेज बुखार, उल्टी-मितली की भी दिक्कत हो सकती है। अगर आपको इस तरह की समस्याओं का अनुभव हो रहा है तो तुरंत किसी डॉक्टर से संपर्क करें।

यूटीआई से बचाव के लिए क्या उपाय करें?

यूटीआई का समय पर पता लगाना और इलाज करना बहुत जरूरी है। उपचार का लक्ष्य संक्रमण को किडनी या ऊपरी मूत्र पथ में फैलने से रोकना है। आमतौर पर बैक्टीरिया को मारने के लिए एंटीबायोटिक दवाएं दी जाती हैं। आप दैनिक जीवन में कुछ बातों का ध्यान रखकर भी इस संक्रमण से बचाव कर सकते हैं।

खूब सारा पानी और पदार्थ पीते रहें।

जननांगों की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें।

सुरक्षित यौन संबंध बनाना जरूरी है।

अगर आपको डायबिटीज है तो शुगर लेवल को कंट्रोल में रखना संक्रमण से बचाव के लिए बहुत जरूरी है।

क्या आप भी ज्यादा पानी पी रहे हैं? तुरंत कम कीजिए, वरना शरीर के हर अंग पर होगा असर, मौत तक का खतरा

पानी हमारे लिए बहुत जरूरी है लेकिन ज्यादा पानी जरूरी नहीं है। अगर आप लगातार कई दिनों तक ज्यादा पानी पीते हैं तो इसके कई नुकसान हो सकते हैं।

शरीर की हर प्रक्रिया के लिए पानी की जरूरत होती है। कोशिकाओं के अंदर भी पानी चाहिए. यही कारण है कि हमारे शरीर का 60 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा पानी से भरा हुआ है। इसलिए, अक्सर डॉक्टर कहते हैं कि पर्याप्त पानी पीना चाहिए। पर्याप्त पानी पीने से शरीर हाइड्रेट रहता है और इससे शरीर की सारी प्रक्रिया सुचारू रूप से चलता रहता है। लेकिन, पानी पीने की लिमिट कितनी होनी चाहिए। कहीं, आप जरूरत से ज्यादा तो पानी नहीं पी रहे हैं। अगर आप शरीर की जरूरत से ज्यादा पानी पी रहे हैं तो इसके कई नुकसान भी हो सकता है। यहां जान लीजिए जरूरत से ज्यादा पानी पीने के नुकसान क्या हैं।

इस तरह के होंगे नुकसान

किडनी पर बढ़ेगा लोड : टीओआई की खबर के मुताबिक अगर आप ज्यादा पानी पी रहे हैं तो इससे आप अपनी किडनी पर ओवरलोड दे रहे हैं। हमारी किडनी हमारे शरीर की गंदगी और अतिरिक्त पानी को शरीर से बाहर निकालती है। अगर हम ज्यादा पानी पिएंगे तो हमारी किडनी को इसे बाहर निकालने के लिए ज्यादा काम करने की जरूरत होगी। इससे किडनी पर अतिरिक्त दबाव पड़ेगा और लगातार ऐसा होने से किडनी की क्षमता कमजोर होने लगेगी।

नसें हो जाएंगी कमजोर : हमारे शरीर में संवेदों को दिमाग तक पहुंचाने और दिमाग के संदेश को शरीर के हर हिस्सों तक पहुंचाने का काम इलेक्ट्रोलाइट्स करता है। इलेक्ट्रोलाइट्स में सोडियम, पोटैशियम और मैग्नीशियम होता है। आप समझ लीजिए कि यह शरीर में बिजली का तार बनाता है। इससे तार के माध्यम से सिग्नल बनता है।



मौत भी हो सकती

ज्यादा पानी पीने से खून में सोडियम लेवल बुरी तरीके से घट जाएगा। इससे दिमाग में सूजन हो जाएगी. दिमाग में सूजन का पूरे शरीर पर बहुत बुरा असर पड़ेगा। इससे जी मितलाने लगेगा, उल्टी होगी, मिर्गी का दौरा पड़ रह सकता है। बहुत खतरनाक स्थिति में कॉमा या मौत भी हो सकती है।

हार्ट पर प्रेशर

अगर आप ज्यादा पानी पिएंगे तो इसका असर सिर्फ किडनी पर ही नहीं, बल्कि हार्ट पर भी पड़ेगा। ज्यादा पानी पीने से खून की मात्रा बढ़ जाएगी, क्योंकि खून में ज्यादा पानी भर जाएगा। जब ब्लड का वॉल्यूम बढ़ेगा तो इससे हार्ट पर अतिरिक्त प्रेशर पड़ेगा। इस कारण हार्ट को ज्यादा पंप करना होगा। हार्ट जब ज्यादा तेज गति से चलेगा तो यह रिस्की हो सकता है। इससे हार्ट में कई परेशानियां हो सकती है।

हाथ-पैरों में सूजन

शरीर में सूजन-अगर आप ज्यादा पानी पिएंगे तो इससे शरीर के कई हिस्सों में पानी भरने लगेगा। इससे हर जगह सूजन होने लगेगी। चेहरे पर पफीनेस आने लगेगा. हाथ और पैर में सूजन होने लगेगी। यहां तक कि उंगलियां भी सूजने लगेगी. इससे अन्य तरह की परेशानी होने लगेगी।

इस फल के बीजों में सेहत का राज, इम्युनिटी होगी मजबूत, घोड़े जैसी मिलेगी ताकत

पपीते के बीज में भरपूर मात्रा में विटामिन, जिंक, फॉस्फोरस, कैल्शियम, मैग्नीशियम, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं। बीज में विटामिन-सी भी पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। जो इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है।

कहते हैं कि फलों से ज्यादा औषधि उनके बीज में समाहित होती है। कहीं न कहीं ये बात सच भी है।आम से लेकर जामुन तक तथा अमरूद से लेकर पपीता तक। फलों के सेवन के बाद यदि इनके बीज का चूर्ण बनाकर नियमित रूप से सेवन किया जाए, तो बड़ी से बड़ी बीमारियों का उपचार हो सकता है। आज हम आपको इन्हीं फलों में से एक 'पपीते'की बीज के सेवन पर विशेष जानकारी साझा करने वाले हैं। पतंजलि आयुर्वेदाचार्य भुवनेश पांडे बताते हैं कि ज्यादातर लोग पपीते का सेवन कब्ज़, पेट की ठंडक, वज़न घटाने तथा पीलिया जैसी समस्या से निजात पाने के लिए करते हैं। हालांकि, इसके बावजूद भी उन्हें इसके बीज के औषधीय गुण तथा उपयोग की जानकारी नहीं होती है। पपीते की तरह ही उसके बीजों को भी पेट से जुड़ी समस्या के लिए बेहद कारगर माना गया है।

कब्ज की समस्या से राहत पाने में करते हैं मदद : विशेषज्ञों का कहना है कि कई स्टडीज में यह पाया गया है कि पपीते के बीज में प्रोटियोलिटिक एंजाइम की अच्छी मात्रा होती है। ये एंजाइम आंतों में रहने वाले बैक्टीरिया का नाश करते हैं। पेट को हेल्दी रखने तथा कब्ज की समस्या से राहत पाने में मदद करते हैं। इतना ही नहीं, शरीर में बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल को भी पपीते के बीज की सेवन से कम किया जा सकता है।

शरीर को बचाता है कई बीमारियों से : गुणों से भरपूर पपीते के बीज में विटामिन-सी भी पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। जो इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है। शरीर को कई बीमारियों से बचाता है। इन बीजों को एंटीऑक्सिडेंट, विटामिन और विभिन्न प्रकार के खनिजों का भंडार भी माना जाता है। जो त्वचा से जुड़ी समस्याओं को कम करते हैं। बालों की ग्रोथ के लिए भी सहायक है।

चूर्ण को गुनगुने पानी में डालकर करें सेवन : भुवनेश बताते हैं कि पपीते का बीज सब के लिए लाभप्रद नहीं होता है। इसलिए चिकित्सक की सलाह के बाद ही किसी भी व्यक्ति को इसका सेवन करना चाहिए।

खांसी-जुकाम का प्रकोप, करें इन घरेलू चीजों का सेवन, झटपट मिलेगी राहत

बदलते मौसम के साथ खांसी, जुकाम और अन्य वायरल बिमारियों के मामले भी तेजी से बढ़ने लगे हैं। मौसम में अचानक बदलाव से शरीर की इम्युनिटी कमजोर पड़ सकती है, जिससे सर्दी, खांसी और बुखार जैसी समस्याएं खड़ी हो सकती हैं। हालांकि, एक सही और संतुलित आहार से इन समस्याओं से बचा जा सकता है और शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाया जा सकता है। हम आपको उन खाद्य पदार्थों के बारे में बताने जा रहे है, जिन्हें अपनी डाइट में शामिल करके आप इन मौसमी बिमारियों से बच सकते हैं और जल्दी राहत पा सकते हैं।

डॉ. राजकुमार (डी. यू. एम) ने कहा कि बदलते मौसम में खांसी और जुकाम की समस्या आम है, लेकिन उचित आहार और घरेलू उपायों के जरिए इनसे निपटा जा सकता है। अदरक, शहद, हल्दी वाला दूध, आंवला, नींबू, तुलसी और काली मिर्च जैसी चीजें न केवल इम्युनिटी बढ़ाती हैं, बल्कि सर्दी-जुकाम जैसी समस्याओं में भी राहत देती हैं।

अदरक और शहद का ऐसे करें सेवन

अदरक और शहद का सेवन सर्दी और जुकाम में तुरंत राहत देता है। अदरक में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सिडेंट गुण होते हैं, जो गले की खराश को शांत करते हैं और शहद उसकी सूजन को कम करता है। यह मिश्रण इम्युनिटी को बढ़ाता है, जिससे शरीर के अंदर संक्रमण से लड़ने की क्षमता बेहतर होती है। रोज सुबह अदरक-शहद का मिश्रण लेने से आपको खांसी और जुकाम से राहत मिल सकती है।

हल्दी वाला दूध भी कारगर उपाय

हल्दी वाला दूध एक बेहद प्रभावी घरेलू उपचार है, जो सर्दी और जुकाम में राहत देने के लिए जाना जाता है। हल्दी में करक्यूमिन नामक तत्व होता है, जो एक शक्तिशाली एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-वायरल गुणों से भरपूर होता है। यह शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है और संक्रमण से लड़ने में मदद करता है। रात को सोने से पहले हल्दी वाले गर्म दूध का सेवन करना फायदेमंद रहता है।

खांसी की अचूक दवा

आंवला और नींबू में भरपूर मात्रा में विटामिन C पाया जाता है, जो शरीर की इम्युनिटी को बढ़ाने में मदद करता है। विटामिन सी से भरपूर यह फल सर्दी-जुकाम और अन्य मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए अत्यंत लाभकारी होते हैं। आंवला का रस और नींबू का सेवन शरीर में ऊर्जा भी बढ़ाता है और वायरस के प्रभाव से लड़ने में मदद करता है।

फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

62 साल के एक्शन हीरो 36 साल की इस हीरोइन को कर रहे डेट!

हॉलीवुड के पॉपुलर एक्टर टॉम क्रूज और हॉलीवुड एक्ट्रेस एन डी अरमास की जोड़ी एक बार फिर सुर्खियों में हैं। वजह उनकी कोई फिल्म नहीं बल्कि दोनों करीबियां हैं। हाल ही में दोनों को लंदन में एक बार फिर साथ देखा गया, जिसके बाद उनकी डेटिंग की अफवाहें फिर से तेज हो गई हैं। पहली भी जब टॉम क्रूज और एन डी अरमास को एक साथ देखा गया था, तो फैन्स के दिलों की धड़कनें तेज हो गई थीं। इन लेटेस्ट तस्वीरों ने एक बार फिर उनकी करीबियों को सुर्खियों में ला दिया है। टॉम क्रूज अपनी फिल्मों जैसे 'मिशन इम्पॉसिबल' और 'टॉप गन' के लिए मशहूर हैं तो वहीं एन डी अरमास को 'नो टाइम टू डाई' और 'ब्लेड रनर 2049' जैसी फिल्मों के लिए पहचाना जाता है, दोनों को को लंदन की सड़कों पर एक साथ स्पॉट किया गया। दोनों की केमिस्ट्री और हंसी-मजाक करते हुए तस्वीरें वायरल हो रही हैं। मीडिया रिपोर्टों में बताया जा रहा है कि वे किसी खास प्रोजेक्ट या निजी मुलाकात के लिए वहां मौजूद थे। यह पहली बार नहीं है जब इन दोनों के बीच रोमांस की चर्चा हुई हो। पहले भी कई मौकों पर उनकी नजदीकियों की खबरें सामने आ चुकी हैं, लेकिन दोनों ने कभी इस पर खुलकर कुछ नहीं कहा।

टॉलीवुड

एल2 से पहले सिनेमाघरों में रिलीज होगा लूसिफर का भाग एक

मलयालम अभिनेता मोहनलाल के फैंस के लिए खुशखबरी है, क्योंकि उनके फैंस एक बार फिर से उनकी सुपरहिट फिल्म लूसिफर को सिनेमाघरों में देख सकेंगे। फिल्म निर्माताओं ने फैसला किया है कि एल2: एम्पुरान की रिलीज से पहले इसका पहला भाग सिनेमाघरों में रिलीज किया जा रहा है। मोहनलाल की फिल्म लूसिफर, जिसे पृथ्वीराज सुकुमारन ने निर्देशित किया था, एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म इसके सीक्वल एल2: एम्पुरान से पहले दोबारा रिलीज की जा रही है। लूसिफर पहली बार 2019 में रिलीज हुई थी और यह फिल्म उस समय सुपरहिट हुई थी। लूसिफर मलयालम सिनेमा की सबसे मशहूर फिल्मों में से एक है, जो फिर से बड़े पर्दे पर रीलीज होगी। यह एक राजनीतिक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसमें मोहनलाल का दमदार किरदार लोगों को बेहद पसंद आया था। लूसिफर को दोबारा 20 मार्च, 2025 को रिलीज होगी ताकि दर्शक सीक्वल एल2: एम्पुरान से पहले इसे फिर से देख सकें। एल2: एम्पुरान 27 मार्च को रिलीज होने वाली है। मोहनलाल ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी और ट्रेलर शेयर किया है। एल2: एम्पुरान की कहानी वहीं से शुरू होगी, जहां लूसिफर खत्म हुई थी। बहरहाल, मोहनलाला के फैंस के लिए एक साथ उनकी दो फिल्मों को सिनेमाघरों में देखने का मौका मिलेगा। पहले लूसिफर और फिर लूसिफर 2। मोहनलाल और पृथ्वीराज सुकुमारन की फिल्म 'एल2: एम्पुरान' 27 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है।

भोजपुरी

महज 11 साल की उम्र में कर डालीं 45 भोजपुरी फिल्म्स

भोजपुरी फिल्में बहुत तेजी से बनती हैं। और, एक बार जो सितारा भोजपुरी फिल्मों के दर्शों को पसंद आ जाए। उसकी फिल्में भी धड़ाधड़ रिलीज होती हैं। बड़े-बड़े सितारों की बात अलग है भोजपुरी फिल्मों के चाइल्ड आर्टिस्ट भी इसी तरह धमाल मचाते हैं। इसकी एक मिसाल बने हैं आर्यन बाबू. जिनकी उम्र बहुत कम है। लेकिन, अभी तक वो कई बड़े भोजपुरी सितारों के साथ स्क्रीन शेयर कर चुके हैं। एक ही साल में उन्होंने अपनी उम्र से चौगुनी से ज्यादा मूवीज कर दी हैं। इंस्टाग्राम पर मेहंदी न्यूज नाम के हैंडल ने आर्यन बाबू का ये वीडियो शेयर किया है। व्हाइट कलर की शर्ट में दिख रहे छोटे से आर्यन बाबू इस वीडियो में बता रहे हैं कि वो अब तक 45 फिल्मों में काम कर चुके हैं। ये आंकड़ा इसलिए बड़ा है, क्योंकि आर्यन बाबू की उम्र है महज 11 साल। इस उम्र में ही आर्यन बाबू इस कदर धमाल मचा चुके हैं। आर्यन बाबू ने पवन सिंह और खेसारी लाल यादव जैसे सितारों के साथ काम किया है। उनकी डेब्यू मूवी ही खेसारी लाल यादव के साथ थी। आर्यन बाबू ने महज नौ साल की उम्र में ही फिल्मों में कदम रख दिया था। इससे पहले वो बिहार के बक्सर जिले में रहते हुए गाना गाने का काम करते थे। पांच साल की उम्र में ही वो गायन के क्षेत्र में एक्टिव हो गए थे और फिल्मों का ऑडिशन देना शुरू कर चुके थे। उन्होंने कई फिल्मों में पवन सिंह, दिनेश लाल यादव, चिंटू पांडे, अरविंद अकेला जैसे स्टार्स के साथ काम किया है। कई फिल्मों में उन्हें बड़े स्टार्स के बचपन का किरदार निभाने का मौका मिला।

गर्मियों में स्टाइलिश लुक देंगे लाइफ स्टाइल

सूट इंडियन लेडीज के वॉर्डरोब का एक बहुत जरूरी हिस्सा हैं। डेली वियर के लिए या फिर अगर आप ऑफिस या कॉलेज गोइंग गर्ल हैं, तो कुर्ता सेट से स्टाइलिश और कंफर्टेबल ऑप्शन शायद ही कोई हो। ये देखने में काफी क्लासी भी लगते हैं और अगर इनके साथ ट्रेडिशनल ज्वैलरी जैसे झुमके, चूड़ियां और बिंदी भी कैरी कर लिए जाएं; तो वाकई पूरे लुक में चार चांद लग जाते हैं। अब गर्मियों ने भी दस्तक दे दी है और अपने वॉर्डरोब को समर्स के लिए रेडी करने का टाइम आ गया है। गर्मियों के लिए कॉटन फैब्रिक के कुर्ता सेट एकदम परफेक्ट रहेंगे।

कहीं आप भी तो गलत तरीके से नहीं लगा रहीं लिपस्टिक? अप्लाई करते समय रखें इन बातों का ध्यान

हर लड़की के लिए लिपस्टिक काफी अहम होती है। चाहे लड़कियां कोई अन्य मेकअप न करें, लेकिन लिपस्टिक लगाना हर लड़की के मेकअप रूटीन का अहम हिस्सा होता है। लिपस्टिक जिस तरह से खूबसूरती को बढ़ा देती है, ठीक उसी तरह से कई बार सही तरीके से लिपस्टिक न लगाने के कारण लुक उतना परफेक्ट नहीं आ पाता जितना हम चाहते हैं।

अगर आप भी अपने होंठों पर परफेक्ट और सेलेब्स जैसा फिनिश चाहती हैं, तो कुछ खास लिपस्टिक हैक्स अपनाकर अपने मेकअप गेम को नेक्स्ट लेवल पर ले जा सकती हैं। इसके लिए आपको ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आइए जानते हैं वे आसान और कारगर टिप्स जो आपके होंठों को देंगे खूबसूरत और अट्रैक्टिव लुक।



होंठों को करें तैयार

यदि आप चाहती हैं कि आपकी लिपस्टिक लंबे समय तक टिकी रहे तो लिपस्टिक लगाने से पहले होंठों पर स्क्रब करें ताकि डेड स्किन हट जाए और होंठ स्मूद दिखें। इसके लिए शुगर और शहद का स्क्रब इस्तेमाल कर सकती हैं।

लगाएं लिप बाम

स्क्रब करने के बाद कभी भी अपने होंठों को ऐसे ही न छोड़ें। हमेशा स्क्रब करने के बाद अच्छी क्वालिटी का लिप बाम इस्तेमाल करें। यदि लिप बाम नहीं है तो स्क्रब के बाद नारियल तेल लगाएं ताकि वे हाइड्रेटेड रहें और लिपस्टिक लंबे समय तक टिके।

लिप लाइनर है बेहद जरूरी

लिपस्टिक लगाने से पहले कभी भी लिप लाइनर का इस्तेमाल करना न भूलें। ये होंठों को परफेक्ट शेप देने के साथ-साथ लिपस्टिक को फैलने से भी रोकता है। इसके लिए हमेशा न्यूड या मैचिंग शेड का लाइनर चुनें। ध्यान रखें कि लिप लाइनर ज्यादा बोल्ड न रखें।

ब्रश की मदद लें

सीधे लिपस्टिक लगाने के बजाय लिप ब्रश की मदद से लिपस्टिक अप्लाई करें। इससे लिपस्टिक ज्यादा परफेक्ट लगती है। ब्रश का इस्तेमाल करने से लिपस्टिक लेयर्ड होती है और ज्यादा समय तक टिकती है।

लिपस्टिक लगाने के बाद ब्लॉट करें

लिपस्टिक को लॉन्ग-लास्टिंग बनाने के लिए ब्लॉटिंग टेक्निक अपनाएं। लिपस्टिक लगाने के बाद टिशू पेपर को होंठों के बीच में दबाएं। फिर हल्की सी ट्रांसलूसेंट पाउडर लगाएं और दोबारा लिपस्टिक अप्लाई करें। इससे आपकी लिपस्टिक स्मज-प्रूफ और ट्रांसफर-प्रूफ हो जाएगी।

बोरिग पैंट-पलाजो को दे फैशनबल लुक, ट्राई करें ये लेटेस्ट डिजाइन

फैशन

फैशन की दुनिया में तेजी से बदलाव हो रहा है, और अब रोजमर्रा के कपड़ों में भी कुछ नया और स्टाइलिश जोड़ने का ट्रेंड बन चुका है। अगर आप भी अपने सिंपल पैंट या प्लाजो को खास और स्टाइलिश बनाना चाहती हैं, तो गोटा वर्क इसका बेस्ट सॉल्यूशन हो सकता है। पहले गोटा वर्क सिर्फ पारंपरिक पहनावे तक सीमित था, लेकिन अब यह मॉडर्न फैशन में भी अपनी जगह बना चुका है।

गोटा पट्टी या गोटा वर्क एक खास प्रकार की चमकदार किनारी होती है, जिसे कपड़ों पर सजाकर उन्हें आकर्षक बनाया जाता है। यह वर्क न सिर्फ पारंपरिक, बल्कि कैजुअल और फ्यूजन स्टाइल के कपड़ों में भी बेहद खूबसूरत लगता है। सिंपल पैंट या प्लाजो में गोटा वर्क लगाने से वे न केवल स्टाइलिश दिखते हैं, बल्कि फैशन की दुनिया में अलग पहचान भी बनाते हैं।अगर आप भी अपने बॉटम वियर को नया लुक देना चाहती हैं, तो चलिए आपको कुछ शानदार डिजाइनों के बारे में बताते हैं, जिन्हें आप अपने लिए ट्राई कर सकती हैं।

गोटा से बनाएं वी-पैटर्न डिजाइन : गोटे की मदद से किसी भी प्लेन फैब्रिक को डिजाइनर लुक दिया जा सकता है। कुर्ते के साथ मैच करते हुए किसी भी लेस या गोटे को पायजामे के किनारों पर **V**-शेप में स्टिच करवाएं. यह स्टाइलिश और यूनिक लुक देगा, जो हर तरह के आउटफिट के साथ शानदार लगेगा।

बॉटम वियर डिजाइन : अक्सर कुर्तों के साथ पहने जाने वाले बॉटम वियर प्लेन होते हैं, जिन्हें अधिकांश लड़कियां आसानी से बनवा लेती हैं। लेकिन अब साधारण बॉटम वियर फैशन में खास नहीं रहे। अगर आप अपने बॉटम वियर को ट्रेंडी और फैशनेबल बनाना चाहती हैं, तो गोटा वर्क और लेस की मदद से इसे नया लुक दे सकती हैं। बस अपनी पसंद के कपड़े के साथ मैचिंग गोटा या लेस चुनें और इसे डिजाइन के अनुसार स्टिच करवा लें। इस तरह, एक सिंपल प्लाजो भी बेहद आकर्षक और ट्रेंडी नजर आएगा।

कैसे करें स्टिचिंग : गोटा और लेस को स्टिच करवाने के लिए आपको किसी अच्छे दर्जी या डिजाइनर से कॉन्टैक्ट करना चाहिए। पैंट और प्लाजो के नीचे गोटा या लेस की स्टिचिंग से आपको एक नया और आकर्षक लुक मिलेगा। आप इसे सिल्वर, गोल्डन या किसी रंगीन गोटा के साथ कस्टमाइज भी कर सकती हैं, जिससे यह और भी खूबसूरत लगेगा।

सर्दी खत्म होने के बाद भी नहीं जा रही सिर पर जमा रूसी तो ये नुस्खे आजमाकर देख लें

रूसी सिर की त्वचा पर जमे हुए सूखे स्किन सेल्स के कारण होती है, जो बालों को बेजान और कमजोर बना सकती है। अगर आप भी इस परेशानी से जूझ रहे हैं, तो कुछ घरेलू नुस्खों को अपनाकर इसे जड़ से खत्म कर सकते हैं।

सर्दियों में रूसी की समस्या आम होती है, लेकिन अगर मौसम बदलने के बाद भी सिर पर जमी रूसी बनी हुई है, तो यह परेशानी का कारण बन सकती है। दरअसल, बदलते मौसम में भी लोग रूसी की समस्या से परेशान रहते हैं। रूसी से बाल कमजोर होकर झड़ने लगते हैं और सिर में खुजली भी होने लगती है। अगर आप इस समस्या से छुटकारा पाना चाहते हैं, तो इन घरेलू नुस्खों को आजमा सकते हैं। यहां हम इसको लेकर कुछ आसान नुस्खे बताने जा रहे हैं, जिनके इस्तेमाल से आपको अवश्य राहत मिलेंगी।



नींबू और नारियल तेल

नींबू में मौजूद साइट्रिक एसिड रूसी को खत्म करने में मदद करता है, वहीं नारियल तेल बालों को पोषण देता है। इसके इस्तेमाल के लिए 2 चम्मच नारियल तेल में 1 चम्मच नींबू का रस मिलाएं। हल्के हाथों से सिर की मालिश करें और 30 मिनट बाद शैंपू कर लें। हफ्ते में दो बार इसे इस्तेमाल करें।

एलोवेरा जेल

एलोवेरा में एंटीफंगल और एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, जो रूसी को जड़ से खत्म करने में मदद करते हैं। ताजा एलोवेरा जेल निकालकर सिर की त्वचा पर लगाएं। 20-30 मिनट बाद हल्के शैंपू से धो लें। हफ्ते में तीन बार इसे आजमाएं।

दही और मेथी का पेस्ट

दही में लैक्टिक एसिड होता है, जो स्कैल्प को साफ करता है, जबकि मेथी रूसी हटाने में मदद करती है। इसके इस्तेमाल के लिए रातभर भिगोई हुई मेथी को पीसकर दही में मिलाएं। इस पेस्ट को स्कैल्प पर लगाएं और 40 मिनट बाद धो लें।

ईद पर चाहिए दमकती त्वचा तो फॉलो करें ये स्किन केयर रूटीन, चांद सा मिलेगा निखार

रमजान के महीने के बाद ईद उल फितर का त्योहार मनाया जाता है, जो खुशियों, उमंग और नए कपड़ों के साथ खूबसूरती का त्योहार भी होता है। इस खास मौके पर हर कोई चाहता है कि उसकी त्वचा दमकती और निखरी हुई दिखे। अगर आप भी चाहती हैं कि आपकी स्किन हेल्दी और ग्लोइंग दिखे, तो आपको अपनी स्किन केयर रूटीन पर ध्यान देना होगा। सही देखभाल से आप न सिर्फ अपनी त्वचा को बेहतर बना सकती हैं, बल्कि उसे लंबे समय तक स्वस्थ भी रख सकते हैं। यहां हम आपको एक आसान और असरदार स्किन केयर रूटीन बता रहे हैं, जिसे फॉलो करके आप इस ईद पर चमकती-दमकती त्वचा पा सकती हैं।

क्लींजिंग है जरूरी

दिन में दो बार चेहरे को अच्छी तरह से साफ करना जरूरी होता है। इसके लिए रोज सुबह और रात को सोने से पहले माइल्ड फेस वॉश या क्लींजर का उपयोग करें। इससे सही इस्तेमाल से चेहरे से धूल, गंदगी और एक्स्ट्रा ऑयल निकल जाती है और स्किन फ्रेश महसूस करती है। अगर आपकी त्वचा रूखी है, तो आप दूध और गुलाब जल से भी क्लीनिंग कर सकते हैं।

एक्सफोलिएट अवश्य करें

त्वचा को एक्सफोलिएट करना जरूरी होता है, लेकिन ध्यान रखें कि यदि आप ज्यादा त्वचा एक्सफोलिएट करेंगे तो इससे भी आपको परेशानी हो सकती है। डेड स्किन सेल्स हटाने के लिए हफ्ते में 2-3 बार एक्सफोलिएशन करना बेहद जरूरी है। हल्के स्क्रब का उपयोग करने से त्वचा की ऊपरी परत साफ होती है और अंदर से नेचुरल ग्लो बाहर आता है।

टोनर इस्तेमाल करें

जब भी त्वचा को एक्सफोलिएट करते हैं तो उसके बाद टोनर का इस्तेमाल करना भी जरूरी है, क्योंकि इससे स्किन के पोर्स टाइट होते हैं और स्किन फ्रेश बनी रहती है। गुलाब जल सबसे अच्छा नेचुरल टोनर है, जो आपकी त्वचा को हाइड्रेट और सॉफ्ट बनाए रखता है। अगर आपकी स्किन ऑयली है तो आप नींबू और खीरे के रस का टोनर भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

कार्नर न्यूज अक्सर लोग मेकअप की शुरुआत में ही सबसे पहले फाउंडेशन अपने चेहरे पर थोप लेते हैं

मेकअप के नाम पर सीधे फाउंडेशन तो नहीं थोपतीं आप? बेस से पहले जरूरी हैं ये 5 चीजें

फाउंडेशन लगाने से पहले मेकअप के कुछ महत्वपूर्ण स्टेप्स होते हैं, जो आपकी स्कनि को मेकअप के लिए तैयार करने में मदद करते हैं। पर अक्सर अंजाने में हम इन स्टेप्स को इग्नोर कर देते हैं। जब भी हम मेकअप करते हैं, तो उम्मीद होती है कि आलिया भट्ट या कृति सेनन जैसी हीरोइनों जैसा ही बिल्कुल नेचुरल लुकिंग मेकअप हम कर पाएं। लेकिन, कई बाद मेकअप की सही समझ न होने की वजह से अक्सर लोग मेकअप की शुरुआत में ही सबसे पहले फाउंडेशन अपने चेहरे पर थोप लेते हैं।



स्टेप 1: फेस क्लीनिंग

सबसे पहले अपने चेहरे को एक माइल्ड फेस वॉश से धो लें। इससे त्वचा से धूल-मिट्टी, तेल और पुराने मेकअप के अवशेष निकल जाते हैं। अगर आपकी स्किन ऑयली है, तो ऑयल-फ्री फेस वॉश का उपयोग करें। अगर आपकी स्कनि काफी थकी या डल लगे तो आप एक्सफोलिएशन यानी स्क्रब कर सकती हैं। हालांकि ये ऑप्शनल है। इससे त्वचा स्मूद और ग्लोइंग बनती है, जिससे फाउंडेशन अच्छे से ब्लेंड होता है।

स्टेप 2: टोनर लगाएं

स्किन के क्लींज और साफ करने के बाद सीधे मॉइश्चराइजर लगाने के बजाए आपको टोनर लगाना चाहिए। टोनर लगाने से त्वचा का पीएस बैलेंस सही रहता है और पोर्स टाइट होते हैं। ऑयली स्किन वालों के लिए विच हेजल या ग्रीन टी बेस्ड टोनर अच्छा रहेगा। जबकि ड्राई स्किन होने पर आपको हाइड्रेटिंग टोनर इस्तेमाल करना चाहिए।

स्टेप 3: मॉइस्चराइजर

अगर आप एक्ट्रेसेस जैसे स्मूद और नेचुरल मेकअप चाहते हैं तो आपको मेकअप से पहले स्किन प्रैप अच्छे से करना चाहिए। मेकअप में फाउंडेशन के स्टेज तक पहुंचने से पहले सबसे जरूरी स्टेप है मॉइश्चराइजिंग, क्योंकि मॉइस्चराइजर मेकअप को स्मूद बेस देने में मदद करता है। ऑयली स्किन के लिए जेल-बेस्ड या ऑयल-फ्री मॉइस्चराइजर चुनें। वहीं, ड्राई स्किन के लिए हाइड्रेटिंग या क्रीम-बेस्ड मॉइस्चराइजर सही रहेगा. सेंसस्टिव स्किन के लिए फ्रेगरेंस-फ्री मॉइस्चराइजर चुनें। साथ ही अगर आप दिन में मेकअप लगा रहे हैं तो त्वचा पर एसपीएफ 30 या उससे ज्यादा वाला सनस्क्रीन जरूर लगाएं।

स्टेप 4: प्राइमर लगाएं

अक्सर लोग इस जरूरी स्टैप को मिस कर देते हैं, पर अच्छे मेकअप की शुरुआत प्राइमर से होती है। प्राइमर लगाने से मेकअप लंबे समय तक टिका रहता है। यह त्वचा को स्मूद और पोरलेस लुक देता है। ऑयली स्किन के लिए मैटिफाइंग प्राइमर और ड्राई स्किन के लिए हाइड्रेटिंग प्राइमर चुनें. पोर ब्लरिंग प्राइमर से ओपन पोर्स को कम किया जा सकता है।

स्टेप 5: करेक्टर लगाएं

ये एक ऑप्शनल पर जरूरी स्टेप है। डार्क सर्कल, रेडनेस या दाग-धब्बे छुपाने के लिए कलर करेक्टर का उपयोग जरूर करें।